Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृतमार्गोपदेशिका

मूल लेखक :
अध्यापक बेचरदास जीवराज दोशी

हिन्दी में अनुवादिका
पं० साध्वी श्री सुव्रताजी
शिष्या
पं० साध्वी श्रीमृगावतीजी
शिष्या
स्व० साध्वी श्रीशीलवतीजी
श्री विजयवल्लभसूरि जी की
आज्ञानुवर्तिनी

प्रकाशक :
मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :
श्री सुन्दरलाल जैन,
मोतीलाल बनारसीदास
चौक, वाराणसी
बेंग्लो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली-७
अशोक राजपथ, पटना

हिन्दी प्रथम संस्करण

ईस्वी सन्—१९६८
विक्रम वर्ष—२०२५
वीर संवत्—२४९५
मूल्य—१०.००

मुद्रक :
केशव मुद्रणालय
पाण्डेयपुर पिसनहरिया, वाराणसी कैण्ट।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जन्म वर्ष—विक्रम संवत् १९५० पौष शु. दि. ११।

जन्मस्थल—राणपरडा (चीतल–काठियावाड)।

निर्वाण वर्ष—विक्रम सवत् २०२४ महा व. दि. ४ शनिवार।

निर्वाणस्थल—बम्बई–श्री महावीर स्वामी देरासर, पायधुनी।

सर्व आयु—७४ वर्ष।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यथा नाम तथा गुणों से विभूषित मेरी मातामही

गुरुणीजी श्री स्व० श्री शीलवती जी

महाराज के चरणकमलों में

अनुगामिनी

प्रशिष्या

सुव्रता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तावना

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के अध्ययन में प्राकृत का अध्ययन संस्कृत जैसा ही अपरिहार्य है। प्राकृत के अध्ययन के बिना आधुनिक आर्य भाषाओं की चर्चा पूर्ण नहीं हो पाती; इसलिए संस्कृत के साथ ही साथ मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं जैसे पालि, विभिन्न प्रकार की प्राकृत तथा अपभ्रंश का अवश्य अध्ययन किया जाना चाहिए। पालि की चर्चा भारतवर्ष में कई शतकों से लुप्त हो गई थी, लेकिन आजकल भारत में पालि के अध्ययन की व्यवस्था प्रारम्भ हो गई है। कलकत्ता विश्वविद्यालय इस विषय में पथ-प्रदर्शक बना था। अब पालि की चर्चा भारत के अन्य विश्वविद्यालयों में पूर्णतया चालू हो गई है। पालि के मुख्य ग्रंथों के नागरी-लिपि में संस्करण निकल गये हैं और हिन्दी में पालि के लिए विशेष उपयोगी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; जैसे आनन्द कौसल्यायन जी की पुस्तकें और श्री लक्ष्मीनारायण तिवारी की पुस्तकें।

परन्तु हिन्दी संसार में प्राकृतों की चर्चा प्रायः उतनी नहीं फैल पाई है। इसका एक मुख्य कारण यह था कि पालि जैसी ही प्राकृत की आलोचना भी हिन्दी भाषियों में प्रायः बन्द हो गई थी। संस्कृत नाटकों के अध्ययन के समय प्राकृत के अध्ययन की कुछ आवश्यकता अवश्य पड़ती थी परन्तु हमारे संस्कृत के विद्वान् केवल संस्कृत छाया के सहारे किसी प्रकार काम चला लेते थे। प्राकृत का गम्भीर अध्ययन कहीं भी नहीं दिखाई पड़ता था। इसका एक अन्य कारण यह भी है कि पंजाब और राजस्थान को छोड़कर अन्य हिन्दी भाषी प्रदेशों में ऐसे जैन लोग संख्या में बहुत कम हैं जिनकी धार्मिक भाषा प्राकृत मानी जाती है; परन्तु राजस्थान तथा गुजरात में जैन लोग संख्या में गरिष्ठ न हों, परन्तु भूयिष्ठ हैं और इनमें जैन यति और मुनि तथा अन्य विद्वान् बहुत संख्या में मिलते हैं, जो अपने धार्मिक विचार और शास्त्राध्ययन में निरन्तर व्यापृत रहते हैं और इन विषयों में जैसे प्राकृत धार्मिक तथा साहित्यिक ग्रंथों के संशोधन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और प्रकाशन में संलग्न रहते हैं और प्राकृत भाषा के व्याकरण की महत्त्वपूर्ण रचनाएँ प्रकाशित कराते हैं। इन विषयों में गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के जैन पण्डितों की देन अपरिसीम है।

प्राकृत भाषा, विशेषकर अर्द्धमागधी, संस्कृत और पालिके साथ ही साथ एक मुख्य प्राचीन भाषा के रूप में छात्रों के अध्ययन के लिए नियत की गई थी, इसलिए प्राकृत के प्राध्यापकों ने अंग्रेजी में दो-चार अच्छी पुस्तकें प्रकाशित की थी। इसके अतिरिक्त गुजराती में जो मौलिक विचार के साथ ग्रंथ निकलते जाते हैं वे गुजरात के बाहर लोगों को दृष्टिगोचर नहीं होते।

हमारे श्रद्धास्पद मित्र पण्डित बेचरदास जीवराज दोशी गुजरात के प्रमुख भाषातात्त्विकों में गिने जाते हैं। आप गुजराती, संस्कृत, प्राकृत, मराठी, हिन्दी प्रभृति भाषाओं के प्रकाण्ड पण्डित हैं। गुजराती में आपने बहुत वर्ष पहले "गुजराती भाषा नी उत्क्रान्ति" नामक एक भाषाशास्त्रानुगत विचारपूर्ण ग्रन्थ लिखा था। मुझे इनके साथ परिचित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और जब उनसे मेरा पहला साक्षात्कार हुआ तभी से मैं उनका गुणग्राही रहा हूँ और उनके साथ पत्र-व्यवहार करता आया हूँ। "पुत्रे तोये यशसि च नराणाम् पुण्य-लक्षणम्" यह शास्त्रवचन इनके लिए सार्थक बना है। आप के सुपुत्र चिरंजीव प्रबोध ने अपने पिता के द्वारा अनुसृत वाक्तत्त्व विद्या को अपनाया है और इस विद्या में अनन्य साधारण योग्यता दिखाई है। जब श्री प्रबोधजी पूना के डेकन कॉलेज के भाषातत्त्व विभाग में अध्ययन, गवेषणा और अध्यापन करते थे उसी समय से उनसे मेरा गहरा परिचय रहा है। बाद में वे अमरीका जाकर आधुनिक अमरीकी शैली में पूर्ण रूप से निष्णात बन कर लौट आये और आजकल दिल्ली विश्वविद्यालय में भाषातत्त्व के मुख्याध्यापक नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकार पिता की परम्परा पुत्र ने सुरक्षित रक्खी है।

प्रस्तुत पुस्तक श्रीमान् दोशीजी की गुजराती पुस्तक का हिन्दी अनुवाद है। इसके द्वारा हिन्दी संसार तथा छात्र-समाज का एक अभाव दूर हुआ। इसमें प्राकृत भाषा का साधारण विचार भली भाँति किया गया है और विभिन्न

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृतों का वैशिष्ट्य दिखाया गया है। जैसे, उन्होंने लिखा है—"प्रस्तुत पुस्तक में प्राकृत, पालि, शौरसेनी, मागधी, पैशाची तथा चूलिकापैशाची और अपभ्रंश भाषा के व्याकरण का समावेश किया गया है, अतः प्राकृत भाषा से उक्त सभी भाषाएँ समझनी चाहिए।" ऐसे इस पुस्तक को पिशेल के बृहत् प्राकृत व्याकरण* (जो जर्मन भाषा में लिखित इस विषय का सबसे प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है) का एक गुटका संस्करण कहा जाय तो अत्युक्ति नहीं होगी।

मेरे विचार में इस पुस्तक का प्रकाशन हिन्दी का महत्त्व बढ़ायेगा और हिन्दीभाषी इससे प्रचुर लाभ उठा सकेंगे और ग्रन्थकर्ता के आभारी रहेंगे। इस काम के लिए वाक्तत्त्वविद्या के एक अनुरागी की हैसियत से मैं भी पंडित बेचरदासजी का आभारी हूँ। आशा है कि आप भविष्य में ऐसे और भी उपयोगी ग्रन्थ या निबंध प्रकाशित कराकर देश में शिक्षा और ज्ञान फैलाने के काम में लगे रहेंगे और इसलिए हम सब उनके स्वस्थ दीर्घायुष्य की कामना करते हैं।

राष्ट्रीय ग्रन्थालय

कलकत्ता

वैशाखी पूर्णिमा (बुद्ध पूर्णिमा)

१२ मई १९६८

सुनीति कुमार चाटुर्ज्या

---

* पिशेल के जर्मन ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद डा० सुभद्र झा ने किया है और इसका हिन्दी अनुवाद डॉ० हेमचन्द्र जोशी ने।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूल लेखक के दो शब्द

बनारस श्री यशोविजय जैन संस्कृत पाठशाला में जब मैं पढ़ रहा था तब की यह बात है अर्थात् आज से करीब ६० बरस पहले की बात है अतः थोड़े विस्तार से कहने की जरूरत महसूस होती है।

स्व० श्री विजयधर्मसूरिजी ने बड़े कड़े परिश्रम से उक्त संस्था काशी में स्थापित की थी। उसमें डॉ० पंडित सुखलालजी, पाइअसद्दमहण्णवो नामक प्राकृत शब्दकोश के रचयिता मेरे सहाध्यायी मित्र स्व० पं० हरगोविंददासजी सेठ और मैं उसी पाठशाला में पढते थे।

शुरू में मैंने आचार्य हेमचंद्ररचित सिद्धहेमशब्दानुशासन लघुवृत्ति को पढ़ा, बाद में उसी व्याकरण की बृहद्वृत्ति को। उस व्याकरण में सात अध्याय तो केवल संस्कृत भाषा के व्याकरणसंबंधी है, आठवाँ अध्याय मात्र प्राकृत भाषा के व्याकरण का है। सात अध्याय पढ़ चुकने के बाद मेरा विचार आठवाँ अध्याय को पढ़ने का हुआ। आठवाँ अध्याय को वहाँ कोई पढ़ाने वाला न था अतः उसके लिए मैं ही अपना अध्यापक बना। जब आठवाँ अध्याय को पढ़ रहा था तब ऐसा अनुभव हुआ कि कोई विशिष्ट कठिन परिश्रम किये बिना ही आठवाँ अध्याय मेरे हस्तगत और कंठाग्र हो गया, फिर तो काशी में ही कई छात्रों को तथा मुनियों को भी उसे भली भांति पढ़ा भी दिया और प्राकृत भाषा मेरे लिए मातृभाषा के समान हो गई।

उन दिनों में संस्कृत को सरलता से पढ़ने के लिए स्व० रामकृष्णगोपाल भाण्डारकर महाशय ने संस्कृत मार्गोपदेशिका अंग्रेजी में बनाई थी। उसका गुजराती अनुवाद गुजरात की पाठशालाओं में चलता था। संस्कृत का प्राथमिक अध्ययन मैंने भी इसी पुस्तक द्वारा किया था। इससे मुझे ऐसा विचार आया कि संस्कृत मार्गोपदेशिका की तरह इसी शैली में प्राकृत मार्गोपदेशिका क्यों न

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बनाई जाय ? इस काम को मैंने हाथ पर लिया और तीन-चार महिने में गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका की एक पांडुलिपि तैयार कर दी।

फिर पाठशाला के व्यवस्थापकों ने उस पांडुलिपि को प्रकाश में लाने का निर्णय किया तब मैंने उसको संशोधित करके समुचित रूप से ठीक-ठीक तैयार कर दी, बनारस से प्रकाशित प्राकृत मार्गोपदेशिका के संस्करण में ही मैंने अन्त में सूचित किया है कि विक्रम संवत् १९६७, ज्येष्ठ मास, पूर्णिमा, शुक्रवार के दिन यह पुस्तक संपन्न हो गया। इस प्रकाशन की प्रस्तावना में भी वीर संवत् २४३७ मैंने लिखा है अतः आज से करीब ५६-५७ वर्ष पहले यह प्रथम प्रकाशन हुआ।

प्राकृत भाषा को गुजराती भाषा द्वारा सीखने का सबसे यह प्रथम साधन तैयार कर सका इस हेतु मुझे प्रसन्नता हुई थी। यह प्रथम प्रकाशन मेरी विद्यार्थी अवस्था की कृति है और सबसे प्रथम मौलिक कृति है। इसमें कहीं भी संस्कृत भाषा का आश्रय नहीं लिया गया था। इसी प्रकाशन की दूसरी आवृत्ति यशोविजय जैन ग्रंथमाला के व्यवस्थापकों ने की है ऐसा मुझे स्मरण है। प्रथम और दूसरे प्रकाशन में कोई भेद नहीं है। गुजरात देश की जैन पाठशालाओं में इसका उपयोग होता है तथा कई साधु-साध्वी भी इसे पढ़ते रहे।

बाद में जब मैंने न्यायतीर्थ और व्याकरणतीर्थ परीक्षा पास की तथा पालि भाषा में भी पंडित की परीक्षा लंका (कोलंबो) जाकर लंका के विद्योदय कालेज से पास की और संशोधन-संपादन इत्यादि व्यावसायिक प्रवृत्ति में लगा तब गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका का नया संस्करण करने का प्रयत्न किया। उसमें संस्कृत भाषा का तुलनात्मक दृष्टि से पूरा उपयोग किया और नये संस्करणों में उत्तरोत्तर विशेष-विशेष परिवर्तन करता गया। गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका के कुल पांच संस्करण आज तक प्रकाशित हुए हैं। ये सब संस्करण अहमदाबाद के गुर्जर ग्रंथरत्न कार्यालय के मालिकों और मेरे मित्र स्व० श्री शंभूलाल भाई तथा उनके बंधु स्व० श्री गोविंदलाल भाई ने किये हैं, उसमें संस्कृत भाषा के उपयोग के उपरांत पालि भाषा के तथा शौरसेनी, मागधी वगैरह प्राचीन प्राकृत भाषा के नियमों का भी तुलनात्मक दृष्टि से यथास्थान निर्देश किया है तथा आचार्य हेमचंद्र के व्याकरण के सूत्रांक भी नियमों को समझने के लिए टिप्पण में दे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दिये हैं तथा पालि भाषा के नियमों को दिखाने के लिए सर्वत्र स्व० आचार्य श्री विधुशेखर भट्टाचार्यजी रचित पालिप्रकाश का ठीक ठीक उपयोग किया है।

प्रस्तुत हिन्दी संस्करण में भी प्राकृत, पालि, शौरसेनी, मागधी, पैशाची तथा अपभ्रंश के पूरे नियम बताकर संस्कृत के साथ तुलनात्मक दृष्टि से विशेष परामर्श किया है और वेदों की भाषा, प्राकृतभाषा तथा संस्कृतभाषा—इन तिनों भाषाओं का शब्द समूह कितना अधिक समान है इस बात को यथास्थान दिखाने का भरसक प्रयास किया है तथा पृ० ११० से १३७ तक का जो खास संदर्भ दिया है वह भी उक्त तीनों भाषाओं की पारस्परिक समानता का ही पूरा सूचक है।

गुजराती प्राकृतमार्गोपदेशिका का यह हिन्दी संस्करण कैसे हुआ? यह इतिहास भी रोचक होने से संक्षेप में निर्देश कर देता हूँ:—

करीब छः वर्ष पहले पं० साध्वी श्री मृगावतीजी (जो अभी बंबई में विशिष्ट व्याख्यात्री के रूप में सुविश्रुत है) मेरे पास ही पढ़ने के लिए दिल्ली से अमदाबाद में आई। वह और उनकी शिष्या श्री सुव्रताजी मेरे पास करीब दो-अढाई वर्ष पढ़ती रहीं। जैनागम, तर्क के उपरांत प्राकृत व्याकरण भी पढ़ने का प्रसंग आया था। अमदाबाद में उनकी (श्री मृगावतीजी की) जन्म-माता तथा गुरुणी श्री शीलवतीजी तथा सहधर्मिणी साध्वी सुज्येष्ठाजी भी साथ में आई थीं। ये दोनों सरल प्रकृति तथा धर्म विचार की बड़ी जिज्ञासु रही। अवसर पाकर मैंने श्री मृगावतीजी से निवेदन किया कि गुजराती प्राकृत मार्गोपदेशिका का हिन्दी अनुवाद श्री सुव्रताजी कर देवें यही मेरी नम्र प्रार्थना है, सौभाग्यवश मेरी प्रार्थना उन्होंने स्वीकृत कर ली और यह हिन्दी अनुवाद तैयार भी हो गया।

अनुवाद तो हो गया पर प्रकाशक भी मिले तभी अनुवाद का साफल्य हो, दिल्लीवाले मोतीलाल बनारसीदास एक सुविख्यात पुस्तक प्रकाशक है और खास करके प्राच्यविद्या के ग्रन्थों के प्रकाशक हैं। वे श्री मृगावतीजी के गुणानुरागी श्रावक हैं। मेरा प्रथम परिचय उनसे वहीं पर श्री मृगावतीजी के निमित्त से हुआ और मेरा भी उनसे संपर्क हो गया, उक्त फर्म के प्रतिनिधि भाई श्री सुन्दर-लालजी को मैंने सूचित किया कि इस हिन्दी प्राकृतमार्गोपदेशिका को आप क्यों

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न प्रकाशित करें ? मेरी बात को उन्होंने मानली और इस हिन्दी प्राकृतमार्गोपदेशिका का प्रस्तुत संस्करण प्राकृतभाषा के अभ्यासी सज्जनों के करकमलों में रखने का मेरा मनोरथ पूर्ण हुआ।

मेरा निवास अहमदाबाद में, पुस्तक के मुद्रण-प्रवृत्ति का केन्द्र काशी। शुरू शुरू में तो दूसरे फारम से दो-चार फारम अहमदाबाद मगाये गये पर प्रूफ को जाने-आने में अधिक समय लगता रहा और कार्य में भी विलंब होने लगा। फिर तो काशी के पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध-संस्थान (जैनाश्रम) के कार्यकर्ता (शोध-सहायक) भाई कपिलदेव गिरिजी को इसके संशोधन का भार सौंपा गया सो उन्होंने बड़े परिश्रम से निबाहा। एतदर्थ वे भाई धन्यवाद के विशेष अधिकारी हैं। अनुवादिका श्रीसुव्रताजी भी धन्यवाद के योग्य हैं। और श्रीमृगावतीजी तथा भाई श्री सुन्दरलालजी का सहयोग न होता तो यह कार्य बन ही नहीं सकता अतः उन दोनों का भी नामस्मरण विशेष आभार के साथ कर रहा हूँ।

इस छोटी-सी पुस्तक की प्रस्तावना हमारे स्नेही मित्र गुणानुरागी डा० श्री सुनीतिकुमार चटर्जी (नेशनल प्रोफेसर—कलकत्ता) ने हिन्दी में ही लिख देने की महती कृपा की है। उनका आदरपूर्वक नामस्मरण करता हुआ इसके लिए उन्हें विशेष धन्यवाद देता हूँ।

मेरे बड़े पुत्र डा० भाई प्रबोध पंडित का भी इस प्रस्तावना लिखवाने में बड़ा सहयोग रहा है अतः भाई प्रबोध का भी नामस्मरण करना आवश्यक समझता हूँ।

पालिप्रकाश का इसमें विशेष उपयोग किया गया है अतः उसके प्रणेता और मेरे मित्र स्व० श्री विधुशेखर भट्टाचार्यजी का अनुगृहीत हूँ।

पुस्तक के अन्त में शब्दकोश तथा विशेष शब्दों की सूची भाई कपिलदेव गिरिजी ने तैयार कर दी है और इस सारे काम को उन्होंने बड़े प्रयत्न से पार पहुँचाया है अतः इनका नाम फिर-फिर स्मरण में आ रहा है।

शुरू में शुद्धिपत्रक, अनुक्रमणिका तथा निर्दिष्ट संकेतों की सूची दे दी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेरी आंख अच्छी नहीं, काशी और अहमदाबाद में काफी दूरी, अतः इसमें बहुतसी गलतियाँ रह गयी होगी, अभ्यासीगण इनको सुधार करके पढ़ेंगे और कष्ट के लिए मुझे क्षमा प्रदान करेंगे।

मेरे मित्र और पाटण (उत्तर गुजरात) आर्टकालेज के अर्द्धमागधी के प्रधान अध्यापक भाई कानजीभाई मंछाराम पटेल एम० ए० ने ही शुद्धिपत्रक वगैरह तैयार कर दिया है अतः उनका भी नामस्मरण सस्नेह कर देता हूँ।

हिन्दी भाषा द्वारा प्राकृतभाषा को पढ़ने का यह एक विशिष्ट साधन तैयार करके प्राकृतभाषा के अध्यापक तथा छात्रों के सामने सविनय रख रहा हूँ। यदि सुधी पाठक इसका उपयोग करके मुझे उत्साहित करेंगे और देश में प्राकृतभाषा के अभ्यास को इससे थोड़ी-बहुत सहायता मिलेगी तो मेरा और अनुवादिका का परिश्रम सफल समझा जायेगा।

अन्त में, इस संस्करण के संबन्ध में जो कुछ सूचना या सुझाव देने हों तो मुझे नीचे के पते पर भेजने की कृपा करें यही मेरी प्रार्थना अध्यापक तथा विद्यार्थिबन्धुओं से है।

शिवमस्तु सर्वजगतः

बेचरदास दोशी

रिसर्च प्रोफेसर ला० द० भारतीय
संस्कृति विद्यामंदिर—
—स्कूल ओफ इंडोलोजी
अमदाबाद ९

१२।ब, भारतीनिवास
सोसायटी
अमदाबाद ६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

	पृष्ठ
अक्षर-परिवर्तन	१–१३७
वर्णविज्ञान	१
शब्दविभाग	७
स्वरों का सामान्य परिवर्तन	१०
,, ,, विशेष ,,	१७
असंयुक्त व्यञ्जन का सामान्य परिवर्तन	३२
,, ,, विशेष ,,	४४
संयुक्त व्यञ्जन का सामान्य परिवर्तन	५६
,, ,, विशेष ,,	७५
शब्दों में विशेष परिवर्तन	८२
शब्दों में सर्वथा परिवर्तन	८३
आगम	८६
लिंगविचार	८९
सन्धि	९२
समास	१००
वैदिक तथा लौकिक संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत भाषा की तुलना	१११–१३६
एक दूसरी स्पष्टता	१३६
पाठमाला विभाग	१३८–३९४
पहला पाठ—वर्तमान काल	१३८
दूसरा पाठ— ,,	१४४
तीसरा पाठ— ,,	१४९
चौथा पाठ—अस् धातु	१५३
पाँचवाँ पाठ तथा सार और प्रश्न	१५६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपसर्ग—	१६२
छठा पाठ—अकारान्त शब्द के रूप (पुंलिङ्ग)	१६८
सातवाँ पाठ—अकारान्त शब्द के रूप (नपुंसकलिङ्ग)	१७८
आठवाँ पाठ—शब्द	१८६
नवाँ पाठ—अकारान्त सर्वादि शब्द (पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग)	१६३
दसवाँ पाठ—तुम्ह, अम्ह, इम और एअ के रूप	२०५
ग्यारहवाँ पाठ—भूतकालिक प्रत्यय	२१६
बारहवाँ पाठ—इकारान्त और उकारान्त पुंलिङ्ग शब्द	२३१
तेरहवाँ पाठ—भविष्यत्कालिक प्रत्यय	२४८
चौदहवाँ पाठ—भविष्यत्काल	२६२
पन्द्रहवाँ पाठ—ऋकारान्त शब्द	२७३
सोलहवाँ पाठ—विध्यर्थ और आज्ञार्थक प्रत्यय	२८६
सत्रहवाँ पाठ—विध्यर्थ	२९६
अठारहवाँ पाठ—आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द (स्त्रीलिङ्ग)	३०१
उन्नीसवाँ पाठ—प्रेरक प्रत्यय के भेद	३१९
बीसवाँ पाठ—भावे तथा कर्मणि प्रयोग के प्रत्यय	३३०
इक्कीसवाँ पाठ—व्यञ्जनान्त शब्द	३४३
बाईसवाँ पाठ—कुछ नामधातुएँ	३५९
तेईसवाँ पाठ—विध्यर्थ कृदन्त के उदाहरण	३६९
चौबीसवाँ पाठ—वर्तमान कृदन्त	३७२
पच्चीसवाँ पाठ—संख्यावाचक शब्द	३७६
छब्बीसवाँ पाठ—भूत कृदन्त	३८७
प्राकृत शब्दों की सूची	१–७५
विशेष शब्दों की सूची	७६–८०
(१) शुद्धि-पत्रक	८१
(२) शब्दकोश का शुद्धि-पत्रक	९१
(३) विशेष शब्दों की सूची का शुद्धि-पत्रक	९४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेतों का स्पष्टीकरण

संकेत :—

धा०=धातु

अप०=अपभ्रंश

क्रि० क्रिया०=क्रियापद्

सं०=संस्कृत

शौ०=शौरसेनी

वै०=वैदिक

सं० भू० कृ०, सं० कृ०=सम्बन्धक भूत कृदन्त

मा०=मागधी

पै०=पैशाची

ना० धा०=नामधातु

गुज०=गुजराती

टि०=टिप्पण

चू०=चूलिका

प्रा०=प्राकृत

हे० प्रा० व्या०=हेमचन्द्र प्राकृत व्याकरण

पा० प्र०=पालिप्रकाश

नि०=नियम

पृ०=पृष्ठ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

। पितरौ वन्दे ।

प्राकृतमार्गोपदेशिका

(अक्षरपरिवर्तन-व्याकरणविभाग)

वर्णविज्ञान

[1]प्राकृत-भाषा में प्रयुक्त होनेवाले स्वरों और व्यञ्जनों का परिचय इस प्रकार है :—

स्वर		उच्चारण-स्थान
ह्रस्व	दीर्घ	
अ	आ	कण्ठ—गला
इ	ई	तालु—तालु
उ	ऊ	ओष्ठ—होठ
ए[2]	ए	कण्ठ तथा तालु
ओ	ओ	कण्ठ तथा ओष्ठ-होठ

१. प्रस्तुत पुस्तक में प्राकृत, पालि, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, तथा चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषा के व्याकरण का समावेश किया गया है अतः प्राकृत भाषा से उक्त सभी भाषाएँ समझनी चाहिए।

२. एक्क, तेल्ल आदि शब्दों का 'ए' और सोत्त, तोत्त आदि शब्दों का 'ओ' ह्रस्व है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१. प्राकृत-भाषा में स्वरों का प्लुत-उच्चारण नहीं होता है।

२. ऋ[1] तथा लृ स्वर का प्रयोग नहीं होता है।

३. ऐ[2] तथा औ स्वर का प्रयोग नहीं होता है।

व्यञ्जन		उच्चारण-स्थान
क् ख् ग् घ् ङ्	(क वर्ग)	कण्ठ
च् छ् ज् झ् ञ्	(च वर्ग)	तालु
ट् ठ् ड् ढ् ण्	(ट वर्ग)	मूर्धा
त् थ् द् ध् न्	(त वर्ग)	दन्त—दाँत
प् फ् ब् भ् म्	(प वर्ग)	ओष्ट—होठ
अन्तस्थ—अर्धस्वर	य्	तालु
	र्	मूर्धा
	ल्	दन्त
	व्	दन्त ओष्ठ
	स्	दन्त
	ह्	कण्ठ
य् ल् व् ङ् ञ् ण् न् म्		नासिका

४. प्राकृत-भाषा में कोई भी व्यञ्जन स्वर के बिना क् च् ट् त् प् रूप से अकेला प्रयुक्त नहीं होता। जो व्यञ्जन समान-वर्ग अथवा

---

१. अपभ्रंश-प्राकृत में 'ऋ' स्वर का उपयोग होता है। जैसे; तृण, सुकृत आदि।

२. केवल 'अयि' अव्यय के स्थान पर ही 'ऐ' का प्रयोग होता है। याने 'ए' सम्भावना अथवा कोमल सम्बोधन का सूचक है (हे० प्रा० व्या० ८।१।१६९।)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समान आकार के होते हैं, वे बिना स्वर के भी संयुक्त रूप से प्रयुक्त होते हैं। समान वर्ग, जैसे :—चक्क, वच्छ, वट्ट, तत्त, पुप्फ, अङ्क, कञ्जा[1] मञ्ज, कण्ठ, तन्तु, चम्पग आदि। समान आकार, जैसे :—अय्य[2], कल्लाण, सव्व, सिस्स इत्यादि।

५. किसी भी प्रयोग में अकेला स्वर सहित ङ अथवा दोहरा (संयुक्त) 'ङ्ङ' प्रयुक्त नहीं होता।

६. सामान्यतः क्य, त्र, प्ल, क्त्र, स्त्र ऐसे विजातीय संयुक्त व्यञ्जन प्राकृत भाषा में प्रयुक्त नहीं होते। लेकिन अपवादरूप से कुछ विजातीय-संयुक्त व्यञ्जन प्राकृत-अपभ्रंश, पालि और मागधी भाषा में प्रयुक्त होते हैं। इसके विषय में उदाहरण-सहित निर्देश व्यञ्जनविकार के प्रकरण में दिये गये हैं।

७. प्राकृत भाषा में श तथा ष और विसर्ग का प्रयोग बिलकुल नहीं है।

८. 'ळ' व्यञ्जन का प्रयोग पालि तथा पैशाची भाषा में प्रचलित है।

९. संस्कृत के किस संयुक्त अक्षर के स्थान पर प्राकृत में साधारणतः कौन-सा अक्षर प्रयुक्त होता है। उदाहरणों सहित उनका प्रयोग इस प्रकार है—

(१) त्क, क्त, क्य, क्र, र्क, ल्क, क्ल और क्व के स्थान पर शब्द के

---

१. शब्द के अन्दर 'ञ्ञ' का प्रयोग पालि, मागधी और पैशाची भाषा में प्रचलित है।

२. अय्य (आर्य) शब्द केवल शौरसेनी और मागधी में ही प्रयुक्त होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्दर डबल 'क्क' का और शब्द[1] के आदि में 'क' का प्रयोग होता है। जैसे :—उत्कण्ठा—उक्कण्ठा, मुक्त—मुक्क, वाक्य—वक्क, चक्र—चक्क, तर्क—तक्क, उल्का—उक्का, विक्लव—विक्कव, पक्व—पक्क, क्वचित्—कच्चि, क्वणति—कणति।

(२) त्ख, ख्य, क्ष, त्क्ष, क्ष्य, ष्क, स्क, स्ख, :ख के बदले क्ख तथा ख होता है। जैसे:—उत्खण्डित—उक्खण्डिअ, व्याख्यान—वक्खाण, क्षय—खय, क्षण—खण, अक्षि—अक्खि, उत्क्षिप्त—उक्खित्त, लक्ष्य—लक्ख, शुष्क—सुक्ख, आस्कन्दति—अक्खंदइ, स्कन्द—खंद, स्खलित—खलिअ, स्खलन—खलण, स्खलति—खलइ, दुःख—दुक्ख।

(३) ड्ग, ग्ण, द्ग, ग्न, ग्म, ग्य, ग्र, र्ग, ल्ग के बदले ग्ग तथा ग का प्रयोग होता है। जैसे :—खड्ग—खग्ग, रुग्ण—रुग्ग, अथवा लुग्ग, मुद्ग—मुग्ग, नग्न—नग्ग, युग्म—जुग्ग, योग्य—जुग्ग, अग्र—अग्ग, ग्रास—गास, ग्रसते—गसते, वर्ग—वग्ग, वल्गा—वग्गा।

(४) द्घ, घ्न, घ्र, र्घ, के स्थान में ग्घ तथा घ होता है। जैसे :—उद्घाटित—उग्घाडिअ, विघ्न—विग्घ, शीघ्रम्—सिग्घं, घ्राण—घाण, अर्घ—अग्घ।

(५) च्य, र्च, श्च, त्य के स्थान पर च्च तथा च होता है। जैसे :—अच्युत—अच्चुअ, च्युत—चुअ, अर्चा—अच्चा, निश्चल—निच्चल, सत्य—सच्च, त्याग—चाय, त्यजति—चयइ।

(६) र्छ, छ्र, क्ष, त्क्ष, क्ष्म, त्स, थ्य, त्स्य, प्स, श्च के स्थान में च्छ तथा छ होता है। जैसे:—मूर्छा—मुच्छा, कृच्छ्र—किच्छ, क्षेत्र—छेत्त,

---

१. यहाँ (इस विभाग में) दिये गये सभी उदाहरणों में डबल क्क, क्ख, ग्ग, ग्घ, आदि अक्षरों के प्रयोग के विषय में जो कहा गया है, उनका उपयोग शब्द के अन्दर करना चाहिए और जो इकहरा क, ख, ग, आदि कहा है उसका उपयोग शब्द के आदि में करना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अक्षि—अच्छि, उत्क्षिप्त—उच्छित्त, लक्ष्मी—लच्छी, क्षमा—छमा, वत्स—वच्छ, मिथ्या—मिच्छा, मत्स्य—मच्छ, लिप्सा—लिच्छा, आश्चर्य—अच्छेर।

(७) ब्ज, ज्ञ, ज्र, र्ज, ज्व, द्य, र्य, य्य के स्थान में ज्ज तथा ज होता है। जैसे :—कुब्ज—खुज्ज, सर्वज्ञ—सव्वज्ज, वज्र-वज्ज, वर्ज्य-वज्ज, गर्जति—गज्जइ, प्रज्वलित—पज्जलित, ज्वलित—जलिअ, विद्या—विज्जा, कार्य—कज्ज, शय्या—सेज्जा।

(८) ध्य, ध्व, ह्य, के स्थान में ज्झ तथा झ होता है। जैसे :—मध्य—मज्झ, साध्य—सज्झ, ध्यान—झाण, ध्यायति—झायइ, साध्वस-सज्झस, बाह्य—बज्झ, सह्य—सज्झ।

(९) र्त के स्थान में ट्ट होता है। जैसे :—नर्तकी—नट्टई।

(१०) ष्ट, ष्ठ, स्थ, स्त, के स्थान में ट्ठ तथा ठ होता है। जैसे :—दृष्टि—दिट्ठि, गोष्ठी—गोट्ठी, अस्थि—अट्ठि, स्थित—ठिअ, स्तम्भ—ठंभ,।

(११) र्त तथा र्द के स्थान में ड्ड होता है। जैसे :—गर्त—गड्ड, गर्दभ—गड्डह।

(१२) र्ध, द्ध, ग्ध, ब्ध तथा ढ्य के स्थान में ड्ढ होता है। जैसे :—अर्ध—अड्ढ, वृद्ध—बुड्ढ, दग्ध—दड्ढ, स्तब्ध—ठड्ढ, आढ्य—अड्ढ।

(१३) ज्ञ, म्न, न्न, ण्य, न्य, र्ण, ण्व, न्व के स्थान में ण्ण तथा ण अथवा न्न तथा न होता है। यथा:—सर्वज्ञ—सव्वण्णु-सव्वन्नु, यज्ञ—जण्ण—जन्न, ज्ञान—णाण—नाण, विज्ञान—विण्णाण—विन्नाण, प्रद्युम्न—पज्जुण्ण—पज्जुन्न, प्रसन्न—पसण्ण—पसन्न, पुण्य—पुण्ण—पुन्न, न्याय—णाय—नाय, अन्योऽन्य—अण्णोण्ण—अन्नोन्न, मन्यते—मण्णए—मन्नए, वर्ण—वण्ण-वन्न, कण्व—कण्ण—कन्न, अन्वेषण—अण्णेसण—अन्नेसण, अन्वेषयति—अण्णेसेइ—अन्नेसेइ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१४) क्ष्ण, क्ष्म, श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्न, के स्थान में ण्ह अथवा न्ह होता है। यथा :—तीक्ष्ण–तिण्ह–तिन्ह, सूक्ष्म–सण्ह, प्रश्न–पण्ह–पन्ह, विष्णु–विण्हु–विन्हु, स्नान–ण्हाण–न्हाण, प्रस्नुत–पण्हुअ–पन्हुअ। प्रस्नव–पण्हव–पन्हव, पूर्वाह्ण–पुव्वण्ह–पुव्वन्ह, वह्नि–वण्हि–वन्हि।

(१५) क्त, प्त, त्न, त्म, त्र, त्व, र्त के स्थान में त्त तथा त होता है। जैसे :—भुक्त–भुत्त, सुप्त–सुत्त, पत्नी-पत्ती, आत्मा–अत्ता, त्राण–ताण, शत्रु–सत्तु, त्वं–तं, सत्त्व–सत्त, मुहूर्त–मुहुत्त।

(१६) क्थ, त्र, थ्य, र्थ, स्त, स्थ के स्थान में त्थ तथा थ होता है। जैसे :— सिक्थक–सित्थअ, तत्र–तत्थ, तथ्य–तत्थ, पथ्य–पत्थ, स्तम्भ–थंभ, स्तुति–थुइ, स्थिति–थिति।

(१७) ब्द, द्र, र्द, द्व, के स्थान में द्द तथा द होता है। जैसे :— अब्द–अद्द, भद्र–भद्द, आर्द्र–अद्द, द्वि–दि, द्वैत–दइअ, अद्वैत–अद्दइअ, द्वौ–दो।

(१८) ग्ध, ब्ध, र्ध, ध्व, के स्थान में द्ध तथा ध होता है। जैसे :— स्निग्ध–निद्ध, लब्ध–लद्ध, अर्ध–अद्ध, ध्वनति–धणइ।

(१९) न्त के स्थान में न्द होता है (शौरसेनी भाषा में)। निश्चिन्त–निच्चिन्द, अन्तःपुर–अन्देउर। महत्–महन्त–महन्द, पचत्–पचन्त–पचन्द, प्रभावयत्–पभावन्त–पहावन्द, किन्तु–किन्दु।

(२०) त्प, त्म, प्य, प्र, र्प, ल्प, प्ल, क्म, ड्म के स्थान में प्प तथा प होता है। जैसे :—उत्पल–उप्पल, आत्मा–अप्पा, प्यायते–पायए, विज्ञप्य–विण्णप्प, प्रिय–पिय, अप्रिय–अप्पिय, अर्पयति–अप्पेइ, अल्प–अप्प, प्लव–पव, विप्लव–विप्पव, प्लवते–पवए, रुक्म–रुप्प, रुक्मिणी–रुप्पणी, कुड्मल–कुंपल।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२१) त्फ, ष्प, ष्फ, स्प, स्फ के स्थान में प्फ तथा फ होता है। जैसे :— उत्फुल्ल—उप्फुल्ल, पुष्प—पुप्फ, निष्फल—निप्फल, स्पर्श—फंस, स्पृशति—फरिसइ, स्फुट—फुड, स्फुरति—फुरइ, स्फुरण—फुरण।

(२२) द्ब, द्व, र्ब, ब्र, र्व, व्र के स्थान में ब्ब तथा ब अथवा व्व तथा व होता है। जैसे :—उद्बन्ध्य—उब्बंधिय, द्वे—वे अथवा बे, द्वीनि—विन्नि, वेन्नि अथवा बिन्नि बेन्नि, बर्बर—बब्बर, ब्राह्मण—बम्हण, अब्रह्मण्य—अब्बम्हण्ण, सर्व—सब्व सव्व, व्रजति—वयइ, व्रज—वज।

(२३) ग्भ, द्भ, भ्य, र्भ, भ्र, ह्व के स्थान में ब्भ तथ भ होता है। जैसे :—प्राग्भार—पब्भार, सद्भाव—सब्भाव, सभ्य—सब्भ, गर्भ—गब्भ, भ्रम—भम, विभ्रम—विब्भम, विह्वल—विब्भल।

(२४) ग्म, ङ्म, ण्म, न्म, म्य, र्म, म्र, ल्म के स्थान में म्म तथा म होता है। जैसे :—युग्म—जुम्म, दिङ्मुख—दिम्मुह, वाङ्मय—वम्मय, षण्मुख—छम्मुह, जन्म—जम्म, मन्मन—मम्मण, गम्य—गम्म, सौम्य—सोम्म, धर्म—धम्म, कम्र—कम्म, म्रेडित—मेडिअ, जाल्म—जम्म, गुल्म—गुम्म।

(२५) द्म, ष्म, स्म, और ह्म के स्थान में म्ह होता है। जैसे :—पद्म—पम्ह, ग्रीष्म—गिम्ह, विस्मय—विम्हय, ब्राह्मण—बम्हण।

शब्द विभाग

सभी प्राकृत भाषाओं में दो प्रकार के शब्द होते हैं—संस्कृतसम और देश्य। जो शब्द संस्कृत भाषा से बिल्कुल अथवा थोड़ी समानता से मिलते-जुलते हैं। वे संस्कृतसम कहलाते हैं और जो शब्द बहुत प्राचीन होने के कारण व्युत्पत्ति की दृष्टि से संस्कृत भाषा के साथ अथवा प्राकृत भाषा के साथ मेल नहीं खाते (अथवा मिलते-जुलते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं हैं) वे देश्य शब्द माने जाते हैं। ये देश्य शब्द बहुत प्राचीन हैं। वेद आदि प्राचीन शास्त्रों में, संस्कृतभाषा के साहित्य में तथा कोषों में देश्य शब्दों का प्रयोग बहुलता से हुआ है। देश्य शब्दों में बहुत से अनार्य तथा बहुत से द्राविड़ भाषा के शब्द भी मिले हुए हैं। श्री हेमचन्द्राचार्य ने ऐसे देश्य शब्दों का संग्रह कर 'देशी-शब्द-संग्रह' (देसी-सद्द-संगह) नाम से एक स्वतंत्र कोश की रचना की है। उन्होंने स्वयं इस कोश की टीका भी लिखी है।

संस्कृतसम प्राकृत शब्दों के दो प्रकार हैं। कुछ तो संस्कृत से बिल्कुल मिलते हैं, लेकिन कुछ थोड़ी समानता लिये हुए हैं।

संस्कृत से मिलते-जुलते नामरूप शब्द

प्राकृत	संस्कृत
संसार	संसार
दाह	दाह
दावानल	दावानल
नीर	नीर
संमोह	संमोह
धूलि	धूलि
समीर	समीर इत्यादि

संस्कृत से मिलते-जुलते क्रियापद

प्राकृत	संस्कृत
भेदति	भेदति
हनति	हनति
घाति	घाति
मरते	मरते इत्यादि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुछ समानता लिये हुए नामरूप शब्द

प्राकृत	संस्कृत
कणग	कनक
सुवण्ण-सुवन्न	सुवर्ण
विलया	वनिता
घर	गृह
इत्थी	स्त्री
रुक्ख	वृक्ष
वाणारसी	वाराणसी

कुछ मिलते-जुलते क्रियापद

कुणति	कृणोति (तृतीय पुरुष एकवचन)
नच्चति	नृत्यति
पुच्छति	पृच्छति
जीहति	जिह्रेति
चवति	वच्ति (प्रयोग में वक्ति)
जुज्झति-जुज्झते	युध्यते
वन्दित्ता	वन्दित्वा (सम्बन्धक भूतकृदन्त)
कत्तवे कातवे करित्तए	कर्तवे (हेत्वर्थक कृदन्त)

देश्य	संस्कृत	गुजराती	हिन्दी
खडक्की		खडकी	खिड़की
खड्डा	गर्त	खाडो	खड्डु अथवा गडढा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओज्झरी	होजरी	उदर (पेट)
अआलि अकाले (?)	एली-हेली-वरसादनी एली, बरसाती	
गडयडी	गडगडाट	गड़गड़ाहट कीड़ा
गागरी गर्गरी	गागर	गगरी, गागर
छासी	छाश	छाछ (मट्ठा)
जोवारी	जुवार	जुआर, ज्वार (अनाज)

देश्य शब्दों में तामिल—तेलुगु और अरबी—फारसी आदि अनेक भाषाओं के शब्द भी होते हैं।

शब्द रचना

प्राकृत शब्दों को समझने के लिए प्राचीन काल से ही संस्कृत शब्दों के माध्यम से प्राकृत बनाने की जो परम्परा चली आयी है, प्रस्तुत पुस्तक में उसी परम्परा का आश्रय लिया गया है।

स्वरों का सामान्य परिवर्तन

जिन नियमों के साथ नागरी अंक लगे हुए हैं उन्हें सामान्य नियम समझना चाहिये और जिन नियमों के साथ अंग्रेजी अंक लगाये हुए हैं उन्हें विशेष-नियम समझना चाहिए। इसी प्रकार खास-खास भाषाओं के नाम लेकर परिवर्तन के जो नियम बनाये गये हैं वे सूचित नियम उन खास भाषाओं के साथ सम्बन्धित हैं और जो नियम किसी विशेष भाषा का नाम लिये बिना अथवा प्राकृत भाषा का नाम लेकर बताये गये हैं वे साधारणतः यहाँ बतायी गयी सभी भाषाओं के साथ सम्बन्ध रखते हैं। परन्तु इन नियमों के प्रयोग करने से पहले अपवादात्मक नियमों की ओर पूरा ध्यान देना अनिवार्य है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ह्रस्व से दीर्घ[1]

संस्कृत	प्राकृत
कश्यप	कासव
पश्य	पास
आवश्यक	आवासय
मिश्र	मीस
विश्राम	वीसाम
संस्पर्श	संफास
अश्व	आस
विश्वास	वीसास
दुश्शासन	दूसासण
पुष्य	पूस
मनुष्य	मणूस
वर्ष	वास
वर्षा	वासा
कर्षक	कासअ
विष्वक्	वीसुं
विष्वाण	वीसाण
निषिक्त	नीसित्त
कस्य	कास
सस्य	सास

१. हेमचन्द्र–प्राकृत-व्याकरण ८।१।४३।

परिवर्तन के विधान को समझने के लिए सभी सूत्रों के अंक दिये गये हैं। अतः सूत्रों के जो-जो उदाहरण यहाँ नहीं दिये गये हैं, वे सभी उदाहरण उन-उन सूत्रों को देखकर समझ लें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संस्कृत	प्राकृत
विस्रम्भ	वीसंभ
उस्र	ऊस
निस्व	नीस
विकस्वर	विकासर
निस्सह	नीसह

(पालि भाषा में भी ऐसा परिवर्तन होता है। जैसे; परामर्श—परामास—देखो पालि-प्रकाश, पृ० ११ टिप्पण)

दीर्घ से ह्रस्व[1]

(२)

संस्कृत	प्राकृत
आम्र	अम्ब
ताम्र	तम्ब
तीर्थ	तित्थ
मुनीन्द्र	मुणिन्द
चूर्ण	चुन्न-चुण्ण
नरेन्द्र	नरिंद
म्लेच्छ	मिलिच्छ / मिलिक्ख
नीलोत्पल	नीलुप्पल

(पालि भाषा में भी दीर्घ का ह्रस्व—ए का 'इ', ओ का 'उ' तथा औ का 'उ' होता है। देखो, पा० प्र०—पृ० ८, नियम ११, पृष्ठ ५५ और पृ० ५)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।८४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(३) आ को अ[1]

प्रकार	पयर	पयार
प्रचार	पयर	पयार
प्रहार	पहर	पहार
प्रवाह	पवह	पवाह
प्रस्ताव	पत्थव	पत्थाव

यहाँ यह नियम स्मरण में रखना चाहिए कि ये सभी नाम भाववाचक और नरजाति के ही हैं।

(४) इ को ए[2]

पिष्ट	पेट्ठ	पिट्ठ
सिन्दूर	सेन्दूर	सिंदूर
पिण्ड	पेंड	पिंड
विष्णु	वेण्हु	विण्हु
बिल्व	बेल्ल	बिल्ल

इन सभी उदाहरणों में 'इकार' संयुक्त अक्षर के पूर्व में आया हुआ है।

(पालि भाषा में भी ऐसा ही विधान है। देखो, पा० प्र० पृ० ३–इ = ए)

(५) उ को ऊ[3]

उत्सरति	ऊसरइ
उत्सव	ऊसव

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।६८। ; २. हे० प्रा० व्या० ८।१।८५। ;
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्छ्वसति	ऊससइ
उच्छ्वास	ऊसास

इन उदाहरणों में 'उ' के पश्चात् त्स अथवा च्छ् आया हुआ है।

(६) उ को ओ[1]

कुट्टिम	कोट्टिम
तुण्ड	तोंड
पुद्गल	पोग्गल
मुस्ता	मोत्था
पुस्तक	पोत्थअ

इन उदाहरणों में 'उ' संयुक्त अक्षर के पूर्व में आया हुआ है।

(पालि भाषा में इसी प्रकार 'उ' को ओकार होता है। देखो, पा० प्र० पृ० ५४—उ=ओ)

(७) ऋ को अ[2]

घृत	घय
तृण	तण
कृत	कय

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'अ' होता है। देखो, पा० प्र० पृ० १—ऋ=अ)

(८) ऋ को उ[3]

पितृगृहं	पिउघरं
मातृगृहम्	माउघरं
मातृष्वसा	माउसिया

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।११६।

२. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२६। ; ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(९) ऋ को रि[1]

ऋद्धि	रिद्धि
ऋक्ष	रिच्छ
सदृश	सरिस
सदृक्ष	सरिक्ख
सदृक्	सरि
ऋण	रिण–अण
ऋषभ	रिसह-उसह

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'रि' होता है । देखो, पा० प्र० पृष्ठ ३—ऋ=रि टिप्पण)

सदृश आदि शब्दों में दकार लोप करने के बाद जो 'ऋ' शेष रहती है उसको 'रि' होता है ।

पैशाची भाषा में सरिस (सदृश) के बदले सतिस रूप बनता है । इसी प्रकार जारिस (यादृश) के बदले यातिस, अन्नारिस (अन्यादृश) के बदले अन्नातिस आदि रूप बनते हैं (हे० प्रा० व्या० ८।४।३१७।) ।

(१०) ऌ को इलि[2]

क्लृन्न	किलिन्न
क्लृप्त	किलित्त

(११) ऐ को ए[3]

शैल	सेल
कैलास	केलास
वैधव्य	वेहव्व

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४०, १४१, १४२. ।

२. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४५। ; ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(पालि भाषा में भी 'ऐ' को 'ए' होता है। देखो, पा० प्र०–पृ० ३—ऐ=ए)

(१२) **औ को ओ**[1]

कौशाम्बी	कोसंबी
यौवन	जोव्वण
कौस्तुभ	कोत्थुह

(पालि भाषा में भी 'औ' को 'ओ' होता है। देखो, पा०–प्र० पृ० ५–औ=ओ)

अपभ्रंश[2] प्राकृत भाषा में स्वरों का परिवर्तन व्यवस्थित रूप से नहीं होता। याने कहीं तो 'आ' को 'अ' होता है, कहीं 'ई' को 'ए' होता है, कहीं 'उ' को 'अ' तथा 'आ' होता है। 'ऋ' को 'अ', 'इ' तथा 'उ' होता है कहीं 'ऋ' भी रहती है। 'लृ' को 'इ' तथा 'इलि' 'ए' को 'इ' तथा 'ई' और 'औ' को 'ओ' तथा 'अउ' होता है।

'आ' को 'अ'–काच–कच्चु, काच्चु अथवा काच्च।
'ई' को 'ए'–वीणा–वेण, वीण, वीणा।
'उ' को 'अ' तथा 'आ'–बाहु, बाह, बाहा, बाहु।
ऋ को 'अ', 'इ', 'उ'–पृष्ठी–पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि,
तृण–तणु, तिणु, तृणु,
सुकृत–सुकिदु, सुकिउ, सुकृदु।
लृ को 'इ', 'इलि'–क्लृन्न, किन्नउ, किलिन्नउ।
ए को 'इ', 'ई',–लेखा, रेखा } लिह, लीह, लेह।
औ को 'ओ' तथा 'अउ'–गौरी, गोरि, गउरि।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५६। ; २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२६, ३३०.।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपभ्रंश प्राकृत में किसी भी विभक्ति के आने के पश्चात् नामरूप शब्द का अन्त्य स्वर ह्रस्व हो तो दीर्घ हो जाता है और दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है। जैसे :—

धवल–ढोल्ला	(अ को आ)	प्रथमा विभक्ति
श्यामल–सामला	(,, ,,)	,,
दीर्घ–दीहा	(अ को आ)	द्वितीया विभक्ति
रेखा–रेह	(आ को अ)	प्रथमा विभक्ति
भणिता–भणिअ	(आ को अ)	,,

देखिये—हे० प्रा० व्या० ८।४।३३०।

—: * :—

स्वरों का विशेष–आपवादिक-परिवर्तन

१. 'अ' का परिवर्तन

'अ' को 'आ'[1]

अभियाति	आहियाइ	अहियाइ
दक्षिण	दाहिण	दक्खिण
प्ररोह	पारोह	परोह
प्रवचन	पावयण	पवयण
पुनः	पुना	पुण
समृद्धि	सामिद्धि	समिद्धि आदि

(पालि भाषा में भी 'अ' को 'आ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–अ=आ)

'अ' को 'इ'[2]

उत्तम	उत्तिम
कतम	कइम

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।४४, ४५ तथा ६५। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।४६, ४७, ४८, ४६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मरिच	मिरिअ
मध्यम	मज्झिम
दत्त	दिण्ण
अङ्गार	इंगार, अंगार
पक्व	पिक्क, पक्क
ललाट	णिडाल, णडाल

(पालि भाषा में भी 'अ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृष्ठ ५२–अ=इ।)

'अ' को 'ई'[1]

हर–हीर, हर सं० हीर

'अ' को 'उ'[2]

ध्वनि	झुणि
कृतज्ञ	कयण्णु

(पालि भाषा में भी 'अ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–अ = उ)

'अ' को 'ए'[3]

अत्र	एत्थ	
शय्या	सेज्जा	पालि–सेय्या
वल्ली	वेल्ली सं० वेल्लि।	
कन्दुक	गेंदुअ सं०[4] गेन्दुक, गिन्दुक।	

(पालि भाषा में भी 'अ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–अ = ए)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।५१। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।५२, ५३, ५४, ५५, ५६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।५७, ५८, ५९, ६०। ४. सं० संस्कृत भाषा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'अ' को 'ओ'[1]

नमस्कार	नमोक्कार
परस्पर	परोप्पर
पद्म	पोम्म
अर्पयति	ओप्पेइ, अप्पेइ
स्वपिति	सोवइ, सुवइ
अर्पित	ओप्पिअ, अप्पिअ

'अ' को 'अइ'[2]

विषमय	विसमइअ
सुखमय	सुहमइअ

'अ' को 'आइ'[3]

पुनः पुणाइ, पुणा, पुण
न पुनः न उणाइ, न उणा, न उण

'अ' का लोप[4]

अरण्य	रण्ण	अरण्ण
अलाबू	लाऊ	अलाऊ

—: * :—

२. आ का परिवर्तन

'आ' को 'अ'[5]

श्यामाक	सामअ सं० श्यामक।
महाराष्ट्र	मरहट्ठ

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।६१, ६२, ६३, ६४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।५०। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।६५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६६। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।६७।६६,७०,७१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालक	कलअ, कालअ
कुमार	कुमर, कुमार सं० कुमर
हालिक	हलिअ, हालिअ
प्राकृत	पयय, पायय
चामर	चमर, चामर सं० चमर
वा	व, वा
यथा	जह, जहा
तथा	तह, तहा
अथवा	अहव, अहवा

(पालि भाषा में भी 'आ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५२–आ=अ)

'आ' को 'इ'[1]

आचार्य	आइरिअ, आयरिअ
निशाकर	निसिअर, निसाअर

'आ' को 'ई'[2]

खल्वाट	खल्लीड
स्त्यान	ठीण, थीण

'आ' को 'उ'[3]

आर्द्र	उल्ल
स्तावक	थुवअ
सास्ना	सुण्हा

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।७२,७३। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।७४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।७५।८२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'आ' को 'ऊ'[1]

आर्या	अज्जू
आसार	ऊसार, आसार

'आ' को 'ए'[2]

ग्राह्य	गेज्झ
पारापत	पारेवअ, पारावअ
द्वार	देर, दार
असहाय्य	असहेज्ज, असहज्ज
पुराकर्म	पुरेकम्म, पुराकम्म
मात्र	मेत्त

(पालि भाषा में भी 'आ' को 'ए' होता है। देखिये—**पा० प्र० पृ०** ५३—आ=ए)

'आ' को 'ओ'[3]

आर्द्र	ओल्ल, अल्ल

---

३. इ का परिवर्तन

'इ' को 'अ'[4]

इति	इअ
तित्तिरि	तित्तिर सं० तित्तिर
पथिन्	पह

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।७६, ७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।७८, ७९, ८०, ८१। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।८२, ८३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।९१, ८८, ८९, ९०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हरिद्रा	हलद्दा
इङ्गुद	अंगुअ, इङ्गुअ
शिथिल	सढिल, सिढिल

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'अ' होता है। देखिये—पालि प्र० पृ० ५३–इ=अ)

'इ' को 'ई'[1]

जिह्वा	जीहा (अवेस्ता भाषा में हिज्वा)
सिंह	सीह
निस्सरति	नीसरइ, निस्सरइ

'इ' को 'उ'[2]

द्वि	दु
इक्षु	उच्छु, इक्खु
नि	नु, णु
युधिष्ठिर	जहुट्ठिल, जहिट्ठिल
द्वितीय	दुइअ, बिइअ
द्विगुण	दुउण, बिउण

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–इ = उ तथा पृष्ठ ३२ टिप्पण)

'इ' को 'ए'[3]

मिरा	मेरा
किंशुक	केसुअ, किंसुअ

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।९२।९३। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।९४, ९५, ९६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।८७, ८६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–इ = ए)

'इ' को 'ओ'[1]

द्विवचन	दोवयण
द्विधा	दोहा, दुहा
निर्झर	*ओज्झर, निज्झर

(पालि भाषा में भी 'इ' को 'ओ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–इ = ओ)

---

४. ई का परिवर्तन

'ई' को 'अ'[2]

हरीतकी	हरडई (पालि हरीटकी)

(पालि भाषा में 'ई' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३–ई = अ)

'ई' को 'आ'[3]

कश्मीर	कम्हार

'ई' को 'इ'[4]

द्वितीय	दुइय
गभीर	गहिर
व्रीडित	विलिअ
पानीय	पाणिअ, पाणीअ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।६७, ६४, ६८। * यहाँ 'न' सहित इ को 'ओ' समझना चाहिये। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।६६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१००। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवति	जिवइ, जीवइ
उपनीत	उवणिअ, उवणीअ

'ई' को 'उ'[1]

जीर्ण	जुण्ण, जिण्ण

'ई' को 'ऊ'[2]

तीर्थ	तूह, तित्थ
हीन	हूण, हीण सं० हूण
विहीन	विहूण, विहीण

'ई' को 'ए'[3]

बिभीतक	बहेडअ
पीयूष	पेऊस सं० पेयूष
नीड	नेड, नीड

---

५. उ का परिवर्तन

'उ' को 'अ'[4]

गुडूची	गलोई
युधिष्ठिर	जहुट्ठिल
मुकुट	मउड सं० मकुर
उपरि	अवरिं, उवरिं
गुरुक	गरुअ, गुरुअ

(पालि भाषा में 'उ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५३—उ = अ—मुकुल—मकुल)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०२। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०३, १०४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०५, १०६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१०७, १०८, १०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'उ' को 'इ'[1]

पुरुष	पुरिस यास्फ–पुरिशय
भ्रुकुटि	भिउडि

(पालि भाषा में 'उ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५४–उ = इ)

'उ' को 'ई'[2]

क्षुत	छीअ

'उ' को 'ऊ'[3]

मुसल	मूसल
सुभग	सूहव, सुहअ

'उ' को 'ओ'[4]

कुतूहल	कोउहल, कुऊहल

(पालि भाषा में भी 'उ' को 'ओ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५४–उ = ओ)

---

६. ऊ का परिवर्तन

'ऊ' को 'अ'[5]

दुकूल	दुअल्ल, दुऊल

(पालि भाषा में भी 'ऊ' को 'अ' होता है। देखिये—पा० प्र० ० ५५–ऊ = अ)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।११०, १११। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।११२। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११३, ११५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।११७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।११८, ११९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'ऊ' को 'ई'[1]

उद्व्यूढ	उव्वीढ, उव्वूढ

'ऊ' को 'उ'[2]

भ्रू	भु
हनूमत्	हणुमन्त
+ कण्डूया	कंडुया
कुतूहल	कोउहल, कोऊहल
मधूक	महुअ, महूअ सं० मधुक

'ऊ' को 'ए'[3]

नूपुर	नेउर, नूउर

'ऊ' को 'ओ'[4]

कूर्पर	कोप्पर (पालि कप्पर)
गुडूची	गलोई (पालि गोलोची)
तूण	तोण, तूण
स्थूणा	थोणा, थूणा

(पालि भाषा में भी 'ऊ' को 'ओ' होता है। देखिये—प्रा० प्र० पृ० ५५–ऊ=ओ)

———

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२०। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२१,१२२। + यहाँ 'कण्डूय' धातु भी समझना चाहिए। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२४,१२५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. ऋ का परिवर्तन

'ऋ' को 'आ'[1]

कृश	कास, किस
मृदुत्व	माउक्क, मउत्तण

'ऋ' को 'इ'[2]

उत्कृष्ट	उक्किट्ठ
ऋषि	इसि
ऋद्धि	इद्धि
श्रृगाल	सिआल
हृदय	हिअय
धृष्ट	धिट्ठ, धट्ठ
पृष्ठि	पिट्ठि, पट्ठि
बृहस्पति	बिहप्फइ, बहप्फइ
मातृष्वसृ	माइसिआ, माउसिआ
मृगांक	मियंक, मयंक

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०–२, ऋ=इ)

पैशाची[3] भाषा में हृदय के बदले हितप रूप बनता है। हृदय–हितप। हृदयक, हितपक।

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१२८, १२९, १३०। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।३१०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'ऋ' को 'उ'[1]

भ्रातृ	भाउ
वृद्ध	वुड्ढ
वृद्धि	वुड्ढि
पितृ	पिउ
पृथिवी	पुहई
मृषा	मुसा, मोसा
वृषभ	उसह, वसह
बृहस्पति	बुहप्फइ, बहप्फइ

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'उ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०–२, ऋ=उ)

'ऋ' को 'ऊ'[2]

मृषा	मूसा, मुसा

'ऋ' को 'ए'[3]

वृन्त	वेंट, विंट

(पालि भाषा में भी 'ऋ' को 'ए' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ०–३, ऋ = ए)

'ऋ' को 'ओ'[4]

मृषा	मोसा, मुसा
वृन्त	वोंट, विंट

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३१, १३२, १३३, १३५, १३६, १३७, १३८। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३९। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१३६, १३९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'ऋ' को 'अरि'[1]

दृप्त	दरिअ

'दृ' को 'ढि'[2]

आदृत	*आढिअ

---

८. ए का परिवर्तन

'ए' को 'इ'[3]

वेदना	विअणा
देवर	दिअर

'ए' को 'ऊ'[4]

स्तेन	थूण, थेण

(पालि भाषा में किसी-किसी शब्द में 'ए' को 'ओ' होता है। द्वेष-दोस, देखिये—पा० प्र० पृ० ५५—ए = ओ)

---

९. ऐ का परिवर्तन

'ऐ' को 'अअ'[5]

उच्चैस्	उच्चअ
नीचैस्	नीचअ

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४३। *आदृत शब्द के रूप का विकास आरिअ—आडिअ—आढिअ इस तरह से होना चाहिए ? (?) ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४६। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'ऐ' को 'इ'[1]

शनैश्चर	सणिच्छर
सैन्धव	सिंधव
सैन्य	सिन्न, सेन्न

(पालि भाषा में 'ऐ' को 'इ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४–ऐ–ई)

'ऐ' को 'ई'[2]

धैर्य	धीर
चैत्यवन्दन	चीवंदण, चेइयवंदण

(पालि भाषा में भी 'ऐ' को 'ई' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ४–ऐ=ई)

'ऐ' को 'अइ'[3]

चैत्र	चइत्त, चेत्त
वैशम्पायन	वइसंपायण, वेसंपायण
कैलास	कइलास, केलास
वैर	वइर, वेर
दैव	दइव्व, देव्व

---

१० औ का परिवर्तन

'औ' को 'अ'[4]

अन्योन्य	अन्नन्न, अन्नुन्न

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१४६,१५०। २. हे० प्रा० व्या ८।१।१५५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५१, १५२, १५३। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आतोद्य	आवज्ज, आउज्ज
मनोहर	मणहर, मणोहर

'ओ' को 'ऊ'[१]

सोच्छ्वास	सूसास

'ओ' को 'अउ, आअ'[२]

गोक	गउअ
गो	गउ
गो	गाअ, गाई (मादा जाति)

---

११. औ का परिवर्तन

'औ' को 'अउ'[३]

पौर	पउर
मौन	मउण
गौरव	गउरव
गौड	गउड
कौरव	कउरव

'औ' को 'आ'[४]

गौरव	गारव, गउरव

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५७। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१५८। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६२। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६३।

(पालि भाषा में 'औ' को 'आ' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५-औ = आ; कहीं-कहीं 'औ' को 'अ' भी हो जाता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५—टिप्पण)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'औ' को 'उ'[1]

शौद्धोदनि	सुद्धोअणि
सौवर्णिक	सुवण्णिअ
दौवारिक	दुवारिअ
सौन्दर्य	सुन्देर
कौक्षेयक	कुच्छेअय, कोच्छेअय

(पालि भाषा में 'औ' को 'उ' होता है। देखो—पा० प्र० पृ० ५–औ = उ)

'औ' को 'आव'[2]

नौ	नावा
गौ	गावी

—:※:—

व्यञ्जन का परिवर्तन

अन्त्य व्यञ्जन और दो स्वरों के बीच में रहनेवाले (असंयुक्त) व्यञ्जन का सामान्य परिवर्तन।

१. लोप

(क) शब्द के अन्तिम व्यञ्जन का लोप हो जाता है।[3]

तमस्	तम सं० तम
तावत्	ताव
अन्तर्गत	अन्तग्गय
पुनर्	पुण
अन्तर्-उपरि	अन्तोवरि

(पालि भाषा में भी शब्द के अन्तिम व्यञ्जन का लोप हो जाता है : विद्युत्—विज्जु। देखिये—पा० प्र० पृ० ६, नियम ७)

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६०, १६१। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१६४। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।११।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) दो स्वरों के मध्य में आए हुए क, ग, च, ज, त, द, प, ब, य और व का लोप होता है[१]।

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
लोक	लोअ	मदन	मयण
नगर	नयर	रिपु	रिउ
शची	सई	विबुध	विउह
गज	गअ	वियोग	विओग
रसातल	रसायल	वडवानल	वलयाणल

लोप करते समय जहाँ अर्थ-भ्रान्ति की सम्भावना हो वहाँ लोप नहीं करना चाहिए। जैसे :—सुकुसुम, प्रयाग, सुगत, सचाप, विजण, सुतार, विदुर, सपाप, समवाय, देव, दानव आदि।

पालि, शौरसेनी मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषाओं में यह नियम सार्वत्रिक नहीं—सापवाद है। इसे यथास्थान सूचित करेंगे।

(ख) के अपवाद

उपर्युक्त लोप का नियम, तथा इस प्रकरण में आनेवाले नियम और जहाँ कोई विशेष विधान सूचित न किया गया हो ऐसे दूसरे भी सामान्य और विशेष नियम पैशाची भाषा में नहीं लगते[२]।

पैशाची	प्राकृत
मकरकेतु	मयरकेउ
सगरपुत्तवचन	सयरपुत्तवयण
विजयसेन	विजयसेण
लपित	लविअ

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाप	पाव
आयुध	आउह आदि

शौरसेनी में दो स्वरों के मध्य में स्थित 'त' को 'द' होता है[१]।

संस्कृत	शौरसेनी	प्राकृत
कथित	कधिद	कहिअ
ततः	तदो	तओ
प्रतिज्ञा	पदिण्णा	पइण्णा
मन्त्रित	मंतिद	मंतिअ

आपवादिक नियमों को छोड़ शौरसेनी में जिन परिवर्तनों के नियम बताए गए हैं वे सब मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश भाषा में भी समझने चाहिए[२]।

(पालि भाषा में भी 'त' को 'द' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५६—त = द)

मागधी भाषा में 'ज' को 'य' होता है।[3]

संस्कृत	मागधी	प्राकृत
जनपद	यणवद	जणवअ
जानाति	याणदि	जाणइ
गर्जित	गय्यिद	गज्जिअ

(पालि भाषा में भी 'ज' को 'य' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५७—ज = य)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६०। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०२, ३२३, ४४६। ३. हे० प्रा० व्या० ८।४।२९२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पैशाची भाषा में और चूलिका-पैशाची भाषा में 'त' कायम रहता है तथा 'द' को भी 'त' हो जाता है[1]।

सं०	पै०–चू० पै०	प्रा०
भगवती	भगवती	भगवई
मदन	मतन	मयण
कन्दर्प	कंतप्प	कंदप्प
दामोदर	तामोतर	दामोअर

(पालि भाषा में 'द' को 'त' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ६०—द=त)

चूलिका-पैशाची भाषा में 'ग' को 'क', 'ज' को 'च', और 'ब' को 'प' होता है[2]।

सं०	पै०	चू० पै०	प्रा०
गिरितट,	गिरितट	किरितट	गिरितड
नगर	नगर	नकर	नगर, नयर
नाग	नाग	नाक	नाग, नाय
जीमूत	जीमूत	चीमूत	जीमूअ
जर्जर	जज्जर	चच्चर	जज्जर
राजा	राजा	राचा	राया
बालक	बालक	पालक	बालअ
बर्बर	बब्बर	पप्पर	बब्बर
बान्धव	बंधव	पंथव	बंधव

कुछ वैयाकरण मानते हैं कि चूलिका-पैशाची भाषा में आदि में

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०७, ३२५। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आए हुए वर्गीय तृतीय व्यंजन का प्रथम व्यंजन और चतुर्थ व्यंजन का द्वितीय व्यंजन नहीं होता तथा युज् धातु के 'ज्' को भी 'च्' नहीं होता।[१]

सं०	पै०	चू० पै०	हेमचन्द्र चू० पै०	प्रा०
गति	गति	गति	कति	गइ
गिरि	गिरि	गिरि	किरि	गिरि
जीमूत	जीमूत	जीमूत	चीमूत	जीमूअ
ढक्का	ढक्का	ढक्का	ठक्का	ढक्का
बालक	बालक	बालक	पालक	बालअ
नियोजित	नियोजित	नियोजित	नियोचित	नियोजिअ

(पालि भाषा में 'ग' को 'क' तथा 'ज' को 'च' होता है। देखिये—पा० प्र० पृ० ५५,५७—ग=क तथा ज = च)

अपभ्रंश भाषा में किसी-किसी प्रयोग में 'क' को 'ग' होता है।[२]

संस्कृत	अपभ्रंश	प्राकृत
विक्षोभकर	विच्छोहगर	विच्छोहयर

२. अन्तिम व्यञ्जन को अ

कुछ शब्दों में अन्त्य-व्यञ्जन को 'अ' होता है।[३]

सं०	प्रा०
शरत्	सरअ
भिषक्	भिसअ (पालि भिसक्क)

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२७। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३९६।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. मध्यम व्यञ्जन को य

जिसके पूर्व में और अन्त में 'अ' तथा 'आ' हो ऐसे 'क', 'ग', 'च', 'ज' आदि के[१] लोप हो जाने पर शेष बचे 'अ' को 'य' और 'आ' को 'या[२]' होता है। जैसे :—

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
तीर्थंकर	तित्थयर	पाताल	पायाल
नगर	नयर	गदा	गया
कचग्रह	कयग्गाह	नयन	नयण
प्रजा	पया	लावण्य	लायण्ण

(पालि भाषा में 'क' और 'ज' को भी 'य' होता है। देखिए— पा० प्र० पृ० ५६, ५७—क = य, तथा ज = य)

४. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ख', 'घ', 'थ', 'घ' तथा 'भ' को 'ह' होता है।[३] जैसे :—

मुख—मुह, मेघ—मेह, कथा—कहा, साधु—साहु, सभा—सहा।

अपवाद

शौरसेनी भाषा में 'थ' को 'ह' होता है और कहीं 'ध' भी होता है तथा 'ह' को कहीं 'ध' होता है।[४]

सं०	शौ०	प्रा०
नाथ	नाध, नाह	नाह
राजपथ	राजपध, राजपह	राजपह
इह	इध	इह

(पालि भाषा में 'घ', 'ध' और 'भ' को 'ह' होता है। देखिये— पा० प्र० पृ० ५६—घ = ह, पृ० ६०—ध = ह, पृ० ६२—भ = ह)

---

१. देखिए— पृ० ३३ लोप (ख)। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८०। ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१८७। ४. हे० प्रा० व्या० ८।४।२६७ तथा २६८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चूलिका-पैशाची भाषा में 'घ' को 'ख', 'झ' को 'छ', 'ड' को 'ट', 'ढ' को 'ठ', 'ध' को 'थ' और 'भ' को 'फ' होता है।[1]

सं०	चू० पै०	पै०	प्रा०
घर्म	खम्म	घम्म	घम्म
मेघ	मेख	मेघ	मेह
व्याघ्र	वक्ख	वग्घ	वग्घ
झर्झर	छच्छर	झज्झर	झज्झर
निर्झर	निच्छर	निज्झर	निज्झर, ओज्झर
प्रतिमा	पटिमा	पतिमा	पडिमा
तडाग	तटाक[2]	तडाग	तडाय
मण्डल	मंटल	मंडल	मंडल
डमरुक	टमरुक	डमरुक	डमरुअ
गाढ	काठ	गाढ	गाढ
षण्ढ	संठ	संढ	संढ
ढक्का	ठक्का	ढक्का	ढक्का
मधुर	मथुर	मधुर	महुर
धूलि	थूलि	धूलि	धूलि
बान्धव	पंथव	बंधव	बंधव
रभस	रफस	रभस	रहस
रम्भा	रम्फा	रंभा	रंभा
भगवती	फकवती	भगवती	भगवई

(पालि भाषा में 'ब' को 'प' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६२—ब = प)

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।३२५। २. 'तटाक' शब्द संस्कृत में भी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ट' को 'ड' होता है[१]।

घट–घड, घटते–घडइ, नट–नड, भट–भड।

(पालि भाषा में 'ट' को 'ड' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ५८–ट = ड)

पैशाची भाषा में 'टु' को 'तु' भी होता है[२]।

सं०	पै०	प्रा०
कुटुम्ब	कुतुंब, कुटुंब	कुडुंब
कटुक	कतुअ, कटुक	कडुअ
पटु	पतु, पटु	पडु

६. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ठ' को 'ढ' होता है[३]।

मठ–मढ, कुठार–कुढार, पठति–पढइ।

७. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'ड' को 'ल' होता है[४]।

तडाग–तलाय, गरुड–गरुल, क्रीडति–कीलइ।

(पालि भाषा में भी 'ड' को 'ळ' होता है और 'ण' को 'न' होता है। देखिए—क्रमशः पा० प्र० पृ० ४३–ड = ळ ; पा० प्र० पृ० ५८–ण = न)

८. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'न' को 'ण' नित्य तथा शब्द के आदि में रहे 'न' को 'ण' विकल्प से होता है[५]।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९५। २. हे० प्रा० व्या० ८।४।३११।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।१९९। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२०२।
५. हे० प्रा० व्या० ८।१।२२८, २२९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सं०	प्रा०	सं०	प्रा०
कनक	कणय	नदी	णई, नई
वचन	वयण	नर	णर, नर
वदन	वयण	नयति	णेइ, नेइ

(पालि भाषा में 'ण' को 'न' होता है। देखिए—पा० प्र० पृ० ६१—न = ण)

पैशाची भाषा में 'ण' को 'न' होता है[1]।

सं०	पै०	प्रा०
गुण	गुन	गुण
गण	गन	गण

९. 'अ' तथा 'आ' के बाद आनेवाले 'प' को[2] 'व' ही होता है[3]।

कपिल—कविल, कपाल—कवाल, तपति—तवइ।
ताप—ताव, पाप—पाव, शाप—साव

१०. दो स्वरों के बीच में आए हुए 'प' को 'व' होता है[4]।

उपसर्ग—उवसग्ग, उपमा—उवमा, गोपति—गोवइ, प्रदीप-पईव, महिपाल—महिवाल।


लिंगविचार

कुछ[1] शब्दों के लिंग में जो परिवर्तन होता है वह इस प्रकार है :—

जिन शब्दों के अन्त में स् अथवा न् हो वे सभी शब्द पुंलिग में होते हैं।

सं०	पु०	सं०	पु०
यशस्	जसो	जन्मन्	जम्मो
पयस्	पयो	नर्मन्	नम्मो
तमस्	तमो	मर्मन्	मम्मो
तेजस्	तेओ	वर्म्मन्	वम्मो
उरस्	उरो	धामन्	धामो

'जसो', 'पयो' आदि शब्दों के अन्त में 'ओकार' नर जाति (पुंलिग) सूचित करता है।

अपवाद :—दामन्–दामं। शर्मन्–सम्मं। चर्मन्–चम्मं। शिरस्–सिरं। सुमनस्–सुमणं।

प्रावृष्–शरद् और तरणि शब्द पुंलिग में प्रयुक्त होते हैं। प्रावृष्–पाउसो। शरद्–सरओ। तरणि–तरणी। 'आँख' अर्थवाले सभी शब्द पुंलिग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०	पुं०	नपुं०
अक्षि	अक्खी	अक्खि
अक्षि	अच्छी	अच्छि
चक्षु	चक्खू	चक्खुं

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३२, ८।१।३१, ८।१।३३, ८।१।३४, ८।१।३५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नयन	नयणो	नयणं
लोचन	लोयणो	लोयणं

निम्नलिखित शब्द पुंलिग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं ।

वचन	वयणो	वयणं
विद्युत्	विज्जुणा	विज्जुए (तृतीया विभक्ति)
कुल	कुलो	कुलं
छन्द	छंदो	छंदं
माहात्म्य	माहप्पो	माहप्पं
दुःख	दुक्खो	दुक्खं
भाजन	भायणो	भायणं

निम्नलिखित शब्द नपुंसकलिग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं ।

गुण	गुणं	गुणो
देव	देवं	देवो
विन्दु	बिन्दुं	बिन्दू
खड्ग	खग्गं	खग्गो
मण्डलाग्र	मंडलग्गं	मंडलग्गो
कररूह	कररुहं	कररुहो
वृक्ष	रुक्खं	रुक्खो

जिन शब्दों के अन्त में भाववाची 'इमा' प्रत्यय हो तो वे शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं ।

सं०	पुंलिग	स्त्रीलिंग
गरिमन्	गरिमा	गरिमा
महिमन्	महिमा	महिमा
निर्लज्जिमन्	निल्लज्जिमा	निल्लज्जिमा
धूर्तिमन्	धुत्तिमा	धुत्तिमा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अञ्जलि आदि शब्द स्त्रीलिंग में विकल्प से प्रयुक्त होते हैं।

सं०		स्त्रीलिंग
अञ्जलि	अंजलि	अंजली
पृष्ठ	पिट्ठं	पिट्ठी
अक्षि	अच्छि	अच्छी
प्रश्न	पण्हो	पण्हा
चौर्य	चोरिअ	चोरिआ
कुक्षि	कुच्छी	कुच्छी
बलि	बली	बली
निधि	निही	निही
रश्मि	रस्सी	रस्सी
विधि	विही	विही
ग्रन्थि	गंठी	गंठी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सन्धि

सन्धि अर्थात् परस्पर मिल जाना, एक दूसरे में मिल जाना अथवा एक दूसरे में छिप जाना।

प्रथम पद के अन्तिम स्वर और पिछले पद के पूर्व स्वर के मिल जाने पर जो परिवर्तन होता है उसे स्वर-सन्धि कहते हैं।

पद के अन्दर के व्यञ्जन का अपने पीछे आनेवाले व्यञ्जन के कारण जो परिवर्तन होता है उसे व्यञ्जन-सन्धि कहते हैं। जैसे:—

कंठ—कण्ठ। चंद—चन्द। कंकण—कङ्कण। संख—सङ्ख।
गंगा—गङ्गा आदि।

अर्धमागधी में संस्कृत की भाँति पृथक्-पृथक् व्यञ्जनों की सन्धि नहीं होती।

१. एक पद में सन्धि नहीं होती है[1]:

प्राकृत भाषा के अनेकानेक शब्द स्वरबहुल होते हैं ऐसे पदों में सन्धि करने से अर्थभ्रम होता है अतः इस भाषा में एक पद में सन्धि नहीं होती है। जैसे:—

नई (नदी), पइ (पति), कइ (कवि), गअ (गज), गउआ (गो=गाय), काअ (काक), लोअ (लोक), रुइ (रुचि), रइ (रति) आदि।

अपवाद:—कुछ शब्दों में एक पद में भी स्वरसन्धि हो जाती है। जैसे:—

---

१. हे० प्रा० व्या ८।१।४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वि + ईअ = बीअ }
वि + इअ = बिइअ } द्वितीय (दूसरा)

काहि + इ = काही }
काहिइ } करेगा (करिष्यति)

[१]थ + इर = थेर (वृद्ध = स्थविर)

च + उ + द्दस = चोद्दस (चौदह = चतुर्दश)

[२]कुम्भ + आर = कुम्भार (कुम्हार = कुम्भकार)

चक्क + आअ = चक्काअ (चक्रवाक् = चकवा पक्षी)

साल + आहण = सालाहण (शालिवाहन राजा)

२. क्रियापद के स्वर की स्वर परे रहनेपर सन्धि नहीं होती है।[३] जैसे :—

होइ + इह = होइ इह । सं० भवति + इह = भवति इह ।

३. 'ई अथवा उ, ऊ' के पश्चात् कोई भी विजातीय स्वर आ जावे तो सन्धि नहीं होती[४] । जैसे :—

इ—जाइ + अन्ध = जाइअंध (जाति अन्ध–जात्यन्ध = जन्मान्ध)

ई—पुढवी + आउ = पुढवीआउ (पृथ्वी–आप = पृथ्वी और पानी)

उ—बहु + अट्ठिअ = बहुअट्ठिय (बहुअस्थिक = बहुत-सी हड्डियोंवाला)

ऊ—बहू + अवगूढ = बहूअवगूढ (वधू अवगूढ)

४. 'ए और ओ' के बाद स्वर परे होने पर सन्धि नहीं होती[५] । जैसे :—

ए—महावीरे + आगच्छइ । एगे + आया । एगे + एवं ।

ओ—अहो + अच्छरियं । गोयमो + आघवेइ ।

आलक्खिमो + इण्हि ।

---

१. देखिये, पिछले उदाहरणों में नियम २७ के अन्तर्गत । २. हे० प्रा० व्या० ८।१।८ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।९ । ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।६ । ५. हे० प्रा० व्या० ८।१।७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. दो पदों में भी व्यञ्जन के लोप होने पर शेष स्वरों की सन्धि नहीं होती[1]। जैसे :—

निशाकर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

रजनीकर—रयणी + अर = रयणीअर।

रजनीचर—रयणी + अर = रयणीअर।

निशाचर—निसा + अर = निसाअर। निसि + अर = निसिअर।

गन्धपुटी—गंध + उडी = गंधउडी।

६. 'अ और आ' के बाद अ और आ रहने पर दीर्घ आकार हो जाता है[2]। जैसे :—

(अ + अ = आ। अ + आ = आ। आ + अ = आ। आ + आ = आ।)

अ—जीव + अजीव = जीवाजीव।

विसम + आयव = विसमायव (विषम + आतप)।

आ—गंगा + अहिवइ = गंगाहिवइ।

जउणा + आणयण = जउणाणयण (यमुना + आनयन)।

७. 'इ और ई' के परे इ और ई हो तो दीर्घ ईकार हो जाता है[5]। जैसे :—

(इ + इ=ई। इ + ई=ई। ई + इ=ई। ई + ई = ई।)

इ—मुणि + इयर=मुणियर। पुहवी + ईस=पुहवीस।

दहि + ईसर=दहीसर। पुहवी + इसि=पुहवीसि।

८. 'उ और ऊ' के बाद उ तथा ऊ रहने पर दीर्घ ऊकार हो जाता है[6]। जैसे :—

(उ + उ=ऊ। उ + ऊ=ऊ ऊ + उ = ऊ। ऊ + ऊ = ऊ।)

बहू + उदग=बहूदग। बहू + उपमा=बहूपमा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।८। २.–५. हे० सं० सिद्धहेम० ल० वृ० १।२।१। ३. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादु + उदग=सादूदग । बहू + ऊसास=बहूसास ।

बहु + ऊसास=बहूसास ।

९. स्वर के बाद स्वर रहने पर पूर्वस्वर का लोप भी हो जाता है[1]। जैसे :—

नर + ईसर—नर् + ईसर = नरीसर, नरेसर ।

तिदस + ईस—तिदस् + ईस=तिदसीस, तिदसेस ।

निसास + ऊसास—नीसास् + ऊसास=नीसासूसास ।

रमामि + अहं—रमामहं । तम्मि + अंसहर=तम्मंसहर ।

उवलभामि + अहं = उवलभामहं ।

देविंद + अभिवंदिअ = देविंदभिवंदिअ ।

ददामि + अहं = ददामहं । ण + एव = णेव ।

१०. जहाँ दो स्वर पास-पास आते हों वहाँ कई स्थानों पर पिछले पद के पहले स्वर का लोप हो जाता है।[2] जैसे :—

फासे + अहियासए = फासे हियासए ।

बालो + अवरज्झइ = बालो वरज्झइ ।

एस्संति अणंतसो = एस्संति णंतसो ।

११. सर्वनाम सम्बन्धी स्वर अथवा अव्यय सम्बन्धी स्वर पास-पास आये हों तो दो में से किसी एक का लोप हो जाता है।[3] जैसे :—

तुब्भे + इत्थ = तुब्भित्थ । जे + एत्थ = जेत्थ ।

अम्हे + एत्थ = अम्हेत्थ । जइ + अहं = जइहं ।

जे + इमे = जेमे । जइ + इमा = जइमा ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।१० । २. सिद्धहे० सं० व्या० १।२।२७ । इस सूत्र से मिलता-जुलता यह नियम है । ३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४० ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१२. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'अपि' अथवा 'अवि' अव्यय के 'अ' का विकल्प से लोप होता है।[१] जैसे :—
किं + अपि = किंपि, किमवि। केण + अवि = केणवि, केणावि।
केहं + अपि = कहंपि, कहमवि।

१३. किसी भी पद के बाद में आये हुए 'इति' अव्यय के 'इ' का लोप हो जाता है।[२]
जं + इति = जंति। जुत्तं + इति = जुत्तंति। दिट्ठं + इति = दिट्ठंति।

१४. यदि स्वरान्त पद के पश्चात् 'इति' अव्यय आ जाय तो 'इ' का लोप होने पर 'ति' का डबल (द्वित्व) 'त्ति' हो जाता है।[३]
तहा + इति = तहत्ति[४]। पुरिसो + इति = पुरिसोत्ति। पिओ + इति = पिओत्ति।

१५. भिन्न-भिन्न पदों में अ अथवा आ से परे इ अथवा ई हो तो 'ए' (गुण) हो जाता है।[५]
न + इच्छति=नेच्छति। जाया + ईस=जायेस। वास + इसि=वासेसि।
खट्टा + इह = खट्टेह (खट्वा + इह)। दिण + ईस = दिणेस।

१६. भिन्न-भिन्न पदों में अ और आ के बाद उ अथवा ऊ रहने पर 'ओ' (गुण) हो जाता है।[६] जैसे :—
सिहर + उवरि = सिहरोवरि। गंगा + उवरि = गंगोवरि। एग + ऊण = एगोण। वीस + ऊण = वीसोण। पाअ + ऊण = पाओण। पउन (=तीन पाव)

१७. पद के अन्तिम 'अ' का अनुस्वार होता है।[७]
जलम् = जलं। फलम् = फलं। गिरिम् = गिरिं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।४१। २—३. हे० प्रा० व्या० ८।१।४२। ४. देखिये—नियम (२)। ५-६. सि० हे० सं० व्या० १।२।६। ७. हे० प्रा० व्या० ८।१।२३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपवाद:—वणम्मि–वणंमि, वणम्मि ।

१८. **यदि पद के अन्तिम 'म्' के पश्चात् स्वर आ जाये तो उसका विकल्प से अनुस्वार होता है।**[1]

उसमम् + अजिअं = उसमं अजिअं, उसममजिअं। नगरम् + आगच्छइ = नगरं आगच्छइ, नगरमागच्छइ।

१९. **कुछ शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन का अनुस्वार हो जाता है**[2] **। जैसे :—**

साक्षात्–सक्खं   पृथक्–पिहं
यत्–जं   सम्यक्–सम्मं
तत्–तं   ऋधक्–इहं
विष्वक्–वीसुं   ऋधकक्–इहयं

२०. **ङ्, ञ्, ण् तथा न् के बाद व्यञ्जन परे रहने पर अनुस्वार हो जाता है**[3] **। जैसे :—**

शङ्ख–सङ्ख, संख।   षण्मुख–छण्मुह, छमुह।
कञ्चुक–कञ्चुअ, कंचुअ।   सन्ध्या–संझा।

२१. **कुछ शब्दों में अनुस्वार का लोप हो जाता है**[4] **। जैसे :—**

विंशति–वीसा।   एवम्–एवं–एव, एवं।
त्रिंशत्–तीसा।   नूनम्–नूनं–नूण, नूणं।
संस्कृत–सक्कय (सं० सस्कृत)। इदानीम्–इआणिं–
संस्कार–सक्कार (सं०सस्कार)। इआणि, इआणिं,
मांस–मांस, मंस।   दाणि, दाणिं।
मांसल–मासल, मंसल।   किम्–किं, कि, किं।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४। २. हे० प्रा० व्या० ८।१।२४।
३. हे० प्रा० व्या० ८।१।२५। ४. हे० प्रा० व्या० ८।१।२८,२९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कांस्य—कास, कंस। संमुख—समुह, संमुह।
पांशु—पासु, पंसु। किंशुक—केसुअ, किंसुअ।
कथम्—कथं, कह, कहं। सिंह—सीह, सिंघ।

२२. अनुस्वार के बाद वर्ग के किसी भी व्यञ्जन के परे रहने पर विकल्प से वर्ग का पाँचवाँ अक्षर हो जाता है[1]। जैसेः—

पंक—पङ्क, पंक
संख—सङ्ख, संख
अंगण—अङ्गण, अंगण
लंघण—लङ्घण, लंघण
कंचुअ—कञ्चुअ, कंचुअ
लंछण—लञ्छण, लंछण
अंजन—अञ्जण, अंजण
संझा—सञ्झा, संझा
कंटअ—कण्टअ, कंटअ
कंठ—कण्ठ, कंठ
कंड—कण्ड, कंड
संढ—सण्ढ, संढ
अंतर—अन्तर, अंतर
पंथ—पन्थ, पंथ
चंद—चन्द, चंद
बंधु—बन्धु, बंधु
कंप—कम्प, कंप
गुंफ—गुम्फ, गुंफ
कलंब—कलम्ब, कलंब
आरंभ—आरम्भ, आरंभ

२३. कुछ शब्दों में दो पदों के बीच 'म्' का आगम हो जाता है[2]। जैसे :—

अन्न + अन्न = अन्नम् अन्न—अन्नमन्न।
एग + एग = एगम् एग—एग्गमेग।
चित्त + आणंदिय = चित्तम् आणंदिय—चित्तमाणंदिय।
जहा + इसि = जहाम् इसि—जहामिसि।
इह + आगअ = इहम् आगअ—इहमागअ।
हट्ठतुट्ठ + अलंकिअ = हट्ठतुट्ठम् आलंकिय—हट्ठतुट्ठमालंकिय।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।१।३०। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१०।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणेगछन्दा + इह = अणेगछंदाम् इह--अणेगछंदामिह ।

जुव्वण + अप्फुण्ण = जुव्वणम् अप्फुण्ण--जुव्वणमप्फुण्ण ।

२४. कुछ शब्दों का अन्तिम व्यञ्जन लोप होने की अपेक्षा पास वाले स्वर में ही मिल जाता है[1]। जैसे :—

किम् + इहं = किमिहं   निर् + अन्तर = निरन्तर ।

यद् + अस्ति = यदत्थि, जदत्थि   दुर् + अतिक्रम = दुरतिक्रम ।

पुनर् + अपि = पुणरवि   दुर् + अइक्कम = दुरइक्कम ।

२५. यहाँ सन्धि के जो-जो नियम बताये गये हैं उनका उपयोग दो पदों में ही करना चाहिये। जहाँ एक से अधिक नियम लागू हों वहाँ प्रचलित प्रयोगों के अनुसार सन्धि करनी चाहिए जिससे अर्थभ्रम न हो। अक्षरपरिवर्तन तथा लोप के नियम का उपयोग करते समय भी अर्थभ्रम न हो इसका ख्याल रखना जरूरी है।

●

---

१. स्वरहीनं परेण संयोज्यम् । तथा है० प्रा० व्या० ८।१।१४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समास[1]

समास का अर्थ है संक्षेप याने थोड़े शब्दों में अधिक अर्थ बतानेवाली शैली का नाम समास है। जिसमें लिखना और बोलना कम पड़ता है फिर भी विशेष अर्थ समझने में किसी प्रकार की कोई न्यूनता न रहे ऐसी शैली की खोज में समास शैली की शोध हुई। इस शोध का विकास पण्डितों की शैली में विशेष रूप से हुआ। बोलचाल की लोकभाषा में इस शैली का प्रचार बहुत कम दिखाई देता है। परन्तु जब लोकभाषा केवल साहित्य की भी भाषा बन जाती है तब उसमें भी इसका प्रयोग प्रचुर मात्रा में होता है।

'न्याय का अधीश' कहना हो तो समास विहीन शैली में 'नायस्स अधीसो' कहा जाएगा। जब कि समासशैली में 'नायाधीसो' कहा जाएगा अर्थात् जिस अर्थ को बताने के लिए समास विहीन शैली में छः अक्षरों की आवश्यकता पड़ती है उसी अर्थ को बताने के लिए समासशैली में केवल चार अक्षरों से ही काम चल जाता है।

इसी प्रकार "जिस देश में बहुत से वीर हैं वह देश" कहना हो तो समास विहीन शैली में "जम्मि देसे बहवो वीरा सन्ति सो देसो" इतना लम्बा वाक्य कहना पड़ता है जब कि उसी अर्थ को बताने के लिए समास-शैली में "बहुवीरो देसो" इतने कम अक्षरों से ही काम चल जाता है। अर्थात् जिस अर्थ को बताने के लिए समास विहीन शैली में चौदह अक्षरों की आवश्यकता पड़ती है, उसी अर्थ को संपूर्ण रूप से बताने वाली समास-शैली में केवल छः अक्षरों से ही सुन्दर रूपेण काम चल जाता है। समास-शैली की यही सब से बड़ी विशेषता है।

---

१. सिद्धहेम० सं० व्या० ३।१।१ से १६३–सम्पूर्ण समास प्रकरण।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसके अतिरिक्त समासशैली की और भी अनेक विशेषताएँ हैं जैसे 'अहिणउलं' (अहिनकुलम्) में एकवचनी द्वन्द्व समास साँप और नकुल दोनों के जातिगत स्वाभाविक विरोध को प्रकट करता है—जब कि 'देवासुरं' में एकवचनी द्वन्द्व समास देव और असुरों में मात्र विरोध को ही सूचित करता है।

इसके अतिरिक्त कई बार जब समास में पूर्वपद की विभक्ति का लोप नहीं होता तब वह किसी अर्थविशेष को बताता है; जैसे 'गेहेसूरो' समास मनुष्य की कायरता को सूचित करता है। "तित्थे कागो अत्थि" यह समास विहीन वाक्य कोई खास विशेष अर्थ नहीं बताता। जबकि 'तित्थकाग' (तीर्थकाक) सामासिक वाक्य तीर्थवासी मनुष्य की अधमता बतलाता है।

कहीं-कहीं समास में मध्यमपद के लोप होने पर भी उसका अर्थ बराबर सूचित होता रहता है। जैसे 'झसोदर' सामासिक शब्द का अर्थ "मछली के पेट की भाँति पेट है जिसका" ऐसा होता है। वस्तुतः ऐसा अर्थ बताने के लिए 'झसोदरोदर' (झस-मछली, उदर-पेट, उदर-पेट) शब्द प्रयुक्त होना चाहिए जब कि इसके बदले केवल 'झसोदर' शब्द ही उक्त अर्थ को पूर्णरूप से बता देता है। इस समास का ही यह एक चमत्कार है। ऐसे समास को 'मध्यमपद-लोपी' समास कहते हैं। इसके अतिरिक्त समासशैली की विशेषता बताने के लिए 'दंडादंडी' (दण्डादण्डि), केसाकेसी (केशाकेशि), अनुरूव (अणुरूव), जहासत्ति (यथाशक्ति) आदि अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं परन्तु उन सभी उदाहरणों को विस्तारपूर्वक देने का यह स्थान नहीं है।

इस बात का यहाँ विशेष ध्यान रखना चाहिए कि समासों की जो खूबी पण्डिताऊ भाषा में है वह खूबी एक समय की लोकभाषारूप इस प्राकृत भाषा में नहीं। परन्तु जब से यह भाषा भी साहित्यिक भाषा बनी तब से इसके ऊपर भी पण्डितों की भाषा के समासों का प्रभाव पर्याप्त रूप से पड़ा है और इसीलिए यहाँ समासों की थोड़ी चर्चा करना समुचित है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समास के प्रसिद्ध चार भेद अथवा प्रकार निम्नलिखित हैं : १. दंद (द्वन्द्व), २. तप्पुरिस (तत्पुरुष), ३. बहुव्वीहि (बहुव्रीहि), ४. अव्वईभाव (अव्ययीभाव) । जिन शब्दों का समास किया जाता है उन्हें अलग-अलग कर देने को विग्रह कहते हैं, विग्रह याने अलग करना ।

१. द्वन्द्व समास :--

द्वन्द्व याने जोड़ा (युगल), द्वन्द्व समास के जोड़े में प्रयुक्त दो अथवा दो से भी अधिक शब्दों में कोई मुख्य अथवा गौण नहीं होता अर्थात् द्वन्द्व समास में प्रयुक्त सभी शब्दों की समान मर्यादा है । जैसे :—'माता-पिता', 'सगा-सम्बन्धी' ये दोनों उदाहरण द्वन्द्व समास के हैं । उसी प्रकार 'पुण्णपावाइं', 'जीवाजीवा', 'सुहदुक्खाइं', 'सुरासुरा' आदि उदाहरण भी द्वन्द्व समास के हैं । द्वन्द्व समास का विग्रह इस प्रकार है :—

पुण्णं च पावं च पुण्णपावाइं ।
जीवा य अजीवा य जीवाजीवा ।
सुहं च दुक्खं च सुहदुक्खाइं ।
सुरा य असुरा य सुरासुरा ।

द्वन्द्व समास द्वारा बने शब्द अधिकतर बहुवचन में प्रचलित हैं । इसी प्रकार 'हत्थपाया' (हस्तपादाः), 'लाहालाहा' (लाभालाभा:), 'सारासारं' (सारासारम्), 'देवदाणवगंधव्वा' (देवदानवगन्धर्वा:) आदि ।

द्वन्द्व समास के विग्रह में य, अ अथवा च प्रयुक्त होता है ।

२. तप्पुरिस समास :—

जिस समास का पूर्वपद अपनी-विभक्ति के सम्बन्ध से उत्तरपद के साथ मिला हुआ हो वह तत्पुरुष समास कहलाता है । इस समास का पूर्वपद द्वितीया विभक्ति से लेकर सप्तमी विभक्ति तक होता है । पूर्वपद जिस विभक्ति का हो उसी नाम से तत्पुरुष समास कहा जायेगा । जैसे:—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बिईया तप्पुरिस (द्वितीया तत्पुरुष), तईया तप्पुरिस (तृतीया-तत्पुरुष), चउत्थी तप्पुरिस (चतुर्थी तत्पुरुष), पंचमी तप्पुरिस (पञ्चमी तत्पुरुष), छट्ठी 'तप्पुरिस (षष्ठी तत्पुरुष) और सत्तमी तप्पुरिस (सप्तमी तत्पुरुष)।

इन सभी के उदाहरण क्रमशः इस प्रकार हैं।

बिईया तप्पुरिसः—

इंदियं अतीतो—इंदियातीतो। वीरं अस्सिओ—वीरस्सिओ (वीराश्रितः)।
सुहं पत्तो—सुहपत्तो। खणं सुहा—खणसुहा (क्षणसुखा)।
दिवं गतो—दिवंगतो।

तईया तप्पुरिसः—

ईसरेण कडे—ईसरकडे (ईश्वरकृतः)। मायाए सरिसी—माउसरीसी
दयाए जुत्तो—दयाजुत्तो। कुलेण गुणेण सरिसी—कुलगुणसरिसी।
गुणेहिं संपन्नो—गुणसंपन्नो। रूवेण समाणा—रूवसमाणा।
रसेण पुण्णं—रसपुण्णं।

चउत्थो तप्पुरिसः—

लोगाय हितो—लोगहितो। बहुजणस्स हितो—बहुजणहितो।
लोगस्स सुहो—लोगसुहो। थंभाय कट्ठं—थंभकट्ठं।

पंचमी तप्पुरिसः—

दंसणाओ भट्ठो—दंसणभट्ठो। वग्घाओ भयं—वग्घभयं।
अन्नाणाओ भयं—अन्नाणभयं। रिणाओ भुत्तो—रिणभुत्तो (भुक्तः)।
संसाराओ भीओ—संसारभीओ।

छट्ठी तप्पुरिसः—

देवस्स मंदिरं—देवमन्दिरं। लेहस्स साला—लेहसाला।
कन्नाए मुहं—कन्नामुहं। विज्जाए ठाणं—विज्जाठाणं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नरस्स इंदो–नरिन्दो। समाहिणो ठाणं–समाहिठाणं।
देवस्स इंदो–देविंदो।

सत्तमी तत्पुरिसः—

कलासु कुसलो–कलाकुसलो। जिणेसु उत्तमो–जिणोत्तमो।
बंभणेसु उत्तमो–बंभणोत्तमो। दिएसु उत्तमे–दिओत्तमे
नरेसु सेट्ठो–नरसेट्ठो।

उववय समास (उपपद समास) तत्पुरुष समास के अन्दर ही समाविष्ट हो जाता है। उववय (उपपद) समास में अन्तिम पद कृदन्तसाधित होता हैं यही इसकी विशेषता है।

उववय समास के कुछ उदारहण :—

कुंभगार	(कुम्भकार)	भासगार	(भाष्यकार)
सव्वण्णु	(सर्वज्ञ)	निण्णया	(निम्नगा)
पायव	(पादप)	नीयगा	(नीचगा)
कच्छव	(कच्छप)	नम्मया	(नर्मदा)
अहिव	(अधिप)	सगडब्भि	(स्वकृतभित्)
गिहत्थ	(गृहस्थ)	पावनासग	(पापनाशक)
सुत्तगार	(सूत्रकार)	वुत्तिगार	(वृत्तिकार) आदि।

विशेषण और विशेष्य का समास भी तत्पुरुष के भीतर समा जाता है उसका दूसरा नाम 'कम्मधारय समास' है। उसके उदारहणः—

पीअं च तं वत्थं च–पीअवत्थं।
रत्तो च सो घडो च–रत्तघडो।
गोरो च सो वसभो च–गोरवसभो।
महंतो च सो वीरो च–महावीरो।
वीरो च सो जिणो च–वीरजिणो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महंतो च सो रायो च–महारायो ।

कण्हो च सो पक्खो च–कण्हपक्खो ।

सुद्धो च सो पक्खो च–सुद्धपक्खो ।

कभी इस समास में दोनों विशेषण भी होते हैं ।

रत्तपीअं वत्थं–(रक्तपीतं वस्त्रम्) ।

सीउण्हं जलं–(शीतोष्णं जलम्) ।

कई बार पूर्वपद उपमासूचक होता है ।

चन्दो इव मुहं–चंदमुहं ।

घणो इव सामो–घणसामो ।

वज्ज इव देहो–वज्जदेहो (वज्रदेहः) ।

कई बार अन्तिम पद उपमासूचक होता है ।

मुहं चंदो इव–मुहचंदो । जिणो इंदो इव–जिणेंदो ।

कई बार पूर्वपद केवल निश्चयबोधक होता है ।

संजमो एव धणं–संजमधणं ।

तवो चिअ धणं–तवोधणं ।

पुण्णं चेअ पाहेज्ज–पुण्णपाहेज्जं (पुण्यपाथेयम्) ।

कम्मधारय समास का प्रथमपद यदि संख्यासूचक हो तो उसको द्विगुसमास कहते हैं ।

नवण्हं तत्ताणं समाहारो–नवतत्तं ।

चउण्हं कसायाणं समूहो–चउक्कसायं ।

तिण्हं लोआणं समूहो–तिलोई ।

तिण्हं लोगाणं समूहो–तिलोगं ।

अभाव या निषेधार्थक 'अ' अथवा 'अण' के साथ संज्ञा शब्दों के समास को नतप्पुरिस (नञ् तत्पुरुष) समास कहते हैं । जैसेः—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

न लोगो–अलोगो । न इट्ठं–अणिट्ठं ।
न देवो–अदेवो । न दिट्ठं–अदिट्ठं ।
न आयारो–अणायारो । न इत्थी–अणित्थी ।

(जिस शब्द के आदि में स्वर हो वहीं 'अण' का प्रयोग करना चाहिए) ।

५, अइ, अव, परि और नि आदि उपसर्गों के साथ संज्ञा शब्दों के समास को पादितप्पुरिस (प्रादि तत्पुरुष) समास कहते हैं ।

पगतो आयरियो–पायरियो । उग्गओ वेलं–उव्वेलो ।
संगतो अत्थो–समत्थो । निग्गओ कासीए–निक्कासि ।
अइक्कंतो पल्लंकं–अइपल्लंको ।

पुणोपवुड्ढो (पुनःप्रवृद्धः), अंतब्भूओ आदि भी इसी प्रकार समझना चाहिए ।

३. बहुव्वीहि समास :—

इस समास में दो से भी अधिक पदों का उपयोग होता है । 'बहुव्वीहि' यानी बहुत व्रीहि (चावल) हैं जिसके पास ऐसा जो कोई हो वह 'बहुव्वीहि' कहलाता है । 'बहुव्वीहि' का जैसा अर्थ है वैसा ही इस समास द्वारा तैयार किये हुए शब्दों का अर्थ भी है । तात्पर्य यह है कि इस समास का पूर्वपद अधिकतर ,विशेषणरूप अथवा उपमासूचक होता है और प्रथम-पद के पश्चात् आनेवाला पद विशेष्य रूप होता है और समास हो जाने पर जो एक संपूर्ण शब्द तैयार होता है वह भी किसी दूसरे का विशेषण ही होता है । इस समास में प्रयुक्त शब्द प्रधान नही होते, परन्तु उनसे पृथक् अन्य कोई अर्थ प्रधान होता है इसलिए इस समास को अन्यपदार्थ-प्रधान समास भी कहते हैं । उपर्युक्त 'बहुव्वीहि' पद का अर्थ ही इस बात को स्पष्ट करता है । जब इस समास में प्रयुक्त शब्द समान विभक्ति वाले हों तो उसे समानाधिकरण बहुव्वीहि समास कहते हैं और जब शब्द

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अलग-अलग विभक्ति वाले हों तो उसे वहिकरण (व्यधिकरण) बहुव्वीहि कहते हैं ।

समानाधिकरण बहुव्वीहि के उदाहरण :—

आरूढो वाणरो जं रुक्खं सो आरूढवाणरो रुक्खो (वृक्षः) ।
जिआणि इंदियाणि जेण सो जिइंदियो मुणी ।
जिओ कामो जेण सो जिअकामो महादेवो ।
जिआ परीसहा जेण सो जिअपरीसहो गोयमो ।
भट्ठो आयारो जस्स सो भट्ठायारो जणो ।
नट्ठो मोहो जस्स सो नट्ठोमोहो साहू ।
घोरं बंभचेरं जस्स सो घोरबंभचेरो जंबू ।
समं चउरंसं संठाणं जस्स सो समचउरंससंठाणो—रामो ।
कओ अत्थो जस्स सो कयत्थो कण्हो ।
आसा अंबरं जेंसि ते आसंबरा ।
सेयं अंबरं जेंसि ते सेयंबरा ।
महंता बाहुणो जस्स सो महाबाहू ।
पंच वत्ताणि जस्स सो पंचवत्तो—सीहो ।
चत्तारि मुहाणि जस्स सो चउम्मुहो-बम्हा ।
एगो दंतो जस्स सो एगदंतो-गणेसो ।
वीरा नरा जम्मि गामे सो गामो वीरणरो ।
सुत्तो सिंघो जाए सा सुत्तसीहा गुहा ।

वधिकरण बहुव्वीहि :—

चक्कं पाणिम्मि जस्स सो चक्कपाणी ।
गंडीवं करे जस्स सो गंडीवकरो अज्जुणो ।

उपमान जिसके प्रथम पद में है ऐसे बहुव्वीहि के उदाहरण :—

मिगनयणाइं इव नयणाणि जाए सा मिगनयणा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसी प्रकार कमलनयणा, गजाणणो, हंसगमणा, चंदमुही आदि ।

न बहुव्रीहि :—

न-कार सूचक 'अ' और 'अण' के साथ भी बहुव्रीहि समास होता हैं। जैसे :—

न अत्थि भयं जस्स सो अभयो ।
न अत्थि पुत्तो जस्स सो अपुत्तो ।
न अत्थि नाहो जस्स सो अणाहो ।
न अत्थि पच्छिमो जस्स सो अपच्छिमो ।
न अत्थि उयरं जीए सा अणुयरा ।

स बहुव्रीहि :—

इसी प्रकार सहसूचक 'स' अव्यय के साथ बहुव्रीहि समास होता है।

पुत्तेण सह सपुत्तो राया ।
सीसेण सह ससीसो आयरियो ।
पुण्णेण सह सपुण्णो लोगो ।
पावेण सह सपावो रक्खसो ।
कम्मणा सह सकम्मो नरो ।
फलेण सह सफलं ।
मूलेण सह समूलं ।
चेलेण सह सचेलं ण्हाणं ।
कलत्तेण सह सकलत्तो नरो ।

प, नि, वि, अव, अइ, परि आदि उपसर्गों के साथ जो बहुव्रीहि समास होता है उसे पादिबहुव्रीहि समास कहते हैं :—

प (पगिट्ठं) पुण्णं जस्स सो पपुण्णो जणो
नि (निग्गया) लज्जा जस्स सो निल्लज्जो
वि (विगओ) धवो जीए सा विधवा
अव (अवगतं) रूवं जस्स सो अवरूवो (अपरूप:)
अइ (अइक्कंतो) मग्गो जेण सो अइमग्गो रहो
परि (परिगतं) जलं जाए सा परिजला परिहा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. अव्वईभाव समास :—

जब युद्ध, अथवा झगड़ा बताने के लिए बराबर क्रिया बतानी हो तब इस समास का उपयोग होता है। जैसे भाषा में प्रचलित 'मारा-मारी', 'मुक्का-मुक्की' आदि शब्द इस समास के माने जाते हैं। प्रस्तुत में 'केसाकेसि', 'दण्डादण्डि' आदि शब्द हैं। इस समास में जिन दो शब्दों का समास होता है दोनों शब्द बिलकुल एक जैसे होने चाहिए। यही इसकी विशेषता है 'हत्थ' और 'पाय' ऐसे अलग-अलग शब्दों का यह समास नहीं हो सकता। यह समास अव्यय के समान ही माना जाता है।

इसके अतिरिक्त अव्ययों के साथ भी यह समास होता है।

उव—गुरुणो समीवं उपगुरु।

अणु—भोयणस्स पच्छा अणुभोयणं।

अहि (अधि)—अप्पंसि अंतो अज्झप्पं।

जहा—सत्ति अणइक्कमिऊण जहासत्ति।

जहा—विहि अणइक्कमिऊण जहाविहि।

जहा—जुग्गयं अणइक्कीमऊण जहारिहं

पइ—पुरं पुरं पइ पइपुरं।

समास में अधिकतर प्रथम शब्द के अन्तिम स्वर में ह्रस्व हो तो दीर्घ हो जाता है और दीर्घ हो तो ह्रस्व हो जाता है।[1] जैसे—

ह्रस्व को दीर्घ :—

अन्तर्वेदि—अंतावेइ भुजयन्त्र—भुआयंत, भुअयंत।

सप्तविंशति—सत्तावीसा पतिगृह—पईहर, पइहर।

वारिमती—वारीमई, वारिमई। वेणुवन—वेलूवण, वेलुवण।

---

१. दे० प्रा० व्या० ८।१।४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दीर्घ को ह्रस्व :—

यमुनातट—जँउणयड, जंउणायड

नदीस्रोतस्—नइसोत्त, नईसोत्त

गौरीगृह—गोरिहर, गोरीहर

वधूमुख—बहुमुह, वहूमुह

संस्कृत भाषा में भी समास में ह्रस्व का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व होने का विधान पाणिनिकाल से पाया जाता है—

ह्रस्व का दीर्घ :—

अष्टकपालम्—अष्टाकपालम् ।

अष्टगवम्—अष्टागवम् ।

अष्टपदः—अष्टापदः, इत्यादि ।

दीर्घ का ह्रस्व :—

दर्शनीया + भार्याः—दर्शनीयभार्यः ।

अता + थ्यम्—अतथ्यम् ।

पचन्ती + तरा—पचन्तितरा ।

नर्तकी + रूपा—नर्तकिरूपा ।

स्त्री + तरा—स्त्रितरा, इत्यादि ।

दीर्घका ह्रव—देखिए–काशिका ६।३।३४, ६।३।३, ६।३।४४, ६।३।४५।
ह्रस्व का दीर्घ—देखिए–काशिका ६।३।११५ से ६।३।१३२, ६।३।४६।

इसके अतिरिक्त इस समास के और भी बहुत से प्रयोग पण्डितों की भाषा में उपलब्ध होते हैं परन्तु उन सबका यहाँ कोई उपयोग नहीं होने से नहीं दिये गये हैं। इस प्रकार समासों के विषय में उपयोगिता की दृष्टि से आवश्यकतानुसार स्पष्टता हो जाती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वैदिक तथा लौकिक संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत भाषा की तुलना

१. वैदिक संस्कृत और प्राकृत भाषा में अधिक समानता है। जिस प्रकार वैदिक संस्कृत के धातुओं में किसी प्रकार का गणभेद नहीं है उसी प्रकार प्राकृत भाषा में भी धातुओं में गणभेद नहीं है। जैसे :—

पाणिनीय धातुरूप	वैदिक धातु रूप	प्राकृत धातु रूप
हन्ति	हनति	हनति, हणति
शेते	शयते	सयते, सयए
भिनत्ति	भेदति	भेदति, भेदइ
म्रियते	मरते	मरते, मरए

—देखिये, वैदिक प्रक्रिया सू० २।४।७३, ३।४।८५, २।४।७६, ३।४।११७, ऋग्वेद पृ० ४७४ महाराष्ट्र संशोधन मण्डल।

२. वैदिक संस्कृत में और प्राकृत भाषा में आत्मनेपद तथा परस्मैपद का भेद नहीं है। जैसे :—

पाणि० सं०	वै० सं०	प्रा० भा०
इच्छाति	इच्छति, इच्छते	इच्छति, इच्छते
युध्यते	युध्यति, युध्यते	जुज्झति, जुज्झते

—देखिये, वैदिक प्रक्रिया ३।१।८५।

३. वैदिक संस्कृत के तथा प्राकृत भाषा के क्रियापदों में अन्य पुरुष का (तृतीय पुरुष का) एक वचन 'ए' प्रत्यय लगने से पाणि० सं० 'शेते' के स्थान में वेदों में शये तथा पाणि० सं० ईष्टे के स्थान में वेदों में 'ईशे' क्रियापद होते हैं। इसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकार प्राकृत भाषा में 'शेते' के स्थान में 'सए' तथा 'ईष्टे' के स्थान में 'ईसे' अथवा -ईसए' प्रयोग होते हैं।

—देखिये, वैदिकप्रक्रिया सू० ७।१।१। तथा ऋग्वेद पृ० ४६८ महाराष्ट्र संशोधन मण्डल।

४. वर्तमानकाल, भूतकाल वगैरह कालों की वेदों में तथा प्राकृत भाषा में कोई नियमिता नहीं है अर्थात् वैदिक क्रियापद में वर्तमान के स्थान में परोक्ष भी होता है—म्रियते के स्थान में ममार—देखिये, वै० प्र० ३।४।६।

इसी प्रकार प्राकृत भाषा में परोक्ष के स्थान में वर्तमान का प्रयोग भी होता है—प० प्रेक्षांचक्रे के स्थान में व० पेच्छइ। प० आबभाषे के स्थान में व० आभासइ तथा व० शृणोति के स्थान में भू० सोहीअ—देखिये, हे० व्या० ८।४।४४७।

५. काल के व्यत्यय की तरह वैदिक नामों के रूपों में तथा प्राकृत भाषा के नामों के रूपों में विभक्तियों का भी व्यत्यय होता रहता है। वेदों में और प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग विहित है। —देखिये वै० प्र० सू० २।३।६२ तथा हैम० प्रा० व्या० ८।३।१३१।

वेदों में तृतीया विभक्ति के स्थान में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता है —वै० प्र० २।३।६३ तथा है० प्रा० व्या० ८।३।१३४। १३५, १३६, १३७ तथा कच्चायण पालिव्याकरण कारककप्पं कां ६, सू० २०, ३६, ३७, ३८, ३६, ४०, ४१, ४२।

६. सब प्रकार के विधानों में वैदिक व्याकरण में बहुलम् का व्यवहार होता है। इसी प्रकार प्राकृत भाषा के व्याकरण में सर्वत्र बहुलम् का व्यवहार होता है। देखिये—बहुलं छन्दसि २।४।३९ तथा ७३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है० प्रा० व्या० ८।१।२ तथा ३। कच्चायण पालिव्या० नामकप्प-कांड १, सू० १, संधिकप्प कांड ४, सू० ९।

७. वैदिक शब्दों में अन्तिम व्यञ्जन का लोप होता है। इसी प्रकार प्राकृत भाषा में अन्त्यव्यंजन का लोप व्यापक है।

वैदिक रूप :—

पश्चात्--पश्चा, पश्चार्ध—वै० प्र० ५।३।३३।
उच्चात्–उच्चा—तैत्ति० सं० २।३।१४।
नीचात्–नीचा—तैत्ति० सं० १।२।१४।
विद्युत्–विद्यु—अन्त्यलोपः छान्दसः, ऋग्वेद पृ० ४६६ म० सं० मं०।
युष्मान्–युष्मा—वाज० सं० १।१३।१। शत० ब्रा० १।२।६।
स्यः–स्य—वै० प्र० ६।१।१३३।

प्राकृत रूप :—

तावत्–ताव।
यावत्–जाव।
तमस्–तम।
चेतस्–चेत, इत्यादि।

—देखिए पृ० १२ व्यंजन का परिवर्तन-लोप।

८. वैदिक भाषा में 'स्प' को 'प' हो जाता है। प्राकृतिक भाषा में भी स्प को प हो जाता है।

वै०	प्रा०
स्पृशन्य—पृशन्य।	स्पृहा—पिहा, निस्पृह—निप्पह।
—ऋग्वेद पृ० ४६६ म० सं०।	—देखिए, पृ० ५७। पूर्ववर्ती 'स' का लोप।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. 'र' का लोप :—

वै०	प्रा०
अप्रगल्भ—अपगल्भ	क्रिया—किया
—तै० सं० ४।५।६।१ ।	—देखिए पृ० ५९—परवर्ती 'र' का लोप ।

१०. 'य' का लोप :—

वै०	प्रा०	
त्र्यृच:—तृच:	श्याम—साम	—देखिए पृ० ५८—
—वै० प्र० ६।१।३४ ।	व्याध—वाह	परवर्ती व्यंजन का लोप ।

११. 'ह' को 'ध' :—

वै०		प्रा०
सह—सध सहस्थ—सधस्थ	वै० प्र० ६।३।९६ ।	इह—इध
गाह—गाध वहू—वधू	—निरुक्त पृ० १०१	तायह—तायध देखिए पृ० ३७—चतुर्थ
शृणुहि—शृणुधि—वै० प्र० ६।४।१०२ ।		नियम का अपवाद ।

१२. 'थ' को 'ध' तथा 'ध' का 'थ' :—

वै०	प्रा०
माधव—माथव	नाथ—नाध
—शत० ब्रा० १।३।३।१०,	देखिए पृ० ३७ चतुर्थ
११, १७ ।	नियम का अपवाद ।

१३. 'द्य' को 'ज' :—

वै०	प्रा०
द्योतिस्—ज्योतिस्	द्युति—जुति
—अथर्व० सं० ४।३७।१० ।	उद्योत—उज्जोत
;निरुक्त पृ० १०१, १२ ।	—देखिए पृ० ६६, 'ज' विधान ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्योतते—ज्योतते

—निरुक्त पृ० १७०, १६।

अवद्योतयति—अवज्योतयति

—शत०ब्रा० १, २, ३, १६।

द्योतय—ज्योतय

अवद्योत्य—अवज्योत्य

—का० श्रौ० ४।१४।५।

१४. 'ह' को 'घ' तथा 'भ' :—

वै० प्रा०

आहृणि—आघृणि। दाह, दाघ

—निरुक्त पृ० ३८२, ३६। (प्राकृत में ये दोनों शब्द प्रचलित हैं।)

विदेह—विदेघ।

—शत० ब्रा० १।३।३; १०।११।१२।

मेह—मेघ। विह्वल—विब्भल।

—निरुक्त पृ० १०१,१। जिह्वा—जिब्भा।

गृहीत—गृभीत।

गृहाण—गृभाण्य।

जहार—जभार।

} वै० प्र० ३।१।८४। —देखिए पृ० ७२ 'भ' विधान

१५. 'ड' को 'ल' तथा 'ड' को 'ळ':—

वै० प्रा०

ईडे—ईळे ईडे, ईले, ईळे।

अहेडमानः—अहेळमानः। अहेळमानो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दृढ–दृळह ।	दळह ।
सोढा–साळ्हा ।	सोळहा
—वै० प्र० ६।३।११३ ।	देखिए पृ० ३६, नियम ७ तथा पृ० ४२, ४३ ।

१६. अनादिस्थ 'य' तथा 'व' का ल़ोप :—

वै०	प्रा०
प्रयुग–पउग —वा० सं० १५-६ ।	प्रयुग–पउग
'सिव्' धातु का—सीमहि —ऋ०वे० पृ० १३५, ३ । पृथुजव:–पृथुज्रय: —निरुक्त पृ० ३८३, ४० ।	पृथुज्रव:–इस प्रयोग में 'व' का लोप होकर फिर शेष 'अ' की 'य' श्रुति हुई है जैसे लावण्य–लायण्ण । देखिए—पृ० ३३ (ख) तथा पृ० ३७ नियम ३ ।

१७. अभूतपूर्व 'र' का आगम :—

अधिगु–अध्रिगु । —निरुक्त पृ० ३८७, ४३ ।	
पृथुजव:–पृथुज्रय: । इन रूपों में अभूतपूर्व 'र' का आगम हो गया है ।	अपभ्रंश-प्राकृत में व्यास का व्रास तथा चैत्य का चैत्र जैसे रूपों में अभूतपूर्व 'र' का आगम हो गया है । देखिये—नियम २९ आगम–पृ० ८८ ।

१८. 'क' तथा 'च' का लोप :—

वै०	प्रा०
याचामि–यामि	कचग्रह–कयग्गह
—निरुक्त पृ० १००, २४१ ।	शची–सई
अन्तिक–अन्ति	लोक–लोअ
—ऋग्वेद पृ० ४६६ म० सं० ।	–देखिए पृ० ३३ (ख)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१९. आन्तर अक्षर का लोप :—

वै०	प्रा०
शतक्रतवः—शतक्रत्व	राजकुल—राउल
पशवे—पश्वे	प्राकार—पार
—वै०प्र० ७।३।९७।	दुर्गादेवी—दुग्गावी
निविविशिरे—निविविश्रे	आगत—आय
—ऋ० सं० ८।१०१।१८।	—देखिए पृ० ५४, नियम २६।
आगतः—आताः	
—निरुक्त पृ० १४२ दिशानाम।	

२०. संयुक्त व्यञ्जनों के मध्य में स्वरों का आगम :—

वै०	प्रा०
तन्वम्—तनुवम्	अर्हन्—अरुहंत
—तै० आ० ७।२२।१।	लघ्वी—लघुवी
स्वर्गः—सुवर्गः	
—तै० आ० ४।२।३।	
त्र्यम्बकम्—त्रियम्बकम्	आश्चर्य—अच्छरिय
—वै०प्र० ६।४।८६।	
विभ्वम्—विभुवम्	तन्वी—तणुवी
सुध्यो—सुधियो	अर्हन्—अरिहंत
राच्या—रात्रिया	क्रिया—किरिया
सहस्र्यः—सहस्रियः	दिष्टया—दिट्ठिआ
—यजु०वे०।	
तुव्र्यासु—तुग्रियासु	भव्य—भविय
—वै० प्र० ४।४।११५।	—देखिए पृ० ७३ नियम १६ तथा पृ० ८६ आगम।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२१. 'ऋ' को 'र' तथा 'उ' :—

वै०	प्रा०
ऋजिष्ठम्–रजिष्ठम्	ऋद्धि–रिद्धि
—वै० प्र० ६।४।१६२।	
वृन्द–वुन्द	वृन्द–वुन्द
—निरुक्त पृ० ५३२, अं० १२८।	
तॄ–ततुरिः	ऋषभ–उसभ
	ऋतु–उतु
गॄ–जगुरिः	वृद्ध–वुड्ढ
—वै०प्र० ७।१।१०३।	
वृणीत–वुरीत	—देखिए पृ० १४, १५ नियम–८, ६।
—शु०य०सं० पृ० ६२ मंत्र ८।	तथा पृ० २७, २८ 'ऋ' का
कृत–कुट	परिवर्तन।
—निरुक्त पृ० ४२२, ७०।	

२२. 'द' को 'ड' :—

वै०	प्रा०
दुर्दभ–दूडभ	दण्ड–डंड
—वा० सं० ३, ३६।	दंभ–डंभ
पुरोदाश–पुरोडाश	—देखिए—पृ० ४८ नियम ११
—शु० प्रा० ३।४४।	'द' का परिवर्तन।
वै० प्र० ३।२।७१।	

२३. 'अव' को 'ओ' तथा 'अय' को ए :—

वै०	प्रा०
श्रवणा–श्रोणा	अवहसित–ओहसित
—तै०ब्रा० १.५–१.४; ५.२.६।	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	नयति—नेति
अन्तरयति—अन्तरेति	कयल—केल
—शत० ब्रा० १.२—३.१८;	अयस्कार—एक्कार
४.२०; ३.१.१६।	—देखिए पृ० ८२ नियम २७

२४. संयुक्त के पूर्व का ह्रस्व :—

वै०	प्रा०
रोदसीप्रा—रोदसिप्रा	तीर्थ—तित्थ
—ऋ० सं० १०.८८.१०।	ताम्र—तंब
अमात्र—अमत्र	—देखिए पृ०—१२ (२)।
ऋ० सं० २.३६.४।	

२५. 'क्ष' को 'छ' :—

वै०	प्रा०
अक्ष—अच्छ	अक्षि—अच्छि
—अथ० सं० ३.४.३।	अक्ष—अच्छ
	—देखिए पृ० ६४
	नियम ४—'छ' विधान

२६. अनुस्वार के पूर्व के दीर्घ का ह्रस्व :—

वै०	प्रा०
युवाम्—युवम्	मांस—मंस
—ऋ०सं० १।१५-६।	मालाम्—मालं

२७. विसर्ग का 'ओ' :—

वै०	प्रा०
सः चित्—सो चित्।	देवः अस्ति—देवो अत्थि।
—ऋ० वे० पृ० १११२ म० सं०।	पुनः एति—पुणो एति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संवत्सरः अजायत—संवत्सरो अजायत
——ऋ० सं० १–१९१–१०–११ ।
आपः अस्मान्—आपो अस्मान्
—वै० प्र० ६।१।११७

इत्यादि । देखिए पृ० ६१
अः को ओ ।

२८. ह्रस्व को दीर्घ तथा दीर्घ को ह्रस्व :—

वै०	प्रा०
एव, एवा	अहव, अहवा (अथवा)
अच्छ, अच्छा	एव, एवा (एव)
—वै० प्र० ६।३।१३६'।	जह, जहा (यथा)
घ, घा,	तह, तहा (तथा)
मक्षु, मक्षू	चतुरन्त—चाउरंत
कु, कू	
अत्र, अत्रा	परकीय—पारक्क
यत्र, यत्रा	——देखिये पृ० १६ तथा पृ० २० ।
तु, तू	विश्वास—वीसास
नु, नू	मनुष्य—मणूस
पुरुष, पूरुष	—देखिए पृ० ११ ।
—वै० प्र० ६।३।११३ तथा १३७ ।	
दुर्दभ, दूदभ	
दुर्लभ, दूळभ	
—वा० सं० ३ । ३६ । ऋ० सं० ४।६।८ ।	
दुर्नाश, दूनाश ।	
—शु० प्रा० ३।४३ ।	

२९. अक्षरों का व्यत्यय :—

वै०	प्रा०
निसृकर्त्य—निष्टर्क्य ।	आलान—आणाल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—वै०प्र० ३।१।१२३ ।

कर्तुः—तर्कुः ।

—निरुक्त पृ० १०१-१३ ।

नमसा—मनसा ।

—ऋग्वेद पृ० ४८६ म०सं० ।

तङ्ककः—कङ्कतः ।

"तकतेर्गत्यर्थस्य वर्णव्यत्ययेन कङ्कत इति"

—ऋग्वेद पृ० ११०६ म० सं० ।

महाराष्ट्र—मरहट्ठ ।

वाराणसी—वाणारसी ।

—देखिए पृ० ८८ अक्षरों का व्यत्यय ।

३०. हेत्वर्थ कृदन्त के प्रत्यय में समानता :—

वै०	प्रा०
कर्तुम्—कर्तवे । —वै० प्र० ३।४।९ वै०प्र० ३।४।९ सूत्र में 'से', 'सेन्' और 'असे' प्रत्ययों का विधान 'तुम्' के स्थान में किया गया है । इस नियम से 'इ' धातु का 'एसे' (एतुम्) रूप होगा ।	कत्तवे, कातवे, कत्तिए । गणेतुये, दक्खिताये नेतवे, निधातवे एसे —देखिए पालिप्र० संकीर्णक० कृ० पृ० २५८ ।

३१. (क) क्रियापद के प्रत्ययों में समानता :—

वै०	प्रा०
अन्यपुरुष बहुवचन—दुह् + रे = दुह्रे । —वै०प्र० ७।१।८ ।	अन्यपुरुष के बहुवचन में 'रे' और 'इरे' प्रत्यय का भी व्यवहार होता है । गच्छ—गच्छरे, गच्छिरे । —हे०प्रा०व्या० ८।३।१४२ तथा पा० प्र० पृ० १७१ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(ख) आज्ञार्थसूचक 'इ' प्रत्यय :—

वै०	प्रा०
बोध् + इ = बोधि ।	बोध् + इ = बोधि, बोहि ।
	सुमर्—इ = सुमरि ।
	—देखिये हे० प्रा० व्या० ८।४।३७।

३२. संज्ञा शब्दों के रूपों में प्रत्ययों की समानता :—

वै०	प्रा०
देवेभिः	देवेभि, देवेहि ।
—वै० प्र० ७।१।१०।	
पतिना	पतिना ।
—वै०प्र० १।४।६।	
गोनाम्	गोनं, गुन्नं ।
—वै० प्र० ७।१।५७।	
युष्मे	तुम्हे ।
अस्मे	अम्हे ।
—वै० प्र० ७।१।३९।	
त्रीणाम्	तिन्नं, तिण्हं ।
—वै० प्र० ७।१।५३।	
नावया	नावाय, नावाए ।
—वै० प्र० ७।१।३९।	
इतरम्	इतरं
—वै प्र० ७।१।२६।	
वाह + अन = वाहनः	वाहणओ, वोल्लणओ
('कर्ता' सूचक 'अन' प्रत्यय)	इत्यादि ।
—वै० प्र० ३।२।६५,६६।	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३३. अनुस्वारलोप :—

वै०	प्रा०
मांस—मास	मांस–मास, मंस ;
—वैदिकग्रामर	–देखिए पृ० ६२
कंडिका ८३–१	नियम २१

३४. भूतकाल में आदि में 'अ' का अभाव :—

वै०	प्रा०
अमथ्नात्–मथीत्	मथीअ
अरुजन्–रुजन्	रुजीअ
अभूत्–भूत्	भवीअ

—ऋ० वे० पृ० ४६४,४६५ म० सं० ।

३५. इकारांत शब्द के प्रथमा विभक्ति का बहुवचन :—

वै०	प्रा०
अत्रिणः	हरिणो

तृजन्तस्य 'अत्तृ' शब्दस्य (प्रथमा बहुवचन)
जसः छान्दसः 'इनुड्' आगमः ।
ऋ० वे० पृ० ११३–५ सूत्र मेक्स०

३६. 'कृ' का तथा 'जि' धातु का रूप :—

वै०	प्रा०
कृणोति	कुणति—हे० प्रा० व्या० ८।४।६५ ।
जेन्यः	जिणइ—हे० प्रा० व्या० ८।४।२४१ ।

–ऋ० वे० पृ० २२६–२२७ ।
तथा पृ० ४६५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७. **अकारांत शब्द में लगनेवाला प्रत्यय ईकारान्त में भी लगता है :—**

वै०	प्रा०
नद्यैः	नदीहि—हे० प्रा० व्या० ८।३।१२४
—वै० प्र० ७।१।१०। पाणि० काशिका ।	
इस रूपमें अकारान्त में लगनेवाला प्रत्यय ईकारांत में भी लगा है ।	प्राकृत में अकारान्त में लगने वाले प्रत्यय ईकारांत में भी लगते हैं ।

द्विवचन का रूप बहुवचन के समान :—

वै०	प्रा०
देवा	प्राकृतभाषा में द्विवचन होता ही नहीं है ।
उमा	द्विवचन के सब रूप बहुवचन के समान
वेनन्ता	होते हैं—"द्विवचनस्य बहुबचनम्"
—ऋग्वेद पृ० १३६–६।	—हे० प्रा० व्या० ८।३।१३०
इन्द्रावरुणा	
—ऋ० सं० ७।८२।१।४ ।	
मित्रावरुणा	हत्था
या	पाया
दिविस्पृशा	थणया
अश्विना	नयणा, इत्यादि ।
—वै० प्र० ७।१।३९ ।	

सृण्या—'आकारः छन्दसि द्विवचनादेशः' —तन्त्रवार्तिक पृ० १५७, आनन्दाश्रम ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८. विभक्तिरहित प्रयोग :—

वै०		प्रा०
आर्द्रे चर्मन् लोहिते चर्मन् परमे व्योमन्	सप्तमी का अप्रयोग ।	प्राकृत भाषा में भी अनेक प्रयोग विभक्तिरहित ही पाये जाते हैं ।
—वै० प्र० ७।१।३९ ।		गय—षष्ठी का बहुवचन
वीळु दळ्हा अभिज्ञु	द्वितीया का अप्रयोग ।	बहुशत— ,, ,, इत्यादि ।
—ऋ०वे० पृ० ४६४ तथा ४७२ म० सं० ।		

३९. समान अर्थयुक्त अव्यय :—

वै०	प्रा०
कुह (कुत्र)	कुह (कुत्र)
न (उपमासूचक)	णं (उपमासूचक)
—ऋ०वे० पृ० ७३३ म० सं० ; तथा निरुक्त पृ० २२० ; तथा ऋ० वे० पृ० ४६०-४६२- ५२८ म० सं० ।	
दिवेदिवे	दिविदिवि —हे०प्रा०व्या० ८।४।३९९।

४०. संधि का विकल्प :—

वै०	प्रा०
ईषा + अक्षो ज्या + इयम् पूषा + अविष्टु —वै०प्र० ६।१।१२६ ।	पदयोसन्धिर्वा —हे॰ प्रा० व्या० ८।१।५ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संस्कृत और प्राकृत में स्वरों का समान परिवर्तन[1]

१. 'अ' का लोप :—

सं०	प्रा०
अलावू, लावू ।	देखिए—पृ० १९ 'अ' का लोप ।

२. 'अ' को 'आ :—

पति—पाति ।	देखिए—पृ० १७ नि० १ ।

३. 'अ' को 'इ' :—

कन्दुक, गिन्दुक ।	देखिए—पृ० १७ 'अ' को 'इ' ।

४. 'आ' को 'अ' :—

कुमार, कुमर फाल, फल कलाज्ञ, कलज्ञ	देखिए—पृ० १३ नि० ३ ।

५. 'इ' को 'अ' :—

सं०	प्रा०
पेटिक, पेटक	देखिए—पृ० २१ नि० ३ ।

६. 'इ' को 'ए' :—

सं०	प्रा०
मुहिर, मुहेर गिन्दुक, गेन्दुक	देखिए—पृ० २२ 'इ' को 'ए' ।

---

१. अर्थात् वैयाकरण जिसको अवैदिक संस्कृत कहते हैं ऐसी प्राचीन पुरोहितों की पंडिताऊ संस्कृतभाषा के शब्दों के साथ भी प्राकृतभाषा के शब्दों की तुलना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

७. 'ई' को 'ए' :—

सं०	प्रा०
पीयूष, पेयूष	देखिए—पृ० २४ 'ई' को 'ए'।

८. 'ऋ' को 'रि' :—

सं०	प्रा०
ऋज, रिज	देखिए—पृ० १५ नि० (६)।

९. 'ऋ' को 'लृ' :—

सं०	प्रा०
ऋफिड, लृफिड	प्राकृत में भी 'र' का 'ल' होता है।—देखिए पृ० ५२ 'र' का परिवर्तन

(१०) 'औ' को 'उ' :—

सं०	प्रा०
कौतुक, कुतुक।	देखिये, पृ० ३२ 'औ' को 'उ'।
कौक्कुण, कुक्कुण।	

संस्कृत तथा प्राकृत में व्यंजनों का समान परिवर्तन

१. अन्त्यव्यंजन का लोपः—

सं०	प्रा०
धामन्, धाम	
महस्, मह	
तमस्, तम	
सोमन्, सोम	देखिये, पृ० ३२ नि० (क)।
रोचिस्, रोचि	
शोचिस्, शोचि	
चर्मन, चर्म	
शवस्, शव	
होमन, होम	
तपस्, तप	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. 'क' को 'ग' :—

सं०	प्रा०
दक, दग	
कन्दुक, गिन्दुक	देखिये, पृ० ४४ 'क' को 'ग'।
द्रकट, द्रगड	
काश्मरी, गम्भारी	

३. 'ख' को 'ह' :—

मुखल, मुहल (मुसल) — देखिये, पृ० ३७ नि० ४।

४. 'घ' को ह :—

घस्र, हस्र — देखिए ,, ,, ,,

५. 'द' को ज :—

जम्पती, दम्पती (प्राचीन शब्द)। देखिए पा० प्र० पृ० ५७ ज-द तथा पृ० ६६ 'ज' विधान ।

६. 'ट' को 'ड' :—

तटाक, तडाक

पेटा, पेडा — देखिए पृ० ३९, नि० ५।

कुटी, कुडी

७. 'ड' को 'ल' :—

जड, जल

बिडाल, बिलाल

कडत्र, कलत्र — देखिए पृ० ३९, नि० ९।

नाडी, नाली

कडेवर, कलेवर

बडिश, बलिश

बाडिश, बालिश

दुडि, दुलि

ताडक, तालक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

८. 'ण' को 'ल' :—

श्लेष्मण, श्लेष्मल — देखिए पृ० ४६ नि० ८।

९. 'त' को 'ट' :—

विकृत, विकट (प्राचीन शब्द) — देखिए पृ० ४६ नि० ९।

१०. 'त' को 'थ' :—

पीती, पोथी — देखिए पा० प्र० पृ० ५९ त-थ।

११. 'त' को 'र' :—

प्रतिदान, परिदान — देखिए पृ० ४७ 'त' को 'र'।

१२. 'थ' को 'ध' :—

मथुरा, मधुरा — देखिए पृ० ३७ नि० ४—अपवाद।

१३. 'द' को 'त' :—

बादाम, बाताम — देखिए पृ० ३५, पैशाची तथा पालि।

राजादन, राजातन

१४. 'प' को 'ब' :—

तम्पा, तम्बा — देखिये पृ० ४९ 'प' का परिवर्त्तन।

१५. 'प' को 'व' :—

कपाट, कवाट — देखिए पृ० ४० नि० १०।

जपा, जवा

पारापत, पारावत

लिपि, लिवि

१६. 'भ' को 'ब' :—

करम्भ, करम्ब — दे० पृ० ५० 'भ' का परिवर्तन।

१७. 'म' को 'व' :—

श्रमण, श्रवण — दे० पृ० ५० 'म' का परिवर्तन।

९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१८. 'य' को 'ज' :—

यमन, जमन

यानि, जानि — दे० पृ० ४१ नि० १३।

यातु, जातु

यातुधान, जातुधान

१९. 'र' को 'ल' :—

पुरुष, पुलुष

तरुण, तलुन

क्षुधारु, क्षुधालु — दे० पृ० ५३ 'र' का परिवर्तन।

शीतारु, शीतालु

राक्षा, लाक्षा

रोम, लोम

चरण, चलन

ऋफिड, ऋफिल

२०. 'व' को 'ब' :—

द्वार, बार — प्राकृत भाषा में व और ब समान माने जाते हैं। दे० पृ० ४१ नियम १२।

२१. 'व' को 'म'

द्रविड, द्रमिड — दे० पृ० ४० 'व' का परिवर्तन।

यवनी, यमनी

२२. 'श' को 'स' :—

शूर्प, सूर्प (प्राचीन शब्द)

काशी, कासी

शाक, साक — दे० पृ० ४३ नि० १४।

शर्करा, सर्करा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शुभ, सुभ
शची, सची
शर्वरी, सर्वरी

२३. 'ष' को 'श' :—
अभीषु, अभीशु — दे० पृ० ४३ मागधी ष-श ।
वेष्या, वेश्या

२४. 'ष' को 'स' :—
वृषी, वृसी
चाष, चास — दे० पृ० ४३ नि० १४ ।
मषी, मसी

२५. 'स' को 'श' :—
सूरि, शूरि
स्याल, श्याल — दे० पृ० ४३ मागधी स-श ।
अस्र, अश्रु
दासी, दाशी

२६. 'ह' को 'घ' :—
अंह्रि, अङ्घ्रि — दे० पृ० ४३ नि० १५ ।

संयुक्त व्यंजन का परिवर्तन

१. 'क' का 'लोप' :—
योक्त्र, योत्र — देखिए पृ० ५६ लोपविधान ।

२. 'द' का 'लोप' :—
कुद्दाल, कुदाल — दे० पृ० ५७ लोपविधान ।

३. 'य' का 'लोप' :—
श्याली, शाली

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मत्स्य, मत्स तूर्य, तूर चैत्य, चैत्र	दे० पृ० ५७ परवर्ती व्यंजन का लोप।

४. 'र' का 'लोप' :—

कुर्कुट, कुक्कुर कुर्कुर, कुक्कुर वप्र, वप्प (बाप = पिता) द्राढिका, दाढिका प्रियाल, पियाल	दे० पृ० ५६ लोपविधान।

५. 'ल' का लोप :—

झल्लरी, झलरी	दे० पृ० ५६ लोपविधान।

६. 'व' का 'लोप' :—

ऊर्ध्व, ऊर्ध	दे० पृ० ५८ लोपविधान।

७. 'स' का 'लोप' :—

स्तूप, तूप	दे० पृ० ५७ लोपविधान।

८. 'अनुस्वार का 'लोप' :—

अम्बा, अब्बा	दे० पृ० ९७ नि० २१ तथा पा० प्र० पृ० ८२ नि० २५।

९. स्वर का लोप तथा स्वरसहित मध्यस्थित व्यंजन का लोप :—

रसना, रस्ना वासर, वास्र भगिनी, भग्नी उदुम्बर, उम्बुरक, उम्बर	दे० पृ० ५४ नि० २६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुदत्त, सुत्त
आदत्त, आत्त
प्रदत्त, प्रत्त
वह्नी, वेणी

१०. 'अनुस्वार' का 'आगम' :—

भद्र, भन्द्र — दे० पृ० ८७ अनुस्वार का आगम।
अत्तिका, अन्तिका
लक्षण, लाञ्छन

११. र्थ, र्भ, म्र, र्ष और ह्र इन संयुक्तव्यंजनों के बीच में अकार तथा इकार का आगम :—

मनोऽर्थ, मनोरथ
कम्र, कमर
गर्भ, गरभ — दे० पृ० ८६ आगम।
हर्ष, हरिष
वर्षा, वरिषा
वर्ष, वरिष
पर्षत्, परिषत्
दह्र, दहर

१२. 'क्ष' को 'ख' :—

क्षुल्लक, खुल्लक — दे० पृ० ६२ खविधान।
क्षुर, खुर
पक्ष, पुङ्ख

१३. 'क्ष' को 'च्छ' :—

पक्ष, पिच्छ — दे० पृ० ६४ नि० ४।
क्षुरी, छुरी
कक्ष, कच्छ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४. 'त्त को 'ट्ट' :—

पत्तन, पट्टण — दे० पृ० ६७ नि० ७।

१५. 'र्त' को 'ट' :—

कर्तक, कण्टक — दे० पृ० ५७ नि० ७।

१६. 'त्स' को 'च्छ' :—

मत्स, मच्छ — दे० पृ० ६५ नि० ४।

गुत्स, गुच्छ

१७. 'र' को 'ल' :—

ह्रीका, ह्लीका

प्रवङ्ग, प्लवङ्ग — दे० पृ० ५२ 'र' का परिवर्तन।

१८. 'श्च' को 'च्छ' :—

पश्च, पुच्छ अथवा पिच्छ — दे० पृ० ६५ नि० ४।

१९. 'श्म' को 'म्भ' :—

काश्मरी, कम्भारी — दे० पृ० ७२ नि० १४—
ग्रीष्म, गिम्ह, गिम्भ।

२०. 'ष्ट्र' को 'ढ' :—

दंष्ट्रिका, दाढिका — दे० पृ० ६३ शब्दों में
विविध परिवर्तन।

२१. 'र' का 'आगम' :—

पामर, प्रामर — दे० पृ० ८७ नि० २६

चैत्य, चैत्र

दाढिका, द्राढिका

२२. 'अयू' को 'ओ' :—

मयूर, मोर — दे० पृ० ८२ शब्दों में
विशेष परिवर्तन नि० २७—
मयूख—मोह।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३. 'एक ही शब्द के विविध उदाहरण :—

चन्द्र, चन्द, चन्दिर ।

विकुस्र, विकस्र, विक्रस्र ।

हट्ट, अट्ट ।

मुसल, मुषल ।

बुक्कस, पुक्कस, पुत्कस ।

तविश, तविष, ताविष ।

वनीपक, वनीयक, वनवक ।

खोट, खोड, खोर ।

वराणसी, वाराणसी, वाणारसी ।

हण्डे, हञ्जे ।

सुवासिनी, स्ववासिनी ।

मौक्तिक, मुकुतिक, मकुतिक ।

मस्तक, मस्तिक ।

अषाढ, आषाढ ।

एतश, ऐतश ।

बिडोजा, बिडौजा ।

निघण्टु, निर्घण्टु ।

नेतृ, नेत्र ।

दिवोका, दिवौका ।

यहाँ जो संस्कृत के ये शब्द दिये गए हैं उन सबका उल्लेख प्राचीन संस्कृत कोशों में है । देखिए, अमरकोश, हेमचन्द्र अभिधान-नाममाला-कोश, पुरुषोत्तमदेवप्रणीत द्विरूपकोश, शब्दरत्नाकरकोश, शब्दकल्पद्रु-कोश इत्यादि ।

विविध परिवर्तनयुक्त वैदिकशब्द तथा संस्कृत के शब्द इसलिए यहाँ दरसाये गए हैं कि इन शब्दों के तथा उनमें हुए परिवर्तनों के साथ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृतभाषा के शब्द तथा उनके परिवर्तन कितनी अधिक समानता रखते हैं। इससे यह भी फलित होता है कि वैदिक संस्कृत, पुरोहितों की संस्कृत तथा प्राकृतभाषा—ये तीनों भाषाएँ अंग्रेजी, गुजराती, उड़िया भाषा की तरह सर्वथा स्वतंत्र रूप से नहीं हैं परन्तु भाषा तो एक ही है मात्र उच्चारण का तथा उनकी शैली का ही इसमें भेद है। जैसे; दिल्ली की हिन्दी, अजमेर—मेवाड़ की हिन्दी और साक्षरी हिन्दी—इन तीनों हिन्दी भाषाओं में कोई भेद नहीं है परंतु उनमें बोलने की शैली तथा उच्चारणों का ही भेद है।

वाक्यपदीयकार श्रीभर्तृहरि ने कहा है कि

यद् एकं प्रक्रियाभेदैर्बहुधा प्रविभज्यते।
तद् व्याकरणमागम्य परं ब्रह्माधिगम्यते ॥ २२ ॥

—वाक्यपदीय प्रथम खंड.

एक दूसरी स्पष्टता—

आजकल एक ऐसी कल्पना प्रचलित है कि प्राकृतभाषा नीचों की भाषा है, स्त्रियों की और शूद्रों की भाषा है परन्तु पंडितों की भाषा नहीं।

सचमुच यह कल्पना सच होती तो प्रवरसेन, वाक्पति, शालिवाहन, राजशेखर जैसे धुरंधर वैदिक पंडितों ने इस भाषा में सुंदर से सुंदर काव्य ग्रन्थ न लिखे होते तथा वररुचि, भामह, वाल्मीकि, लक्ष्मीधर, क्रमदीश्वर, मार्कंडेय कात्यायन, सिंहराज इत्यादि वैदिक पंडितों ने इस भाषा के विविध व्याकरण ग्रंथ भी न लिखे होते। सच तो बात यह है कि प्राकृत भाषा आमजनता की भाषा रही इसी कारण इस भाषा का उपयोग सब लोग करते रहे और पंडित लोग भी अपने बच्चों के साथ तथा वृद्ध माता-पिता और अपठित पत्नियों के साथ इसी भाषा से व्यवहार करते रहे, केवल यज्ञादिक विधियों में तथा शास्त्रार्थ-सभा में पुरोहित पंडित प्रचलित भाषा को ही अपने ढंग के उच्चारणों द्वारा बोलते थे और उन्होंने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ही उसे संस्कृत नाम रख दिया, महर्षि पणिनि तथा महर्षि भाष्यकार पतंजलि ने तो भाषा का नाम 'संस्कृत' कहा ही नहीं परन्तु केवल भाष्यकार ने ही लौकिक शब्दों के अनुशासन की बात कही है उससे मालूम होता है कि भाष्यकार को भाषा का नाम 'लौकिक' अभिप्रेत था, न कि संस्कृत।

इसके अतिरिक्त अमरकोश, वैजयन्तीकोश; मंखकोश, धनंजयकोश इत्यादि कोशकारों ने भी अपने-अपने कोशों में भी 'संस्कृत शब्दों का कोश करते हैं' ऐसा कहीं भी नहीं दरसाया है। अमरकोश में कहा है कि 'संस्कृत' शब्द के दो अर्थ हैं—१. कृत्रिम, २. लक्षणोपेत—शास्त्र के अनुशासनसहित अर्थात् शास्त्र द्वारा व्यवस्थित : "संस्कृतम् । कृत्रिमे लक्षणोपेते" कां० ३, नानार्थवर्ग श्लो० १२५४ अभिधान संग्रह-निर्णय-सागर, सन् १८८९ का संस्करण।

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाठमाला—वाक्यरचना विभाग

पहला पाठ

वर्तमानकाल

एकवचन के पुरुषबोधक[1] प्रत्यय

१. पुरुष—मैं	मि[2], ए[3]
२. पुरुष—तू	सि[4], से[5]
३. पुरुष—वह	ति, ते[5]
	इ, ए[5]

धातु—

हरिस्[6] (हर्ष्) हर्ष होना, प्रसन्न होना

घरिस् (घर्ष्) घसना, धंसना, घुसना, धृष्ट होना

---

१. पुरुष याने कर्ता अथवा कर्म, ये प्रत्यय जब प्रयोग 'कर्तरि' होगा तब कर्ता को सूचित करते हैं और जब प्रयोग 'कर्मणि' होगा तब कर्म को सूचित करते हैं—क्रियापद के साथ जिसका सम्बन्ध सीधा हो—समानाधिकरणरूप हो उसका नाम पुरुष—देक्खामि—मैं देखता हूँ अथवा देक्खिज्जामि—उनसे मैं दीख पड़ता हूँ, 'देक्खामि' का 'मैं' के साथ सीधा सम्बन्ध है और 'मैं' कर्ता है, तथा देक्खिज्जामि का भी मैं के साथ सीधा सम्बन्ध है, देक्खिज्जामि का कर्म 'मैं' है पर कर्ता तो 'उनसे' है अर्थात् तृतीयपुरुष है (हे० प्रा० व्या० ८।३।१४१, १४०, १३९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. पालि के प्रत्यय— शौरसेनी के प्रत्यय— मागधी के प्रत्यय— अपभ्रंश के प्रत्यय— संस्कृत के प्रत्यय—

पालि के प्रत्यय—	शौरसेनी के प्रत्यय—	मागधी के प्रत्यय—	अपभ्रंश के प्रत्यय—	संस्कृत के प्रत्यय—
१. मि, ए	मि, ए	मि, ए,	उं, मि	मि, ए
२. सि, से	सि, से	शि, शे	हि, सि, से	सि, से
३. ति, ते	दि, दे	दि, दे	दि, दे, इ, ए	ति, ते

३. प्रथमपुरुष के एकवचन के इस 'ए' प्रत्यय का प्रयोग विरल होता है—प्राचीन प्राकृत में—आर्ष प्राकृत में—प्रायः होता है—
वन्दे उसभं अजिअं "चतुर्विंशतिस्तव–लोगस्स" सूत्र द्वितीय गाथा।

४. संस्कृत के समान पालि भाषा में धातुओं का गणभेद है तथा आत्मनेपद और परस्मैपद के प्रत्यय भी जुदा-जुदा हैं (देखो पा० प्र० पृ० १७१ आख्यातकल्प) परन्तु प्राकृतभाषा में वैसा गणभेद नहीं है तथा आत्मनेपद के और परस्मैपद के प्रत्यय भी जुदे-जुदे नहीं हैं परन्तु इन्हीं प्रत्ययों के अन्तर्गत दोनों पदों के प्रत्यय बता दिए हैं। जब शौरसेनी, मागधी, पैशाची, अपभ्रंश में इन प्रत्ययों का उपयोग करना हो तब उस उस भाषा के अक्षरपरिवर्तन के नियम लगाकर करना चाहिए, शौरसेनी वगैरह भाषा के प्रत्यय दूसरे टिप्पण में बता दिए हैं, पैशाची के प्रत्यय प्राकृत के समान हैं अतः नहीं बताए हैं।

शौरसेनी रूप प्राकृत के समान हैं परन्तु तृतीयपुरुष में 'हसदि, हसदे' दो रूप होते हैं।

मागधी रूप शौरसेनी के समान हैं परन्तु 'हस्' के स्थान में 'हश्' होगा।

पैशाची रूप प्राकृत के समान हैं।

अपभ्रंश रूप— १. हसउं, हसमि।
२. हसहि, हससि, हससे।
३. हसदि, हसदे, हसइ, हसए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वरिस्[७] (वर्ष्) बरसना, बरसात, होना
करिस् (कर्ष्) काढ़ना, खींचना
मरिस् (मर्ष्) सहन करना, क्षमा रखना
घरिस् (घर्ष्) घिसना
तुरिय् (तूर्य्) त्वरा करना, उतावला करना, जलदी करना
अरिह् (अर्ह्) पूजना, अर्घना
पुरिय् (पूर्य्) पूरना, पूर्ण करना, भरना
मरिस् (मर्श्) विचारना, विचार-विमर्श करना

गरिह् (गर्ह्) गर्हणा करना, निंदा करना
जेम् (जेम्) जीमना, भोजन करना
देक्ख (दृश्) देखना, जोहना, आंखों से देखना
पुच्छ् (पृच्छ्) पूछना, प्रश्न करना
पूर् (पूर्) पूरा करना, भरना
कर् (कर्) करना, बनाना
वंद्, वन्द् } (वन्द्) वंदन करना, नमस्कार करना
पत्, पड् } (पत्) पड़ना, गिरना।

---

५. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४५। जब धातु के अन्त में 'अ' हो तब ही से, ते और ए प्रत्यय लगते हैं, 'अ' न हो तो ये प्रत्यय नहीं लगते—

ठा धातु से ठासे, ठाते, ठाए रूप नहीं होंगे परन्तु ठासि, ठाति और ठाइ रूप ही बनेंगे।

६. देखिए पृ० ८६ आगम।

७. ( ) इस निशान में दिये हुए सब शब्द (धातु वा संज्ञा शब्द) संस्कृत भाषा के हैं और मात्र तुलना के लिए बताए हैं। बताए हुए धातु वा संज्ञा शब्द का शौरसेनी, मागधी, पैशाची में प्रयोग करना हो तब उन धातुओं में व संज्ञा शब्दों में उस उस भाषा के अक्षरपरिवर्तन का नियम लगाना जरूरी है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नियम

१. मि, ति, न्ति आदि प्रत्ययों को लगाने के पूर्व मूल धातुओं के अन्त में विकरण 'अ' का प्रयोग होता है।[1] जैसेः—

वन्द् + ति—वन्द् + अ + ति = वंदति ।

पुच्छ् + ति—पुच्छ् + अ + ति = पुच्छति ।

२. प्रथमपुरुष के मकारादि प्रत्ययों के पूर्व आनेवाले 'अ' विकरण का विकल्प से 'आ' होता है।[2] जैसेः—

वंद् + अ + मि = वंदामि, वंदमि ।

पड् + अ + मि = पडामि, पडमि ।

३. पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने के बाद धातु के अंग 'अ' का विकल्प से 'ए' हो जाता है।[3] जैसेः—

वंद् + अ + इ = वंदेइ, वंदइ, [4]वन्दए, वन्देए ।

जाण् + अ + सि = जाणेसि, जाणसि, [4]जाणसे, जणेसे ।

पुच्छ् + अ + मि = पुच्छेमि, पुच्छामि, पुच्छमि ।

रूपाख्यान

१.	देक्खमि	देक्खामि	देक्खेमि ।
२.	[4]देक्खसि	देक्खेसि	देक्खसे, देक्खेसे ।
३.	[4]देक्खइ	देक्खेइ	देक्खए, देक्खेए ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।४।२३९ । २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५४-१५५ । ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५८ । ४. देखिए पृ० १४० टिप्पण ७ । शौरसेनी रूप—२. देक्खशि, देक्खेशि, देक्खशे, देक्खेशे । ३. देक्खदि, देक्खेदि, देक्खदे, देक्खेदे । मगधी रूप—शौरसेनी की तरह समझ लें ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठीक इसी प्रकार शौरसेनी, मागधी तथा अपभ्रंश के रूप भी बना लेने चाहिए। उस भाषा के प्रत्यय तथा रूप के कुछ उदाहरण टिप्पण में भी दिये गये हैं।

भाषान्तर वाक्य

वन्दना करता हूँ।	वह घिसता है।
धसता हूँ।	वह जानता है।
करता हूँ।	वह गिरता है।
तू वन्दना करता है।	तू खींचता है।
तू जीमता (भोजन करता) है।	तू बरसता है।
तू हर्ष करता है।	भोजन करता है।
वह देखता है।	वह विचार करता है।
वह करता है।	वह पूर्ण करता है।
वह सहता है।	तू उतावला करता है।
मैं घिसता हूँ।	तू निन्दा करता है।
मैं गिरता हूँ।	तू पूजता है।
मैं पूछता हूँ।	मैं सहता हूँ।
मैं करता हूँ।	
मैं गिरता हूँ	
[1]वंदामि	करते
करिससे	जाणेसि
हरिसमि	करिससि
वरिसति	पूरइ

१. प्रथमपुरुष के एकवचन में 'वंदे' रूप भी प्रयोग में आता है। वन्द् अ + ए = वंदे। (संस्कृत में वंदे—मैं वन्दना करता हूँ) "उसभं अजिअं च वंदे"। —चतुर्विंशतिस्तव सूत्र गाथा २

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देक्खसि	हरिससि
गरिहामि	मरिसामि
तुरियइ	गरिहसि
अरिहेइ	जेमइ
पुच्छामि	धरिसेमि
धरिससि	मरिसामि, तुरियेसि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दूसरा पाठ

किसी भी लोक-व्यापक दूसरी भाषा में द्विवचन-सूचक प्रत्यय अलग उपलब्ध नहीं होते। इसी प्रकार लोकव्यापक प्राकृतभाषा में भी द्विवचनदर्शक अलग प्रत्यय नहीं हैं। इसीलिए इस पाठ में एकवचनीय प्रत्ययों के पश्चात् बहुवचनीय प्रत्ययों का ही प्रकरण दिया गया है। परन्तु जब द्विवचन का अर्थ सूचित करना हो तब क्रियापद अथवा संज्ञा शब्द साथ 'द्वि' शब्द के बहुवचनीय प्राकृतरूपों का उपयोग करना पड़ता है। वे रूप इस प्रकार हैं :—

प्रथमा तथा द्वितीया	दोण्णि, दुण्णि (द्वीनि ?) वेण्णि, विण्णि दो (द्वौ) दुवे (द्वे) वे, बे (द्वे)

प्रयोग :—बे सिव्वामो—हम दोनों सीते हैं।

---

१. 'दु' शब्द के जो रूप ऊपर बताये हैं उसके साथ बिल्कुल मिलते-जुलते रूप आज भी अलग-अलग लोक भाषाओं में प्रचलित हैं। जैसे :—

वे, बे गुजराती—बे
विण्णि, वेण्णि ,,—बन्ने
दो, हिन्दी—दो
दुण्णि, दोण्णि मराठी—दोन
दुवे बंगाली—दुई

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्तमान काल

बहुवचन के पुरुषबोधक प्रत्यय

	प्रा०प्र०	पालिप्र०	शौ०प्र०	मा०प्र०	सं० प्र०
१ पु०	मो, मु, म[1]	म्हे	मो, मु, म[4]	शौरसेनी	मः, महे
२ पु०	इत्था, ह[2]	व्हे	इत्था, ध, ह	के समान	थ, ध्वे
३ पु०	न्ति[3], न्ते, इरे	अन्ते, रे	न्ति, न्ते, इरे	होते हैं	न्ति, न्ते।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४४। 'मो' प्रत्यय के साथ 'मु' और 'म' प्रत्यय तथा संस्कृत के 'महे' प्रत्यय की भाँति 'म्ह' प्रत्यय भी प्रयुक्त होता है—देक्खामो, देक्खामु, देक्खाम, देक्खम्ह।

२. 'ह' की तरह 'इत्था' प्रत्यय भी प्रयुक्त होता है—बोल्लह, बोल्लित्था—हे० प्रा० व्या० ८।३।१४३।

३. 'न्ति' की तरह 'न्ते' तथा 'इरे' प्रत्यय भी प्रयोग में आते हैं—करंति करन्ते, करिरे—हे० प्रा० व्या० ८।३।१४२। तथा देखिए वैदिक भाषा के साथ समानता पृ० १२१, नि० ३१।

४. अपभ्रंश के बहुबचन के प्रत्यय :—१ हुं, मो, मु, म। २ हु, ह, ध, इत्था। ३ हिं, न्ति, न्ते, इरे।

अपभ्रंश रूपाख्यान का उदाहरण—१ हरिसहुं, हरिसेहुं, हरिसमो, हरिसामो, हरिसिमो, हरिसेमो, हरिसमु, हरिसामु, हरिसिमु, हरिसेमु, हरिसम, हरिसाम, हरिसिम, हरिसेम, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा। २ हरिसहु, हरिसेहु, हरिसह, हरिसेह, हरिसध, हरिसेध, हरिसइत्था, हरिसित्था, हरिसेत्था, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा। ३ हरिसहिं, हरिसेहिं, हरिसंति, हरिसेंति, हरिसिंति, हरिसंते, हरिसेंते, हरिसिंते, हरिसइरे, हरिसिरे, हरिसेइरे, हरिसेज्ज, हरिसिज्ज, हरिसेज्जा, हरिसिज्जा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धातुएँ—

खुब्भ् (क्षुभ्य[1]) क्षुब्ध होना, घबराना	दीव (दीप्) दीपना, चमकना, प्रकाशित होना
कुप्प् (कुप्य) कोप करना, क्रोध करना, गुस्सा करना,	जव् (जप्) जपना, जाप करना।
सिव्व् (सिव्य) सीना	खिव् (क्षप्) फेंकना।
लव् (लप्[2]) लप्-लप् करना, व्यर्थ बोलना	खिप्प् (क्षिप्य) फैंकना
तव् (तत्) तपना, संतान होना तप करना,	लुह् (लुप्य) लोटसा, आलोटना
वेव् (वेप्) काँपना	दिप्प् (दीप्य) दीपना, चमकना, शोभित होना, प्रकाशित होना
सव् (शप्) शाप देना	गच्छ् (गच्छ्) जाना
	बोल्ल् (ब्रू) बोलना

४. प्रथम पुरुष के 'म' से शुरू होने वाले बहुवचनीय प्रत्ययों के पूर्व आये 'अ' का विकल्प से 'इ'[3] हो जाता है। जैसे :—

बोल्ल् + अ + मो = बोल्लमो, बोल्लामो,[4] बोल्लिमो, बोल्लेमो।

श्री तुलसीकृत रामायण में करहिं, नच्चहिं, लहहुं ऐसे अनेक प्रयोग पाये जाते हैं।

१. देखिए पिछे के पकरण में नियम १.।

२. देखिए पिछले प्रकरण में नियम—९। ३. हे०प्रा०व्या० ७।३।१५५।

४. 'मो' की भाँति 'मु', 'म', तथा 'म्ह' प्रत्ययों के रूप भी इसी प्रकार करने चाहिए जैसे :—

बोल्लमु, बोल्लामु, बोल्लिमु, बोल्लेमु। बोल्लम, बोल्लाम, बोल्लिम, बोल्लेम। बोल्लम्ह, बोल्लाम्ह। बोल्लिम्ह, बोल्लेम्ह।—दे०पृ० १२ नि०२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूपाख्यान

१. पु० बोल्लमो, बोल्लामो, बोल्लिमो, बोल्लेमो
२. पु० बोल्लह, बोल्लेह[1]
३. पु० बोल्लंति,[2] बोल्लेंति

वाक्य

हम सीते हैं । तुम दोनों बन्दना करते हो ।
हम वन्दना करते हैं । तुम जाप कहते हो ।
हम लोटते हैं । तुम कुपित होते हो ।
तुम दोनों बोलते हो । तुम घबराते हो ।
तुम दोनों सीते हो । हम दोनों शोभित होते हैं, चमकते हैं ।
हम दोनों फेंकते हैं । वह सीता है ।
हम दोनों काँपते हैं । मैं काँपता हूँ ।
वे दोनों शाप देते हैं । मैं फेंकता हूँ ।
वे दोनों वन्दना करते हैं । तू लोटता है ।
वे दोनों जाप करते हैं । तू सीता है ।
मैं जाता हूँ । तू जाप करता है ।
वह दीप्त होता है, शोभित होता है, चमकता है, प्रकाशित होता है ।

बंदामो	वंदेते	वन्ददे[3]
सविरे	गच्छंति	वन्दधे

---

१. बोल्ल् + अ + इत्था = बोल्लित्था अथवा बोल्लइत्था देखिए पृ० ६५ नि० ९ । २. बोल्ल् + अ + न्ते = बोल्लन्ते, बोल्ल् + अ + इरे = बोल्लिरे रूप भी समझना चाहिए । ३. अभ्यास के लिए शौरसेनी के तथा मागधी भाषा के नियम लगाकर ऐसे धातु रूपों के वाक्य बनाना जरूरी है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वंदह	जीवमो
बोल्लमो	वंदेम
लवेम	वन्दंते
दुण्णि लुट्टह	बोल्लामु
बे खिप्पित्था	लुट्टामि
दो खुब्भित्था	कुप्पेह
कुप्पेह	खिवामि
गच्छम्ह	बोल्लसि
	वंदति

•

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तीसरा पाठ

वर्तमानकाल

सर्व पुरुष } ज्ज
सर्व वचन } ज्जा

'ज्ज' तथा 'ज्जा' प्रत्ययों के लगने से पूर्व 'अंग' के अन्त्य 'अ' को 'ए' होता[2] है।

वंद् + अ + ज्ज = वंदेज्ज[3]।

वंद् + अ + ज्जा = वंदेज्जा।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१७७। २. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५९।

३. पुरुषबोधक प्रत्यय और स्वरान्त धातुओं के बीच में ज्ज तथा ज्जा दोनों में से किसी एक प्रत्यय के लगाने से भी रूप बन सकते हैं। जैसेः—

हो + इ = हो + ज्ज + इ = होज्जइ अथवा होइ।

हो + इ = हो + ज्जा + इ = होज्जाइ अथवा होइ —हे० प्रा० व्या० ८।३।१७८। विकरण लगने के पश्चात् :—

हो + अ + इ = हो + अ + ज्ज + इ = होएज्जइ, होअइ।

हो + अ + इ = हो + अ + ज्जा + इ = होएज्जाइ, होअइ।

होज्जइ अथवा होएज्जइ के साथ श्रीज्ञानेश्वरप्रणीत गीताजी (चौदहवाँ शतक) में 'अयेच्चिजे', 'मथिजे', 'भोगिजे', 'कीजे', 'किजसी' 'सांडिजे' ऐसे अनेक क्रियापद आते हैं वे तथा होजे, थजे, करज, चालजे, देजे, लेजे इत्यादि वर्तमान में प्रचलित गुजराती भाषा के क्रियापद के रूप बिल्कुल मिलते-जुलते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वरान्त धातुएँ :—

दा (दा)—देना ।
वा (वा)—बोना, वपन करना, उगाना ।
पा (पा)—पीना ।
गा (गा)—गाना ।
जा (जा)—जाना ।
धा (धाव्)—दौड़ना ।
खा (खाद्)—खाना, भोजन करना ।
ठा (स्था)—स्थिर रहना, ठहरना ।
झा (ध्या)—ध्याना, ध्यान करना ।
हा (हा)—छोड़ना, त्यागना ।
बू (ब्रू)—बोलना ।
हो (भू)—होना ।
णी, णे (नी)—ले जाना, पहुँचाना ।

अकारान्त धातुओं को छोड़कर शेष सभी स्वरान्त धातुओं के अन्त में पुरुषबोधक प्रत्यय लगाने से पहले विकरण 'अ' विकल्प से होता है (हे० प्रा० व्या० ८।४।२४०) ।

हो + इ = होइ ।	हो + अ + इ = होअइ ।
खा + इ = खाइ ।	खा + अ + इ = खाअइ ।
धा + इ = धाइ ।	धा + अ + इ = धाअइ ।

(अकारान्त धातुओं के अन्त में 'अकार' विद्यमान है । इसलिए उनके बाद विकरण 'अ' दुबारा लगाने की आवश्यकता नहीं है ।)

अकारान्त धातुएँ :—

चिइच्छ (चिकित्स)—चिकित्सा करना, शंका करना, अथवा उपाय करना, उपचार करना ।

जुउच्छ (जुगुप्स)—घृणा करना अथवा दया करना ।

अमराय (अमराय)—देव की भाँति रहना ।

चिइच्छइ । जुउच्छइ । अमरायइ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूपाख्यान

विना विकरण के रूप :—

एकवचन	बहुवचन
१. पु० होमि	होमो
२. पु० होसि	होह
३. पु० होइ	होंति, हुंति।

विकरण वाले रूप :—

१. पु० होअमि, होआमि, होएमि। होअमो, होआमो, होइमो, होएमो।

२. पु० होअसि, होएसि। होअह, होएह।

३. पु० होअइ, होएइ। होअंति, होएंति, होइंति।

सर्व पुरुष } होज्ज, होज्जा (विकरण रहित)
सर्व वचन } होएज्ज, होएज्जा (विकरण वाले)

वाक्य

हम गाते हैं।	तुम पीते हो।
तुम दौड़ते हो।	वे गाते हैं।
वे बोलते हैं।	हम दोनों छोड़ते हैं, त्याग करते हैं।
वे दोनों खाते हैं।	वे देते हैं।
मैं खड़ा हूँ।	वह बोता है, उगाता है।
तू ले जाता है।	हम ले जाते हैं।
हम जाते हैं।	वे ले जाते हैं।
तुम चिकित्सा करते हो।	मैं घृणा करता हूँ।
हम देव की भांति रहते हैं।	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुंति	धाह	गाह
होंति	गाइ	ठाह
जंति	जासि	ठाइत्था
बूमो	ठामि	हामि
बिंति[1]	बूम	णेंति
बेजामो	णेमि	पामो
झामो	देंति	बेमि[2]
गाएसि	खाएमो	

●

---

१. बू + अ + न्ति = बू + ए + न्ति = बेंति तथा बिंति ।

२. बू + अ + मि = बू + ए + मि = बेमि । पालिभाषा में 'ब्रू' धातु है। उसके रूप—

एकवचन	बहुवचन
१. ब्रूमि	ब्रूम
२. ब्रूसि	ब्रूथ
३. ब्रूति, ब्रवीति	ब्रुवन्ति

देखिए—पा० प्र० पृ० १७६ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चौथा पाठ

अस् = विद्यमान होना ।

अस् धातु के रूप अनियमित हैं । वे इस प्रकार हैं[1] :—

	एकवचन	बहुवचन
१. पु०	अम्हि, म्हि (अस्मि) मि, अंसि[3], अत्थि[3]	म्ह, म्हो, मो[2] मु० (स्मः) अत्थि
२. पु०	सि, असि (असि), अत्थि[3]	थ (स्थ), अत्थि
३. पु०	अत्थि[4]	अत्थि, संति (सन्ति) ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४६, १४७, १४८ ।

२. व्याकरण में 'म्ह' तथा 'म्हो' रूप विहित किये गये हैं परन्तु प्राचीन आर्ष प्राकृत भाषा में म्हु, मु, मो, ऐसे रूप भी प्राप्त होते हैं ।

३. 'अंसि' (अस्मि) रूप विशेषत: आर्षप्राकृत में पाया जाता है और 'अत्थि' रूप सभी पुरुषों और सभी वचनों में प्रयुक्त होता है ।

४. अस् धातु के पालि रूप—

	एकव०	बहुव०
१.	अस्सि, अम्हि	अस्म, अम्ह
२.	असि, अहि	अत्थ
३.	अत्थि	संति

—देखिए पा० प्र० पृ० १७८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धातुएँ

मज्ज् , (मद्य)—मद करना, खुश होना, अभिमान करना।

खिज्ज् (खिद्य)—खीझना, खिन्न होना, खेद करना :

सं + पज्ज् (सं + पद्य)—प्राप्त होना।

नि + प्पज्ज (निष्पद्य) निष्पादन करना, होना।

विज्ज् (विद्य)—विद्यमान होना, उपस्थित होना।

जोत्, जोअ (द्योत)—घोतित होना, प्रकाशित होना, देखना।

सिज्ज् (स्विद्य)—स्वेद का आना (होना), पसीजना, चिकना होना।

दिव्व् (दीव्य)—द्यूत खेलना, क्रीड़ा करना।

वाक्य

तू देता है।
वह होता है।
हम गाते हैं।
तुम दौड़ते हो।
वे दोनों खाते हैं।
मैं खड़ा हूँ।
(तुम) हो।
वह जाता है।
मैं खुश होता हूँ।
वह खेद करता है।
वह निष्पादन करता है।
वह सम्पादन करता है।

हम दोनों ध्यान करते हैं।
तुम पीते हो।
वे दोनों खेलते है।
पसीजता है।
(हम) हैं।
विद्यमान है।
तुम दो हो।
तू दीप्त होता है।
हम छोड़ते हैं।
मैं जाता हूँ।
मैं हूँ। मैं पूर्ण करता हूँ।
हम प्रकाशित होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुंति
जंति
बूम
वाइ
बे जाम
दो मो
निप्पज्जसे
संति
सिज्जंति
मज्जंते
म्ह
सि

गाएसि
जोतसि
जोआमु
खिज्जेह
बेण्णि संति
धाह
बूमि
संपज्जइ
गाइ
थ
असि
अम्हि

जासि
ठामि
म्हि
निप्पज्जह
असि
अत्थि
दो मज्जह
दोण्णि
दिव्वामु
बूमो
बे खाएमु
मज्जेसि

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाचवाँ पाठ

पुज्ज् (पूर्य)[1]—पूरा करना ।
विज्झ् (विध्य[2])—वींधना ।
गिज्झ् (गृध्य)—ललचाना ।
कुज्झ् (क्रुध्य)—क्रोध करना ।
सिज्झ् (सिध्य)—सिद्ध होना ।
नज्झ् (नह्य[2])—बाँधना ।
जुज्झ् (युध्य)—जूझना, युद्ध करना ।
बोह् (बोध)—बोध होना, जानना, ज्ञान होना ।
वह् (वध)—वध करना, जान से मारना, प्राणों का हनन करना ।
सोह् (शोभ)—शोभना, शोभित होना ।
खाद्, खाय् } (खाद)—खाना ।
कह् (कथ[3])—कहना ।
कुह् (कुथ)—सड़ना ।
बाह् (बाध)—बाधा करना, अड़चन—रुकावट डालना ।
लिह् (लिख[3])—लिखना ।
लह् (लभ)—लेना, प्राप्त करना ।
सिलाह (श्लाघ)—श्लाघा करना, सराहना, प्रशंसा करना ।
सोह् (शोध)—शोधना, शुद्ध करना, साफ करना ।

---

१. देखिए पृ० ६६ ५। २. पृ० ६७ नियम ६। ३. पृ० ३७ नियम ८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुज्झ् (शुध्य)—शोधना, साफ करना।
धाव्,धाय् (धाव)—दौड़ना, भागना।

वाक्य

हम दोनों ध्यान करते हैं।	तुम हो।
वह बींधता है।	वे हैं।
हम ललचाते हैं।	हूँ।
तुम दोनों घबराते हो	तू है।
तुम दोनों सड़ते हो।	हम हैं।
हम बींधते हैं।	वह है।
तुम सुशोभित होते हो।	तुम द्योतित होते हो।
तुम शोधते हो।	वह जानता है।
तुम साफ करते हो।	मैं खुश होता हूँ।
हम दोनों लिखते हैं।	वे दोनों जाते हैं।
तुम खींचते हो।	तुम काँपते हो।
वह सम्पादन करता है।	वे दोनों प्रशंसा करते हैं।
वे दोनों निन्दा करते हैं।	वह बोता है।
तुम दोनों दौड़ते हो।	हम होते हैं।
मैं गाता हूँ।	हम खेद करते हैं।
वह शाप देता है।	वह खड़ा रहता है।
वह प्रकाशित होता है।	मैं सिद्ध करता हूँ।

कुहंति	झाम
सिलाहंति	होंति
गिज्झम	दुन्नि बोहेंति
मि	जुज्झेम
कहेमि	सि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नज्झसि	बिंति
ठाइ	लिहेज्ज
बे सोहामो	सिज्झंति
मुज्झिमु	दो लहेज्जा
वेन्नि विज्जंति	कुज्झेसि
ठाएह	अंसि
बे बाहह	

धातुएँ

बीह्[1] (भी)—भयभीत होना, डरना।

छज्ज् (सज्ज)—छाजना, शोभा देना।

वेढ् (वेष्ट)—वेष्ठन करना, वींटना, लपेटना।

कर् (कर)—करना।

तर् (तर)—तरना, तैरना।

चिण् (चिनु)—चयन करना, चुनना, इकट्ठा करना।

डह (दह)—दग्ध होना, दाझना, जलना।

डज्झ् (दह्य)—दग्ध होना, जलना, जलाना।

नम्, नव् (नम)—नमना, झुकना, प्रणाम करना।

चय् (त्यज)—त्यागना, छोड़ना।

जिण् (जिना)—जीतना।

छिंद् (छिनद्)—छेदन करना, फाड़ना।

चल् (चल)—चलना।

निंद्, निन्द् (निन्द)—निन्दना, निन्दा करना, शिकायत करना।

---

१. समानता 'बीह्' और 'भी' :—ब् + ह + ई; ब् और ह् के मिल जाने से भ् और ई के मिलने से 'भी'।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूस
सुस्स } (शुष्य[1])—शोषण करना।

सुण् (शृणु)—सुनना।

सुमर् (स्मर)—स्मरण करना, याद करना।

गच्छ् (गच्छ)—गति करना, जाना।

नस्स
नास् } (नश्य) नाश होना।

गेण्ह् (गृह्णा)—ग्रहण करना।

नच्च् (नृत्य)—नाचना।

कुण् (कृणु)—करना।

रूस
रूस्स } (रूष्य)—रूठना, रोश करना, गुस्सा करना, क्रोध करना।

हण् (हन्)—हनना, मारना।

सार और प्रश्न

	एकवचन	बहुवचन
१. पु०	वंदमि, वंदामि, वंदेमि।	वंदमो, वंदामो, वंदिमो, वंदेमो, वंदमु, वंदामु, वंदिमु, वंदेमु, वंदम, वंदाम, वंदिम, वंदेम।
२. पु०	वंदसि, वंदेसि, वंदसे, वंदेसे।	वंदह, वंदेह, वंदइत्था, वंदेइत्था, वंदित्था।
३. पु०	वंदइ, वंदेइ, वंदए, वंदेए, वंदति, वंदेति, वंदते वंदेते।	वंदति, वंदेंति, वंदिंति, वंदंते, वंदेंते, वंदिते, वंदइरे, वंदेइरे, वंदिरे।

सर्व पुरुष
सर्व वचन } वंदेज्ज, वंदेज्जा

१. देखिए पृ० ११ नि० १।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स्वरान्त धातुओं के बिना विकरण के रूप :—

१. पु० होमि ।	होमो, होमु, होम ।
२. पु० होसि ।	होह, होइत्था ।
३. पु० होइ, होति ।	होंति, हुंति, होन्ति, हुन्ति, होन्ते, हुन्ते, होइरे ।

सर्व पुरुष / सर्व वचन } होज्ज, होज्जा

स्वरान्त धातुओं के विकरण वाले रूप :—

एकवचन	बहुवचन
१. पु० होअमि, होआमि, होएमि ।	होअमो, होआमो, होइमो, होएमो, होअमु, होआमु, होइमु, होएमु, होअम, होआम, होइम, होएम ।
२. पु० होअसि, होएसि, होअसे, होएसे ।	होअह, होएह, होअइत्था, होएइत्था ।
३. पु० होअइ, होएइ, होअए, होएए, होअति, होएति ।	होअंति, होएंति, होइंति, होंते, होअंते, होएंते, होअइरे, होएइरे ।

सर्व पुरुष / सर्व वचन } होएज्ज, होएज्जा

प्रश्न

१. प्राकृत भाषा में कौन-कौन से स्वरों का प्रयोग नहीं होता ? जिन स्वरों का प्रयोग नहीं होता, उनके स्थान पर कौन-कौन से स्वर प्रयुक्त होते हैं ? उदाहरण सहित समझाओ ।

२. निम्नलिखित शब्दों के प्राकृत में रूप बताओ ?
मृत्तिका, ताम्बूल, कीदृश, दैत्य, पौर, कौमुदी, तमस्, तीर्थकर, गोष्ठी, नग्न, चन्द्र ।

३. निम्नलिखित शब्दों के संस्कृत रूप बताओ ।

Jain Education International	For Private & Personal Use Only	www.jainelibrary.org

समुद्द, वंक, साहा, पदइ, साहु, हलद्दा, अंगाल, सद्द, चोद्दह, छट्ठ, भायण ।

४. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों के परिवर्तित रूप उदाहरण सहित बताओ ?

क्ष, त्य, द्य, प्स, ष्ट ।

५. निम्नांकित संयुक्त व्यञ्जन वाले शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर बताओ ?

ग्रीष्म, स्तम्भ, पुष्प, प्रश्न, मुष्टि, ध्यान, शौण्डोर्य, ऊर्ध्व, तीर्थ, निम्न, कर्तरी ।

६. निम्नलिखित शब्दों में संधि बताओ ?

वासेसि, ददामहं, बहूदगं, पुहवीसो, काही ।

७. निम्नलिखित शब्दों में समास समझाओ ?

देवदाणवगंधव्वा, वीतरागो, तित्थयरो, नरिंदो, महावीरो ।

८. दीर्घ को ह्रस्व और ह्रस्व को दीर्घ कब-कब होता है ? उदाहरण सहित समझाओ ।

९. स्वरान्तधातु और व्यञ्जनांतधातु की रूप-साधना में क्या-क्या अन्तर है ?

१०. प्राकृत में द्विवचन है ? वहाँ द्विवचन का अर्थ किस प्रकार सूचित किया जाता है ?

११. प्राकृत भाषा के रूपों के साथ गुजराती भाषा के रूपों का कैसा सम्बन्ध है ?

१२. शौरसेनी, मागधी तथा अपभ्रंश भाषा के परिवर्तन के नियमानुसार प्राकृत भाषा से कहाँ-कहाँ भिन्नता है ?

१३. पालि भाषा तथा प्राकृत भाषा के परिवर्तनों में समानता बताओ ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवसग्ग (उपसर्ग)

उपसर्ग धातु के पूर्व में आकर धातु के मूल अर्थ में न्यूनाधिकता करके विशेष, न्यून, अधिक अथवा भिन्नार्थ बताते हैं। जो इस प्रकार हैं :—

प (प्र) = आगे, प + जाइ=पजाइ=आगे जाता है।

प + जोतते=प्रजोतते=विशेष प्रकाशित होता है।

प + हरति=पहरति=प्रहार करता है।

परा—सामने, उल्टा, परा + जिणइ=पराजिणइ=पराजय करता है।

ओ अव अप	(अप)—हल्का, रहित, नीचे, दूर,	ओ + सरइ अव + सरइ अप + सरइ	=सरकता है, दूर हटता है।
		अप + अर्थकम् = अवत्थयं = अपार्थक, व्यर्थ।	
		ओ + माल्यम् = ओमल्लं = निर्माल्य।	
सं	(सम)–इकट्ठा, साथ,	सं + गच्छति = संगच्छति = साथ जाता है। सं + चिणइ = संचिणइ = संचय करता है, इकट्ठा करता है।	
अनु	(अनु)–पीछे, समान,	अणु + जाइ = अणुजाइ = पीछे जाता है।	
अणु	,, ,, ,,	अणु + करइ = अणुकरइ = अनुकरण करता है।	
ओ	(अव)–नीचे	ओ + तरइ = ओतरइ=अवतार लेता है।	
अव	,, ,,	अव + तरइ=अवतरइ=उतरता है, नीचे जाता है।	

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निर् (निर्)–निरन्तर, नि सतत, रहित नी ,,	निर् + इक्खइ = निरिक्खइ=निरीक्षण करता है, देखता है। नि + ज्झरइ=निज्झरइ=झरता है। नि + सरइ=नीसरइ=निकलता है। निर् + अंतरं=निरंतरं=निरंतर। निर् + धनः=निद्धणो=निर्धन,गरीब।
दु (दुर)—दुष्टता	दु + गच्छइ = दुग्गच्छइ=दुर्गति में जाता है।
दू ,,	दो + गच्चं = दोगच्चं=दौर्गत्य, दुर्गति। दू + हवो = दूहवो=भाग्यहीन, बदनसीब।
अभि (अभि)–सामने	अभि + भासइ = अभिभासइ = सामने जाता है।
अहि ,, ,,	अहि + मुहं = अहिमुहं = अभिमुख, सामने।
वि—विशेष, नहीं, विपरीत	वि + जाणइ = विजाणइ = विशेष जानता है (करता है)। वि + जुंजइ = विजुंजइ = वियुक्त होता है (करता है)। अलग होता है। वि + कुव्वइ = विकृत करता है।

१. 'दू' और 'सू' का उपयोग केवल 'हव' (भग) शब्द के पूर्व ही होता है। देखिए, पृ० २३ नियम ५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधि	(अधि)—अधिक	अधि + गच्छति = अधिगच्छइ = प्राप्त करता है, जानता है, ऊपर जाता है।
अहि	,, ,,	अधि + गमो = अहिगमो = अधिगम, ज्ञान।
[1]सु	(सु)—श्रेष्ठ	सु + भासए = अच्छा बोलता है।
सू	,, ,,	सू + हवो = सूहवो=भाग्यवान।
उ	(उत्)—ऊँचा	उ + गच्छते = उग्गच्छते—ऊँचा जाता है, ऊगता है।
अइ	(अति)—अतिशय, हद से बाहर, अमर्यादित	अइ + सेइ = अइसेइ = अतिशय करता है, अति प्रशंसा करता है।
अति	,, ,,	अइ + गच्छति = अतिगच्छति = हद से बाहर जाता है।
णि	(नि)—निरन्तर, नीचे	णि + पडइ = णिपडइ = निरन्तर गिरता है, नीचे गिरता है।
नि	,, ,,	नि + पडइ = निपडइ = नीचे गिरता है, निरन्तर गिरता है।
पडि	(प्रति)—सामने, समान, विपरीत	पडि + भासए = पडिभासए=सामने बोलता है।
पति	,, ,,	पति + ठाइ = पतिठाइ=पतिष्ठित होता है।
[1]परि	,, ,,	परि + ट्ठा = परिट्ठा = प्रतिष्ठा। पडि + मा=पडिमा=समान आकृति। पडि + कूलं = पडिकूलं = प्रतिकूल।

१. 'परि' यह 'पडि' का ही एक भिन्न उच्चारण है। 'र' और 'ड' का—उच्चारण स्थान भी समान ही है। देखिए, पृ० ५२ नि० १६ 'र' को 'ड'।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परि (परि)—चारों तरफ	परि + बुडो = परिवुडो=परिवृत, चारों ओर से घिरा हुआ।
पलि ,, ,,	पलि + घो = पलिघो=परिघ,घन।
अपि (अपि)–भी, उल्टा	अवि + हेइ = अविहेइ = ढाँकता है।
अवि ,, ,, ,,	अपि + हेइ = अपिहेइ = ,,
[1]पि ,, ,, ,,	पि + हेइ = पिहेइ = ,,
वि ,, ,, ,,	को + वि = कोवि = कोइ भी।
इ ,, ,, ,,	को + इ = कोइ = ,, किम् + अवि = किमवि = कुछ भी। जं + पि = जंपि = जो भी।
उ (उप)—पास	उव + गच्छइ = पास जाता है।
ओ ,, ,,	ऊ + ज्झायो = ऊज्झायो = उपाध्याय।
उव ,, ,,	ओ + ज्झायो = ओज्झायो = ,, उव + ज्झायो = उवज्झायो = ,,
आ—मर्यादा, उल्टा,	आ + वसइ = आवसइ=अमुक मर्यादा में रहता है। आ + गच्छइ = आता है।

उपसर्गों के अर्थ निश्चित नहीं होते। इसीलिए कोइ उपसर्ग धातु के मूल अर्थ से विपरीत अर्थ बताता है, कोई मूल अर्थ को बताता है, कोई

---

१. इन सब संस्कृत उपसर्गों में शौरसेनी, मागधी, तथा पैशाची भाषा के अनुसार परिवर्तन कर लेना चाहिये, जैसे—अति, शौ० अदि। परि, मा० पलि। अभि, पै० अभि।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धातु के मूल अर्थ में कुछ अतिशय अर्थ बताता है और कोई केवल शोभा के लिये ही प्रयोग में आता है—धातु के अर्थ में बिल्कुल परिवर्तन नहीं करनेवाला उपसर्ग 'अपि' है और वह 'भी' अर्थ में अव्यय भी है। इसलिए 'अपि' के उदाहरणों में उसके दोनों प्रकार के प्रयोग दिखाये हैं।

धातुएँ

पुण् (पुना)—पवित्र करना।

थुण् (स्तु)—स्तुति करना।

वच्च् (व्रज)—गति करना, जाना।

कुद्द (कुर्द)—कूदना।

अच्च् (अर्च)—अर्चना करना, पूजा करना।

वड्ढ् (वर्ध)—बढ़ना।

भम (भ्रम)—भ्रमण करना, घूमना।

भम्म (भ्राम्य)— ,, ,,

भिद् (भिनद्)—भेदना, टुकड़े-टुकड़े करना।

चिइच्छ (चिकित्स)—चिकित्सा करना, रोग का उपचार करना।

जग्ग् (जागृ)—जागना।

छिद् (छिन्द्)—छेदना, चीरना, फाड़ना।

सिच् (सिञ्च)—सींचना, पीना, तर करना।

मुंच् (मुञ्च)—छोड़ना, त्यागना।

लुण् (लुना)—काटना, लवना।

गंठ् (ग्रन्थ)—गाँठना, गूँथना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गज्ज् (गर्ज)—गाजना, गर्जना ।

मिला (म्ला)—म्लान होना, कुम्हला जाना ।

गिला (ग्ला)—ग्लानि होना, क्षीण होना ।

वीसर् (वि + स्मर)—विस्मृत होना, भूल जाना ।

जम्म् (जन्मन्)—जन्म लेना, पैदा होना ।

रुव् (रुद्)—रोना ।

तोल् (तोल)—तोलना, मापना ।

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छठा पाठ

अकारान्त शब्द के रूप (पुंलिंग)

वीर +

	शब्द: प्रत्यय एकव०	बहुव०
प्र०	वीर + ओ = वीरो (वीरः[1])	वीर + आ = वीरा[1] (वीराः)
	वीर + ए = वीरे	

+ तुलना के लिए 'अकारान्त' 'बुद्ध' शब्द के पालिभाषा के एकवचनी रूप :—

एकवचन	बहुवचन
प्र० बुद्धो	बुद्धा (बुद्ध से)
द्वि० बुद्धं	बुद्धे
तृ० बुद्धेन	बुद्धेहि, बुद्धेभि

[किसी-किसी स्थान मे तृतीया के एकवचन में बुद्धसो' रूप भी होता है और तृतीया के एकवचन में कहीं-कहीं 'सा' प्रत्यय भी लगता है—जलसा, बलसा]

च० बुद्धाय, बुद्धस्स	बुद्धानं
पं० बुद्धा, बुद्धस्मा, बुद्धम्हा	बुद्धेहि, बुद्धेभि
ष० बुद्धस्स	बुद्धानं
स० बुद्धे, बुद्धस्सि, बुद्धम्हि	बुद्धेसु
सं० बुद्ध !, बुद्धा !	बुद्धा—दे०पा०प्र०पृ०,८५,८६।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२। तथा ८।४।२८७, ८।३।४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वि०	वीर + म् = वीरं[2] (वीरं)	वीर + आ = वीरा (वीरान्), वीर + ए = वीरे[3]

संस्कृत भाषा में 'स्मात्' 'स्मिन्' प्रत्यय मात्र सर्वादि शब्द में ही लगते हैं। प्राकृत भाषा में ये प्रत्यय व्यापक हैं इसी हेतु बुद्धस्मा, वीरंसि जैसे रूप प्राकृत भाषा में प्रचलित हैं।

शौरसेनी, मागधी, पैशाची भाषा के रूप भी 'वीर' के रूप जैसे ही बनेंगे, विशेषता इस प्रकार है :

पंचमी एकवचन—शौरसेनी—वीरादो, वीरादु।

मागधी रूप—

प्रथमा एकवचन—'वीले' (मागधी भाषा में पुंलिंग में प्रथमा के एकवचन में 'वीले' ऐसा एकारान्त रूप होता है, 'वीलो' ऐसा ओकारान्त रूप नहीं होता)।

पंचमी एकवचन—वीलादो, वीलादु।

षष्ठी ,, वीलाह, वीलश्श।

षष्ठी बहुवचन—वीलाहं, वीलाणं (हे०प्रा०व्या० ८।४।२९९,३००)।

पैशाची रूप—

पंचमी एकवचन—वीरातो, वीरातु।

अपभ्रंश रूपों में विशेष भिन्नता है :—

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	वीरु, वीरो, वीर, वीरा।	वीर, वीरा।
द्वि०	वीरु, वीर, वीरा।	वीर, वीरा।
तृ०	वीरें, वीरेण, वीरेणं	वीरेहिं, वीराहिं, वीरहिं।
च०	वीरस्सु, वीरासु, वीरसु, वीराहो,	वीराहं, वीरहं, वीर,

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।५। ३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृ० वीर + ऐण = वीरेण[4] (वीरेण), [5]वीर + एहि=वीरेहि (वीरेभिः)
वीरेणं वीरेहिं, वीरेहिँ[6] (वीरैः)

च० वीर + आय = वीराय (वीराय), वीर + ण=वीराण[7] (वीराणाम्),
वीर + आए = वीराए वीराणं
वीर + स्स = वीरस्स (वीरस्य)

पं० *वीर + आ = वीरा[8] (वीरात्), वीर + ओ = वीराओ[9]

वीरहो, वीर, वीरा। वीरा।

पं० वीराहु, वीरहु, वीराहे, वीरहे। वीराहुं, वीरहुं।

ष० वीरस्सु, वीरासु, वीरसु, वीराहो, वीराहं, वीरहं।
वीरहो, वीर, वीरा।

सं० वीरि, वीरे। वीराहिं, विरहिं।

सं० वीरु, वीरो, वीर, वीरा। ×वीराहो, वीरहो,
वीर, वीरा।

× वैदिक छान्दस—'देवासः' रूप के साथ 'वीराहो' रूप की तुलना हो सकती है।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।६।, ८।३।१४।, ८।१।२७। ५. हे० प्रा० व्या० ८।३।७।, ८।३।१५। ६. हे० प्रा० व्या० ८।४।४४८।, ८।३।१३१, १३२। ७ हे० प्रा० व्या० ८।३।६।, ८।३।१२। * पांचमी विभक्ति में निम्न अधिक रूप बनते हैं :

एकवचन	बहुवचन
वीर + तो = वीरातो	वीरातो
वीर + तु = वीरातु	वीरातु
वीर + हि = वीराहि	वीराहि,
वीर + हिंतो = वीराहिंतो	वीरेहि,
वीर + त्तो = वीरत्तो (वीरतः)	वीरत्तो (वीरतः)

८. हे० प्रा० व्या० ८।३।८।, ८।३।१२। ९. हे० प्रा० व्या० ८।३।६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वीर + ओ = वीराओ

वीर + उ = वीराउ

वीर + उ = वीराउ

वीर + हिंतो = वीराहिंतो, वीरेहिन्तो (वीरेभ्यः)

वीर + सुंतो = वीरासुंतो, वीरेसुंतो

ष० वीर + स्स = वीरस्स[10] (वीरस्य) वीर + ण = वीराण[11] (वीराणाम्), वीराणं

स० वीर + ए = वोरे[12] वीर + सु—वीरेसु[13] (वीरेषु), वीरेसुं

वीर + अंसि = वीरंसि (वोरस्मिन्),

वीर + म्मि = वीरम्मि १२.

सं० वीर ! (वीर !) वीरा[14] (वीराः !)

वीरा !

वीरो !

वीरे !

( ) इस निशान में बताये हुए संस्कृत रूपों और प्राकृत रूपों के उच्चारणों में नहीं जैसा भेद है। यह भेद रूपों के बोलते ही समझ में आ जाता है। केवल पंचमी विभक्ति में अधिक अनियमित रूप बनते हैं।

तथा १२।१५। १०. हे० प्रा० व्या० ८।३।१०। ११. हे० प्रा० व्या० ८।३।६, ८।१।२७। १२. हे० प्रा० व्या० ८।३।११। १३. हे० प्रा० व्या० ८।३।१५, ८।१।२७। १४. हे० प्रा० व्या० ८।३।३८, तथा ४,१२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूप बताते समय शब्द (नाम) का मूल अंग और प्रत्यय का अंश दोनों पृथक्-पृथक् बताये गये हैं और उसके साथ ही उस पद्धति से साधित रूप भी अलग-अलग बताये गए हैं। अतः पाठक उक्त पद्धति से ही अकारान्त शब्द के रूप समझ लेंगे।

साधनपद्धति की जानकारी

१. प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी और सप्तमी विभक्ति के 'स्वरादि-प्रत्यय' तथा पंचमी का केवल 'आ' प्रत्यय लगाने पर अंग के अन्त्य 'अ' का लोप करना चाहिए (देखिए पृ० ६५ नियम—१)।
जैसे :—
वीर + ओ = वीरो

२. वीर + म् = वीरं (विरं)
वीरम् + अवि = वीरं अवि, वीरमवि, (देखिये पृ० ९६, ९७; क्रमशः नियम १७, १८)।

३. तृतीया और षष्ठी विभक्ति के 'ण' तथा सप्तमी विभक्ति के 'सु' परे रहने पर (आगे) विकल्प से अनुस्वार होता है।
वीर + एण = वीरेण, वीरेणं।
वीर + ण = वीराण, वीराणं।
वीर + सु = वीरेसु, वीरेसुं।

४. तृतीया और सप्तमी विभक्ति के बहुवचनीय प्रत्ययों के पूर्व अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'ए' तथा इकारान्त और उकारान्त अङ्ग के अन्त्य 'इ' तथा 'उ' को दीर्घ हो जाता है।
वीर + हि = वीरेहि। रिसि + हि = रिसीही। भाणु + हि = भाणूहि।
वीर + सु = वीरेसु। रिसि + सु = रिसीसु। भाणु + सु = भाणूसु।

५. पञ्चमी के 'ओ', 'उ', 'हिंतो' प्रत्ययों के पूर्व स्वरान्त अंग के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तिम स्वर को दीर्घ होता है और पञ्चमी के बहुवचन के 'हि', 'हिंतो', 'सुंतो' प्रत्ययों के पूर्व अकारान्त अंग के अन्त्य 'अ' को 'ए' भ हो जाता है ।

एकवचन	बहुवचन
वीर + ओ = वीराओ	वीर + हि = वीराहि, वीरेहि ।
वीर + उ = वीराउ	वीर + हिंतो = वीराहिंतो, वीरेहिंतो ।
	वीर + सुंतो = वीरासुंतो, वीरेसुंतो ।
	रिसि + हि = रिसीहि ।
रिसि + ओ = रिसीओ	भाणु + हि = भाणूहि ।
भाणु + ओ = भाणूओ	रिसि + हिंतो = रिसीहिंतो ।

६. षष्ठी के बहुबचन 'ण' से पूर्व अंग के अन्तिम स्वर को दीर्घ होता है।
वीर + ण = वीराण, वीराणं ।
रिसि + ण = रिसीण ।

७. सम्बोधन—(विभक्ति) के रूप सर्वथा प्रथमा जैसे हैं; विभक्ति रहित केवल मूल अंग भी प्रयोग में देखने को मिलता है । जैसे, वीर! वीरो ! वीरा ! वीरे ।

८. तृतीया विभक्ति के 'हि' प्रत्यय परे रहने पर अनुस्वार और अनुनासिक भी होता है । इस प्रकार इसके तीन रूप होते हैं । वीरेहि, वीरेहिं, वीरेहिँ ।

९. वीराए[1] (च० ए०), वीरंसि (स० ए०) रूपों का व्यवहार विशेषत: आर्ष प्राकृत में दिखाई देता है । कई स्थानों में चतुर्थी के एकवचन में 'आइ' प्रत्यय वाला रूप भी उपलब्ध होता है (हे०

---

१. अजिणाए (अजिनाय), मंसाए (मांसाय), पुच्छाए (पुच्छाय) आदि 'आए' प्रत्यय वाले तथा 'लोगंसि','कंसि', अगारंसि, सुसाणंसि आदि 'अंसि' प्रत्यय वाले रूप आचारांगादि आर्ष सूत्रों में मिलते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रा० व्या० ८।३।१३३)—वहाइ (वधाय), 'आय', 'आए' और 'आइ' इन तीनों में विशेष समानता है। 'आइ' प्रत्ययवाला रूप बहुत प्रचलित नहीं है। इसीलिए उपर्युक्त रूपों में नहीं बताया गया है। कई स्थानों में 'आए' के बदले 'आते' प्रत्यय भी उपलब्ध होता है अतः 'वीराए' की भाँति 'वीराते' रूप भी आर्ष प्राकृत में मिलता है।

छांदस नियम की तरह चतुर्थी विभक्ति के अर्थ में षष्ठी विभक्ति का उपभोग होता है अतः इन दोनों के समान रूप होते हैं।

पुंलिग शब्द [नरजाति]

अरिहंत[2] (अर्हत्) = वीतराग देव। बाल (बाल) = बालक।

---

२. अरिहंत वगैरह अनेक शब्द समग्र पुस्तक में दिए गए हैं। उन शब्दों को शौरसेनी, मागधी तथा पैशाची के शब्दपरिवर्तन के नियम लगाकर शौरसेनी, मागधी, पैशाची रूप बनाना, बादमें उनके सातों विभक्तियों के रूप बनाने चाहिए।

अरिहंत का मागधी अलिहंत।
णिव का पैशाची निप
नयण का ,, नयन
जिण का ,, जिन
जिण का मागधी यिण
पुच्छ का ,, पुश्च
पिच्छ का ,, पिश्च
हस्त का ,, हस्त
वदण का पैशाची वतन
वात का शौरसेनी वाद
अज्ज का शौरसेनी अय्य।

इस प्रकार सब शब्दों में तत्-तत् भाषा के परिवर्तन नियमों का उपयोग करना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हर (हर) = महादेव ।

बुद्ध (बुद्ध) = बुद्धदेव ।

मग्ग (मार्ग) = मार्ग (रास्ता) ।

कलह (कलह) = कलह (झगड़ा) ।

हत्थ (हस्त) = हाथ ।

पाय (पाद) = पाद (पैर), पाँव, पग ।

भार (भार) = भार ।

उवज्झाय (उपाध्याय) = उपाध्याय, अध्यापक, गुरु, ओझा ।

आयरिय (आचार्य) = सदाचारवान्-चरित्रवान्-गुरु ।

सिद्ध (सिद्ध) = अदेही, वीतराग ।

निव (नृप) = नृप, राजा ।

बुह (बुध) = बुद्धिमान् ।

पुरिस (पुरुष) = पुरुष ।

आइच्च (आदित्य) = आदित्य, सूर्य ।

इंद (इन्द्र) = इन्द्र ।

चंद (चन्द्र) = चन्द्र ।

मेह (मेघ) = मेघ, बादल ।

भारवह (भारवह) = भार उठानेवाला, मजदूर ।

समुद्द, समुद्र (समुद्र) = समुद्र ।

नयण (नयन) = नयन, नेत्र, आँख ।

कण्ण (कर्ण) = कान ।

महावीर (महावीर) = महावीर देव ।

जिण (जिन) = जय पानेवाला—वीतराग ।

अज्ज (आर्य) = आर्य, सज्जन ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वाक्य (हिन्दी में)

बादल मार्ग को सींचते हैं।
इन्द्र बुद्धदेव को नमस्कार करता है।
बुद्धिमान् पुरुष बालक को पूछता है।
आँख से चन्द्र को देखता हूँ।
कान से समुद्र को सुनता हूँ।
बालक के हाथ में चन्द्र है।
कलह को छिन्न कर (मिटा) दो।
सूर्य तपता है।
राजा मार्ग को जानता है।
सिद्धों को नमस्कार करो।
मजदूर लोग मार्ग पर दौड़ते हैं।
हम समुद्र में चन्द्र को देखते हैं।
बालक उपाध्याय को पूछते हैं।
राजा के चरणों में पड़ता हूँ।
वीतराग देव ! नमस्कार करता हूँ।
दो बालक बोलते हैं।
समुद्र गरजते हैं।
राजा सुशोभित होता है।

वाक्य (प्राकृत में)

नमो[1] अरिहन्ताणं।
भारवहो हरं वंदइ।
महावीरो जिणो झाअइ।

---

१. 'णमो' अथवा 'नमो' के साथ प्रयुक्त शब्द षष्ठी विभक्ति में आते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कण्णेहिं सुणेमि ।

नयणेहिं देक्खामु ।

भारवहा भारं चिणंति ।

नमो उवज्झायाणं ।

समुद्दो खुब्भइ ।

मेहो समुद्दम्मि पडइ ।

बाला हत्थे धरिसंति ।

समुद्दं तरह ।

हत्थेण हरं अच्चेमि ।

नमो आयरियाणं ।

आयरियाण पाए नमाम ।

बाला कुद्दंति

चन्दो वड्ढइ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सातवाँ पाठ

अकारान्त कमल शब्द के रूप (नपुंसकलिंग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	कमल + म् = कमलं (कमलम्)	कमल + णि = कमलाणि[1] ; कमल + इं = कमलाइं ; कमल + इँ = कमलाइँ } कमलानि
द्वि०	,, ,,	,, ,, ,,
सं०	[2] कमल ! (कमल !)	,, ,,

शेष रूप (तृतीया से सप्तमी विभक्ति पर्यन्त) वीर शब्द की भाँति होते हैं ।

१०. 'णि', 'इं', 'इँ' प्रत्ययों के पूर्व अंग के अन्त्य ह्रस्व स्वर का दीर्घ हो जाता है । जैसे :—

[3] कमल + णि = कमलाणि ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२६।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।३७ ।

पालि रूप :—

३. प्र० एकव०

कमलं

प्र० बहुव०

कमला, कमलानि ।

द्वि० एकव०

कमलं

द्वि० बहुव०

कमले, कमलानि ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वारि + इं = वारीइं ।

महु + इं = महूइं ।

११. सम्बोधन के एकवचन में केवल मूल अंग ही प्रयुक्त होता है। जैसे, कमल !

४.	प्र० एकव०	प्र० बहुव०
	वारि	वारी, वारीनि ।
	द्वि० एकव०	द्वि० बहुव०
	वारिं	वारी, वारीनि
५.	प्र० एकव०	प्र० बहुव०
	मधु	मधू, मधूनि ।
	द्वि० एकव०	द्वि० बहुव०
	मधुं	मधू, मधूनि ।

पृ० ८९ में लिंगविचार बताया है तदनुसार सकारांत तथा नकारांत शब्द प्राकृत भाषा में पूंलिंग हो जाते हैं लेकिन पालि भाषा में ये शब्द पुंलिंग होते हैं तथा नपुंसकलिंग भी। संस्कृत के सकारान्त तथा नकारान्त शब्द प्राकृत भाषा में अन्त्य व्यंजन के लोप होने के बाद स्वरान्त बन जाते हैं (दे० पृ० ३२ लोप०)। स्वरान्त होने से उनके रूप स्वरान्त जैसे समझने चाहिए।

पुंलिंग अकारान्त शब्द का अकारान्त की तरह तथा पुंलिंग इकारान्त, उकारान्त का इकारान्त उकारान्त की तरह। नपुंसकलिंगी अकारान्त का कमल की तरह तथा इकारान्त का वारि की तरह और उकारान्त का महु की तरह रूप होते हैं।

मनस्—मण तथा कर्मन्—कम्म के रूपों में थोड़ी विशेषता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्द (नपुंसकलिंग)

नयण (नयन) = नयन, नेत्र, आँख ।

मत्थय (मस्तक) = मस्तक, सिर ।

मण—तृतीया एकवचन मणसा ।
पंचमी ,, मणसो ।
च० ष० ,, मणसो ।
सप्तमी ,, मणसि ।

पालि में भी 'मन' शब्द के मनसा, मनसो, मनसि रूप होते हैं ।

कर्मन्—कम्म—
तृ० ए०—कम्मणा, कम्मुणा ।
च० ष० ए०—कम्मणो, कम्मुणो ।
पं० ए०—कम्मुणा, कम्मुणो ।
स० ए०—कम्मणि ।

इसी तरह पालि में भी कम्मना, कम्मुना, कम्मुनो, कम्मनि रूप होते हैं ।

शिरस्—सिर का तृ० ए० में सिरसा रूप भी होता है । ये सब रूप आर्षप्राकृत में प्रचलित हैं । संस्कृत के रूपों में परिवर्तन करने से इन रूपों की सिद्धि करनी सरल है (हे० प्रा० व्या० शेषं संस्कृतवत् ८।४।४४८) ।

पालि की विशेष विशेषता के लिए—दे० पा० प्र० पृ० १३५ नं० ६१–६२ ।

अपभ्रंश रूपों की विशेषता—

कमलं कमलाइं, कमलइं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाण (ज्ञान) = ज्ञान ।
चंदण (चन्दन) = चन्दन का वृक्ष अथवा लकड़ी ।
णगर, नगर, णयर, नयर (नगर) = नगर, शहर ।
मुह (मुख) = मुख ।
पित्त (पित्त) = पित्त ।
सिंग (शृङ्ग) = सींग ।
फल (फल) = फल ।

अपभ्रंश में 'क' प्रत्ययवाला शब्द हो तो उसके रूप इस प्रकार हैं—

	कमलक—कमलअ		
प्र० ए०	कमलउं	बहुवचन पूर्ववत्	
द्वि० ए०	कमलउँ	,,	
	केलक–केलअ (= केला)		
	केलउं	,,	प्रचलित गुजराती—केलुं
	केलउं	,,	
कुण्डक	(कुण्डा=पानी का कुंडा)	,,	कुंडूं
	कुंडउ	बहुवचन पूर्ववत्	
	कुंडउं	,,	

अपभ्रंश में शब्द (नाम) के रूप :

शब्द का अन्त्य स्वर दीर्घ हो तो ह्रस्व करके तथा ह्रस्व हो तो दीर्घ करके भी रूप बनते हैं। उन रूपों में कोई विभक्ति भी नहीं लगती तथा जैसा शब्द है उसमें कोई परिवर्तन न करके भी रूप बनते हैं अतः विभक्ति लगाने की जरूरत नहीं होती । जैसे—पुंलिग में वीरा, वीर; नपुंसकलिंग में केला, कुण्डा ।

हिन्दीमें प्रचलित चितारा (चित्रकर), केला, जल शब्द से इनकी तुलना की जा सकती है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण (वन) = वन ।
भायण, भाण (भाजन) = भाजन, पात्र ।
वेर (वैर) = वेर, वैर ।
वयण (वचन) = वचन ।
वयण, वदण(वदन) = वदन, मुख ।
मंगल (मङ्गल) = मंगल ।
पास (पार्श्व) = पास, नज़दीक ।
हियय (हृदय) = हृदय ।
गल (गल) = गला, गर्दन, ।
पुच्छ (पुच्छ) = पूंछ ।
पिच्छ (पिच्छ) = पींछी ।
मंस (मांस) = मांस ।
अजिन (अजिन) = अजिन, चमड़ा ।
भय (भय) = भय, डर ।
चम्म (चर्म) = चमड़ा ।

शब्द (पुंलिंग)

सीह, सिंघ (सिंह) = सिंह ।
वग्घ (व्याघ्र) = बाघ ।
सिगाल,सिआल (शृगाल) = शियाल, सियार ।
सीआल (शीतकाल) = शरद् काल ।
गय (गज) = गज, हाथी ।
वसह (वृषभ) वृषभ, बैल ।
ओट्ठ (ओष्ठ) = होठ, ओठ ।
दन्त (दन्त) = दांत ।
कुम्भार (कुम्भकार) = कुम्हार, कोंहार ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चम्मार (चर्मकार) = चमार ।

हव्ववाह (हव्यवाह) = हव्यवाह, अग्नि ।

कोह (क्रोध) = क्रोध ।

लोह (लोभ) = लोभ ।

दोस (द्वेष) = द्वेष ।

दोस (दोष) = दोष ।

राग (राग) = राग, आसक्ति ।

धातु (क्रियापद)

घड् (घट्) = घड़ना, गढ़ना, बनाना ।

जहा (जहा) = छोड़ना, त्यागना ।

जागर् (जागर) = जागना ।

भक्ख (भक्ष) = भक्षण करना, खाना ।

जाय (जाय) = जन्म होना, पैदा होना ।

परि + क्कम् (परिक्रम्) = परिक्रमण करना, प्रदक्षिणा करना, चारों तरफ घूमना ।

इच्छ (इच्छ) = इच्छा करना ।

रक्ख (रक्ष) = रक्षा करना, पालना ।

वह् (वह्) = वपन करना, बोना ।

विशेषण

लंब (लम्ब) = लम्बा ।

बज्झ (बाह्य) = बाहर का ।

लण्ह (श्लक्ष्ण) = छोटा ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अव्यय

न (न) = नहीं ।

व (वा) = वा, अथवा ।

विणा, विना (विना) = विना ।

सया, सइ (सदा) = सदा, हमेशा ।

सह (सह) = साथ ।

सद्धिं (सार्धम्) = साथ ।

निच्चं, णिच्चं (नित्यम्) = नित्य ।

वाक्य (हिन्दी में)

वैर से वैर बढ़ता है ।

नगर के पास चन्दन का वन है ।

सिंह अथवा बाघ से शृगाल डरता है ।

कुम्हार सर्दी में पात्र बनाता है ।

बाघ के सींग नहीं होते ।

अग्नि वन को जलाती है ।

ज्ञान में मंगल है ।

महावीर को मस्तक झुकाकर वन्दन करता हूँ ।

राजा के कान नहीं होते ।

सिंह के हृदय में भय नहीं है ।

वन में हाथी सूंढ़ से फल खाता है ।

मांस के लिए सिंह को मारते हो ।

दांतों के लिए हाथियों को मारते हैं ।

बुद्ध के साथ महावीर बोलते हैं ।

चमड़े के लिए बाघ को मारता है ।

हाथी बैलों से नहीं डरते ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिंह की पूंछ लम्बी होती है ।
आँख में क्रोध को देखता हूँ ।
सूर्य अथवा चन्द्र नहीं घूमते ।
बैल सींगो से शोभा पाता है ।
चमार चमड़े को साफ करता है ।
मुख से वचन बोलता हूँ ।
पुरुष पतले होठ से शोभा पाता है ।
वर्षा नित्य होती है ।
वर्षा बिना वन सूखते हैं ।

वाक्य (प्राकृत में)

अजिणाए वहंति वग्घे ।
फलाइं मायणम्मि सोहन्ति ।
बुहा पुरिसा हियये वेरं न रक्खन्ति ।
निवो वणेसु सिंघे वा वग्घे वा हणइ ।
सिंघो फलं न खायइ ।
चंदणस्स वणंसि जामि ।
कुम्मारो नगराओ आगच्छइ ।
चम्मारो अजिणाए नगरं जाइ ।
निवस्स मत्थयंमि कमलाणि छज्जन्ति ।
मत्थयेण वंदामि महावीरं ।
वणे गए देक्खह ।
वग्घस्स वा सीहस्स वा सिंगं नत्थि ।
लोहाओ लोहो वड्ढइ ।
रागा दोसो जायइ ।
कोहेण पित्तं कुप्पई ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आठवाँ पाठ

पुंलिंग शब्द

घड	(घट)	= घड़ा ।
नड	(नट)	= नट, अभिनेता ।
पडह	(पटह)	= ढोल ।
भड	(भट)	= भट, शूर, वीर ।
मोह	(मोह)	= मोह, मूढ़ता ।
काय	(काय)	= काय, काया, शरीर ।
सद्द	(शब्द)	= शब्द, आवाज़ ।
हरिस	(हर्ष)	= हर्ष, खुशी ।
मढ	(मठ)	= मठ, सन्यासियों का निवास-स्थान ।
सढ	(शठ)	= शठ, धूर्त ।
कुढार	(कुठार)	= कुठार, कुल्हाड़ी ।
पाढ	(पाठ)	= पाठ ।
समण	(श्रमण)	= शुद्धि के लिए श्रम करने वाला सन्त पुरुष ।
मोक्ख	(मोक्ष)	= मोक्ष, छुटकारा ।
वेय	(वेद)	= ऋग्वेद आदि चारों वेद ।
फास	(स्पर्श)	= स्पर्श ।
तलाय	(तडाग)	= तालाव ।
गरुल	(गरुड)	= गरुड, एक पक्षी ।
खार, छार	(क्षार)	= खार ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खंध (स्कन्ध) = स्कन्ध, भाग, मोटी डाली ।
पोक्खर (पुष्कर) = तालाब ।
खय (क्षय) = क्षय ।
कोस (कोश) = पानी निकालने का कोस, खज़ाना ।
पाण (प्राण) = प्राण, जीव ।
गंध (गन्ध) = गंध ।
काम (काम) = काम, इच्छा, तृष्णा ।
अप्पाण (आत्मन्) = आत्मा, स्वयं ।

नपुंसकलिंग शब्द

जल (जल) = जल, पानी ।
रयय (रजत) = रजत, चाँदी ।
गीअ, गीत (गीत) = गीत, गाया हुआ ।
सीस (शीर्ष) = मस्तक, सिर ।
गुत्त (गोत्र) = गोत्र, वंश ।
गहण (ग्रहण) = ग्रहण करने का साधन ।
पञ्जर (पञ्जर) = पिंजड़ा ।
सील (शील) = शील, सदाचार ।
लावण्ण, लायण्ण (लावण्य) = लावण्य, कान्ति ।
रसायल (रसातल) = रसातल, पाताल ।
कुम्पल, कुंपल (कुड्मल) = कुंपल, कोंपल, अंकुर ।
रुप्प (रुक्म) = चाँदी ।
जुम्म, जुग्ग (युग्म) = युग्म, जोड़ा ।
कम्म (कर्म) = कर्म, काम, अच्छी-बुरी प्रवृत्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मित्त (मित्र) = मित्र ।

दुक्ख (दुःख) = दुःख ।

सुक्ख (सुख) = सुख ।

चारित्त (चारित्र) = सच्चारित्र, सद्वर्तन ।

घाण (घ्राण) = नाक, सूँघने का साधन ।

सयढ (शकट) = शकट, गाड़ी, छकड़ा ।

पद, पय (पद) = पग, चरण, पाद ।

जुग (युग) = युग, जुम्रा ।

छीर, खीर (क्षीर) = क्षीर, खीर, दूध ।

लक्खण, लच्छण (लक्षण) = लक्षण, चिह्न ।

छीअ (क्षुत्) = छींक ।

खेत्त, छेत्त (क्षेत्र) = क्षेत्र, खेत, मैदान ।

सोअ, सोत्त (श्रोत्र) = श्रोत्र, कान, सुनने का साधन ।

वीरिय (वीर्य) = वीर्य, बल, शक्ति ।

विशेषण

मूढ (मूढ) = मूढ, मोहवाला, अज्ञानी ।

पुट्ठ (पुष्ट) = पुष्ट ।

संजय (संयत) = संयम वाला ।

पुट्ठ (पृष्ट) = पूछा हुआ !

पण्डित, पंडिअ (पण्डित) = पण्डित, शिक्षित, पतित, तोता, शुक पक्षी ।

दुल्लह (दुर्लभ) = दुर्लभ, दुल्लभ, कठिन ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अव्यय

नो (नो,नहि) = नहीं।
च, अ, य (च) = और।
बहिआ, बहिया (बहिर्) = बाहर।
बज्झओ (बाह्यत:) = बाहर की ओर
जहासुतं (यथासूत्रम्) = सूत्र के अनुसार।
ण, पुणो, उण (पुन:) = पुन:, दुबारा, फिर से।
तत्तो (तत:) = उससे।
किं (किम्)=किसलिए।

धातु

गवेस् (गवेष) = गवेषणा करना, शोधना।
वस् (वस) = निवास करना, रहना।
वय् (वद) = बोलना।
पिब् (पिब) = पीना।
आ + पिब् = थोड़ा पीना।
आ + पिय् = मर्यादा से पीना।
आ + विय् = किसी प्राणी की हानि न हो इस रीति से चूसना।
जय् (जय) = जीतना।
हव्, भव् (भव) = होना।
पढ् (पठ) = पढ़ना।
सोअ्, सोच् (सोच) = सोचना, विचारना, शोक करना।
भण् (भण) = पढ़ना।

आकारान्त पुंलिंग हाहा शब्द के रूपः—

	एकव०	बहुव०
प्र०	हाहा	हाहा
द्वि०	हाहां	हाहा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृ० हाहाण	हाहाहि, हाहाहिं, हाहाहिँ
च०ष० हाहस्स, हाहे	हाहाण, हाहाणं
पं० हाहत्तो, हाहासो,	हाहत्तो, हाहासो,
हाहाउ, हाहाहितो	हाहाउ, हाहाहितो, हाहासुंतो
स० हाहम्मि, हाहंसि	हाहासु, हाहासुं
संबो० हाहा	हाहा

इसी प्रकार गोवा (गोपा), सोमवा (सोमपा),किलालवा (किलालपा) इत्यादि शब्दों के रूप होंगे।

'षड्भाषा चंद्रिका' नामक व्याकरण के नियमानुसार गोवा वगैरह शब्द ह्रस्व हो जाते हैं अर्थात् गोव, सोमव, किलालव ऐसे हो जाते हैं तब इन सबके रूप अकारांत 'बीर' शब्द की तरह चलेंगे।

वाक्य (हिन्दी में)

घड़े में तालाब का पानी है।
नट ढोल के साथ मार्ग में नाचते हैं।
बालक कान्ति से शोभायमान होते हैं।
जिन शील की स्तुति करते हैं।
कुल्हाड़ी से चन्दन को काटता हूँ।
गरुड़ का जोड़ा तालाब में है।
बालक छींकते हैं।
क्षेत्र में क्षार तत्त्व है इसलिए अंकुर जल जाते हैं।
शब्दों का कोश बताता हूँ।
कलह से वैर होता है।
श्रमण मठ में रहते हैं।
तुम खीर पीते हो।
बैल जल का मोट खींचते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजा के भण्डार में चाँदी है।

पण्डित पुरुष मोक्ष चाहते हैं।

तृष्णा से कलह होता है और कलह से द्वेष होता है।

संयमी श्रमण न तो सुखों से हर्षित होता है और न दुःखों से घबराता ही है।

नट गीत गाते हैं और नाचते हैं।

सिंह और बाघ तालाब का पानी पीते हैं।

बाघ और सिंह पिंजरे में दौड़ते हैं।

बैल के कन्धे पर जुआ शोभा पाता है।

पण्डित शील को ढूँढ़ते हैं, लेकिन गोत्र नहीं पूछते।

शील का मार्ग दुर्लभ (कठिन) है।

बालक उपाध्याय से पढ़ता है।

वीर पुरुष दुःख से शोक नहीं करते।

प्रयोग (प्राकृत में)

घाणं गन्धस्स गहणं वयंति।

लोहा मोहो जायइ।

दुक्खेसुंतो वेया वि न रक्खंति।

सोत्तं सद्दस्स गहणं वयंति।

दुक्खेहितो बीहंति पंडिता।

कायं फासस्स गहणं वयंति।

सुक्खेसु मित्तं सुमिरति।

समणे महावीरे जयति।

मूढो पुणो पुणो बज्झं देक्खइ।

पण्डिता खीरं पिबित्था।

मूढा कामेसु मुज्झंति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चन्दणस्स रसमापिबति ।

अप्पाणो अप्पाणस्स मित्तं किं बहिया मित्तमिच्छसि ।

पुरिसे वीरियं पुण दुल्लहं ।

अप्पाणं जिणामु संजया ।

पुट्ठो पंडिओ जहासुत्तं वदति ।

पण्डिता पुट्ठा न होंति ।

गीअस्स सद्दं सुणह ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवाँ पाठ

अकारान्त सर्वादि शब्द (पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग)

सव्व (सर्व)
ज (यद्)
त (तद्)
क (किम्)

अकारान्त सर्वनामों के रूप पुंलिग में 'वीर' जैसे और नपुंसकलिङ्ग में 'कमल' जैसे होते हैं। उनमें जो विशेषताएँ हैं वे निम्नलिखित हैं :—

१. प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में केवल 'सव्वे' (सर्वे), 'जे' (ये), 'ते' (ते), 'के' (के) होता है अर्थात् अकारान्त सर्वनामों के पुंलिङ्ग में प्रथमा के बहुवचन में 'ए' प्रत्यय होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।५८)।

६. षष्ठी के बहुवचन में 'सव्वेसिं' (सर्वेषाम्), 'जेसिं' (येषाम्), 'तेसिं' (तेषाम्), 'केसिं' (केषाम्) भी होता है अर्थात् षष्ठी के बहुवचन में अकारान्त सर्वनामों के पुंलिङ्ग में 'ण' के अतिरिक्त 'एसिं' प्रत्यय भी होता है (हे० प्रा० व्या० ८।३।६२)। जैसे, सव्व + एसिं = सव्वेसिं, सव्व + ण = सव्वाण।

७. सप्तमी के एकवचन में सव्वस्सि, सव्वहिं (सर्वस्मिन्), सव्वत्थ (सर्वत्र); जस्सि, जहिं (यस्मिन्); जत्थ (यत्र); तस्सि, तहिं (तस्मिन्); तत्थ (तत्र); कस्सि, कहिं (कस्मिन्); कत्थ (कुत्र); इस प्रकार तीन-तीन रूप बनते हैं। सप्तमी के एकवचन में अकारान्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वनामों के पुंलिङ्ग में 'स्सि', 'हिं' और 'त्थ' प्रत्ययों (हे० प्रा० व्या० ८।३।५९) के अतिरिक्त पूर्वोक्त 'अंसि' और 'म्मि' प्रत्यय' भी लगते हैं।

[1]सव्व (सर्व, पुंलिङ्ग)

	एकव०	बहुव०
प्र०	सव्वे (सर्वः)	सव्वे (सर्वे)
द्वि०	सव्वं (सर्वम्)	सव्वे, सव्वा (सर्वान्)

---

१. सब्ब शब्द के पालि रूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	सब्बो	सब्बे
द्वि०	सब्बं	सब्बे
तृ०	सब्बेन	सब्बेभि, सब्बेहि
च०	सब्बस्स	सब्बेसं, सब्बेसानं
पं०	सब्बस्मा, सब्बम्हा	सब्बेभि, सब्बेहि
ष०	सब्बस्स	सब्बेसं, सब्बेसानं
स०	सब्बस्मि, सब्बम्हि	सब्बेसु

मागधी में 'शव्व' होगा।

अपभ्रंश में 'सव्व' तथा 'साह' (हे० प्रा० व्या० ८।४।३६६) शब्द प्रचलित हैं।

	एकव०	बहुव०
प्र०	सव्वु, सव्वो, सव्वं, सव्वा	सव्वे, सव्वं, सव्वा
द्वि०	सव्वु, सव्वं, सव्वा	सव्वं, सव्वा
तृ०	सव्वेण, सव्वेणं, सव्वें	सव्वेहिं, सव्वाहिं, सव्वहिं
च०-ष०	सव्वस्सु, सव्वासु, सव्वसु, सव्वहो, सव्वाहो, सव्व, सव्वा	सव्वहं, सव्वाहं, सव्व, सव्वा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृ०	सव्वेण, सव्वेणं (सर्वेण)	सव्वेहि, सव्वेहिं, सव्वेहिँ (सर्वैः)
च०	सव्वस्स (सर्वस्मै)	सव्वेसिं, सव्वाअ, सव्वाणं (सर्वेभ्यः,)
पं०	सव्वओ	सव्वाओ, सव्वाउ (सर्वतः)
	सव्वाउ	सव्वाहि, सव्वेहि
	सव्वम्हा (सर्वस्मात्)	सव्वाहितो, सव्वेहितो (सर्वेभ्यः)
ष०	सव्वस्स (सर्वस्य)	सव्वेसिं, सव्वाण, सव्वाणं (सर्वेषाम्)
स०	सव्वंसि, सव्वस्सि, सव्वम्मि (सर्वस्मिन्)	सव्वेसु, सव्वेसुं (सर्वेषु)
	सव्वहिं, सव्वत्थ (सर्वत्र)	

सव्व (नपुंसकलिङ्ग)

प्र०	सव्वं (सर्वम्)	सव्वाणि, सव्वाइं, सव्वाइँ (सर्वाणि)
द्वि०	,, ,,	,, ,, ,,

शेष रूप पुंलिङ्ग 'सव्व' शब्द की भाँति ही चलते हैं।

ज[1] (यद्, पुंल्लिङ्ग)

प्र०	जो, जे (यः)	जे (ये)

स०	सव्वहां, सव्वाहां	सव्वहुं, सव्वाहुं
	सव्वहिं, सव्वाहिं	सव्वहिं, सव्वाहिं

सब विभक्ति और वचनों में 'सव्व', 'सव्वा' रूप तो समझना ही; 'साह' शब्द के भी रूप 'सव्व' की तरह समझना चाहिये।

१. पालि भाषा में 'ज' नहीं होता परन्तु 'य' होता है तथा मागधी भाषा में भी 'य' समझना दे० पृ० ३४ मागधी ज-य।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वि०	जं (यम्)	जे, जा (यान्)
तृ०	जेण, जेणं (येन)	जेहि, जेहिं, जेहिँ (यैः)
च०	जस्स, जास (यस्मै यस्मै)	जेसिं जाण, जाणं (ये येभ्यः)
पं०	जम्हा (यस्मात्)	जाओ, जाउ (यतः)
	जाओ, जाउ (यतः)	जाहि, जेहि, जाहिन्तो, जेहिंतो, जासुंतो, जेसुंतो (येभ्यः)
ष०	षष्ठी के रूप चतुर्थी विभक्ति के समान होंगे।	
स०	जंसि, जस्सि (यस्मिन्)	जेसु, जेसुं (येषु)
	जहिं, जम्मि, जत्थ (यत्र)	जाहे, जाला, जईआ★(यदा)

ज (नपुंसकलिङ्ग)

जं (यत्)	जाणि, जाइं, जाइँ (यानि)
,, (,,)	,, ,, (,,)

शेष सभी रूप पुंल्लिग 'ज' के समान चलते हैं।

[1]त, ण (तद्, पुंल्लिङ्ग)

प्र०	स, सो, से (सः)	ते, णे (ते)
द्वि०	तं, णं (तम्)	ते, ता, णे, णा (तान्)
तृ०	तेण, तेणं, तिणा (तेन)	तेहि, तेहिं, तेहिँ; णेहि, णेहिं, णेहिँ (तैः)

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।६५।

१. प्राकृत भाषा में 'त' और 'ण' तथा पालि भाषा में 'त' और 'न' दोनों 'वह' (ते) के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं (हे० प्रा० व्या०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

च०	तस्स, तास (तस्मै, तस्मै)	सिं, तास, तेसिं, (तेभ्यः, ते) ताण, ताणं
पं०	तो, ताओ, ताउ (ततः)	ताओ, ताउ (ततः)
	तम्हा (तस्मात्) ताहि, तेहि,	ताहितो, तेहितो (तेभ्यः) तासुंतो, तेसुंतो
	णाओ, णाउ	णाओ, णाउ णाहि, णेहि णाहितो, णेहितो णासुंतो, णेसुंतो
ष०	चतुर्थी विभक्ति के समान होते हैं।	
स०	तंसि, तस्सि, तहि	तेसु, तेसुं (तेषु)
	तम्मि (तस्मिन्)	णेसु, णेसुं
	तत्थ (तत्र)	
	[1]ताहे, ताला, तइआ★ (तदा)	
	णंसि, णस्सि, णहि	
	णम्मि, णत्थ	

त (नपुंसकलिंग)

प्र०	तं (तत्)	ताणि, ताइं, ताइँ (तानि)

८।३।७० तथा पा० प्र० पृ० १४१। इसीलिए 'न' के साथ 'ण' के रूप भी बता दिए हैं। 'त' और 'न' तथा 'ण' लिखने में सर्वथा समान हैं इसलिये यह 'ण' तथा 'न' लिपिदोष के कारण कदाचित् प्रचलित हुए हों। 'त्यां' के स्थान में 'न्यां' का प्रयोग गुजराती गोहिलवाडी में प्रचलित ही है।

१. ये तीनों रूप 'तब' (तदा) अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं।

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।६५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	णं	णाणि, णाइं, णाइँ
द्वि०	,, (,,)	,, ,, ,, (,,)

शेष रूप पुंल्लिग 'तत्' शब्द के समान बनते हैं।

क (किम्, पुंल्लिङ्ग)

प्र०	को (कः)	के (के)
द्वि०	कं (कम्)	के, का (कान्)
तृ०	केण, केणं, किणा, किण्णा (केन)	केहि, केहिं, केहिँ, (कैः)
च०	कस्स, कास (कस्मै, कस्य)	कास, केसिं, (केभ्यः, के)
पं०	कम्हा (कस्मात्)	काओ, काउ
	किणो, कीस	काहि, केहि
	काओ, काउ	काहितो, केहितो
		कासुंतो, केसुंतो
ष०	चतुर्थी विभक्ति के समान होते हैं।	
स०	कंसि, कस्सि, कहिं	केसु, केसुं (केषु)
	कम्मि (कस्मिन्)	
	कत्थ (कुत्र)	
	[1]काहे, काला, कइआ* (कदा)	

क (नपुंसकलिङ्ग)

प्र०-द्वि० किं (किम्) काणि, काइं, काइँ (कानि)

('क' के पालिरूप भी इन रूपों के समान हैं, दे० पा०प्र० पृ०१४९)

सर्वनाम शब्द

अण्ण, अन्न (अन्य) = अन्य, दूसरा।

---

१. ये तीनों रूप 'तब' अर्थ में ही प्रयुक्त होते हैं।

* हे० प्रा०व्या० ८।३।६५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अण्णयर, अन्नयर	(अन्यतर) = दूसरा कोई ।
अंतर	(अंतर) = अन्दर का, आन्तरिक ।
अवर	(अपर) = अपर, अन्य, दूसरा ।
अहर	(अधर) = नीचा ।
इम	(इदम्) = यह ।
इयर	(इतर) = कोई अन्य ।
उत्तर	(उत्तर) = उत्तर दिशा, उत्तर का ।
एण, इक्क, एक्क	(एक) = एक ।
एय, एअ	(एतद्) = यह ।
तुम्ह	(युष्मद्) = तू ।
अम्ह	(अस्मद्) = मैं ।
क	(किम्) = कौन ।
कइम, कतम	(कतम) = कितना ।
कयर	(कतर) = कौन-सा ।
अमु	(अदस्) = यह ।
ज	(यद्) = जो ।

त, ण (तद्) = वह ।
दाहिण, दक्खिण (दक्षिण) = दक्षिण, दक्षिण का ।
[1]पुरिम (पुरा + इम) = पहले का, पूर्व ।
पुव्व (पूर्व) = पूर्व, पूर्व का ।
वीस (विश्व) = विश्व, सर्व (सब) ।
स, सुव (स्व) = स्व, अपना, आत्मा का ।
सम (सम) = सब ।
सव्व (सर्व) = सर्व, सब ।

---

१. दे० पृ० ८३ शब्दों में विविध परिवर्तन।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिम (सिम) = सब ।

सामान्य शब्द

भूअ (भूत) = भूत—प्राण—जीव, पृथ्वी आदि ।
सिस्स, सीस (शिष्य) = चेला, छात्र, शागिर्द ।
कसिबल (कृषिबल) = किसान ।
अंक (अङ्क) = अंक, गोद ।
बंधव (बान्धव) = भाई-बन्धु ।
पासाय (प्रासाद) = प्रसाद, महल ।
जीव (जीव) = जीव ।
ताव (ताप) = उष्णता, गर्मी, धूप ।
बंभण, बम्हण, माहण (ब्राह्मण) = ब्राह्मण ।
कोड (क्रोड) = गोद ।
पास (पास) = पाश-फांसी, फंदा ।
दिणयर (दिनकर) = सूर्य, लड़का ।
संसार (संसार) = संसार, जगत् ।

नपुंसकलिङ्ग शब्द

अंगण (अङ्गण) = आंगन ।
सीअ (शीत) = सर्दी ।
खेम (क्षेम) = क्षेम, कुशल ।
महब्भय (महाभय) = बड़ा भय, महद् भय ।
वत्थ (वस्त्र) = वस्त्र ।
कट्ठ (काष्ठ) = काष्ठ, काठ, लकड़ी ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कम्मबीअ (कर्मबीज) = कर्मबीज, सदसत्संस्कार का बीज ।
भोयण (भोजन) = भोजन, आहार ।
धण (धन) = धन ।
ताण (त्राण) = रक्षण, शरण, आश्रय ।
घर (गृह) = गृह ।
आउय (आयुष्य) = आयुष्य, जिन्दगी, उमर ।

विशेषण

पडुप्पन्न (प्रत्युत्पन्न) = वर्तमान, ताजा, ठीक समय पर होने वाला ।
पमत्त (प्रमत्त) = प्रमत्त, प्रमादी ।
सम (सम) = समान वृत्तिवाला, सदृश ।
वीयराग, वीयराय (वीतराग) = जिसमें राग नहीं वह व्यक्ति ।
सुजह (सु + हान) = अनायासेन छोड़ने या त्यागने योग्य ।
जुन्न (जीर्ण) = जीर्ण, पुराना, गला हुआ, फटा हुआ ।
पिय (प्रिय) = प्रिय, इष्ट, प्यारा ।
आसत्त (आसक्त) = आसक्त, मोही ।
हअ (हत) = वध किया हुआ, नष्ट हुआ, मारा हुआ ।
आगअ, आगत, आअ (आगत) = आया हुआ ।
पिआउय (प्रियायुष्क) = आयुष्य को प्रिय समझने वाला ।
उत्तम, उत्तिम (उत्तम) = उत्तम, श्रेष्ठ ।
बुद्ध (बुद्ध) = ज्ञानी, बोध पाया हुआ ।
बद्ध (बद्ध) = बंधा हुआ, बद्ध ।
सीअ (शीत) = शीतल, सर्दी, ठंढक ।
अधीर (अधीर) = अधीर, बिना धैर्य का ।
हंतव्व (हन्तव्य) = मारने योग्य ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अप्प (अल्प) = अल्प, थोड़ा ।
अणाइअ (अनादिक) = जिसकी आदि नहीं ।

अव्यय

कत्तो, कुत्तो, कुओ, कओ (कुतः) = क्यों, कहाँ से, किस ओर से ।
जहा, जह, (यथा) = जैसे, यथा, जिस प्रकार ।
एव, एवं (एवम्) = एवं, इस प्रकार ।
सव्वत्तो, सव्वतो, सव्वओ (सर्वतः) = सब प्रकार से, चारों ओर से, सर्वतः ।
तहा, तह (तथा) = तथा, वैसे, उस प्रकार से ।
अन्तो (अन्तर) = अन्दर ।
खलु (खलु) = निश्चय ।

धातुएँ

जाण् (ज्ञा)—जानना, मालूम करना, ज्ञात करना ।
प + मत्थ् (प्र + मत्थ्)—मन्थन करना, नाश करना ।
कील्, कीड् (क्रीड्)—खेलना, क्रीड़ा करना ।
रम् (रम्) = खेलना, रमना, रमाना ।
णम्, नम् (नम्)—नमस्कार करना, झुकना ।
दह्, डह् (दह्)—दग्ध होना, जलना, जलाना ।
सह् (सह्)—सहन करना ।
पास (पश्य)—देखना ।
परि + अट्ट (परि + वर्त)—घूमना, पर्यटन करना ।
आ + इक्ख (आ + चक्ष)—कहना, बोलना ।

वाक्य (हिन्दी में)

सभी को सदा सुख प्रिय है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जो शरीर में आसक्त हैं वे मूढ़ हैं।
संसार में राग और द्वेष अनादिकाल से हैं।
मेघ सर्वत्र चारों ओर से बरसते हैं।
हम दोनों जिसका कपड़ा सीते हैं वह राजा है।
जैसे अग्नि लकड़ी को जलाती हैं वैसे ही महापुरुष अपने दोषों को जलाते हैं।
प्रमादी पुरुष भय से काँपता है।
उत्तर-पूर्व में शीत है और दक्षिण में ताप है।
एक भी प्राणी मारने योग्य नहीं।
सभी बालक गाते हैं।
सभी किसान सर्दी और गर्मी सहन करते हैं।
जो किसी प्राणी को मारता नहीं उसे हम ब्राह्मण कहते हैं।
कौन कहाँ से आया है ?
मनुष्य शरीर की कुशलता के लिए तप करते हैं।
पण्डित लोग हर्ष से दुःख सहन करते हैं।
सभी शिष्य आचार्य को मस्तक झुका कर प्रणाम करते हैं।
मैं सभी के लिए चन्दन घिसता हूँ।
जो आकुल-व्याकुल हो जाता है वह शूर नहीं।
बद्ध और आसक्त पुरुष कर्मबीज से संसार में चक्र काटते हैं।
हम दूसरों का कल्याण चाहते हैं।
वह अपने दोषों को देखता है।
हाथी से घायल किसान भय से काँपता है।
तुम्हारे आँगन में सभी बालक खेलते हैं।
जो मूढ़ शिष्य आचार्य के सामने झुकता नहीं वह दुःख सहन करता है।
वीतराग पुरुष सबमें उत्तम ब्राह्मण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वीतराग सभी जीवों को समान दृष्टि से देखता है।

वाक्य (प्राकृत में)

जहा जुन्नाइं कट्ठाइं हव्ववाहो पमत्थति तहा जुन्ने दोसे समणो दहइ।
जस्स मोहो हओ तस्स न होइ दुक्खं।
शव्वेसिं पाणाणं भूआणं दुक्खं महब्भयं ति बेमि।
सव्वे पि पाणा न हंतव्वा एवं जे पडुप्पन्ना जिणा ने सव्वे वि आइक्खंति।
जे एगं जाणइ से सव्वं जाणइ।
पमत्तस्स सव्वतो भयं विज्जइ।
इअ महावीरो भासते
जस्स मोहो न होइ तस्स दुक्खं हयं।
एगेसिं भाणवाणं आउयं अप्पं खलु।
अधीरेहिं पुरिसेहि इमे कामा न सुजहा।
पुरिमाओ, दाहिणाओ उत्तराओ वा कत्तो आगओ त्ति न जाणइ जीवो।
जे सव्वं जाणइ से एगं जाणइ।
समो य जो सव्वेसु भूएसु स वीअरागो।
जेहिं बद्धो जीवो संसारे परियट्टइ ते रागा य दोसा य कम्मबीअं।
जेण मोहो हओ न सो संसारे परियट्टइ।
सव्वे पाणा पियाउअ सुहमिच्छन्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दसवाँ पाठ

तुम्ह, अम्ह, इम और एअ के रूप :—

तुम्ह (युष्मद्) = तुम (तीनों लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	तुं, तुमं[1], तं (त्वम्)	तुम्हे, तुब्भे (यूयम्)
द्वि०	,, ,, ,, तुमे, तुए (त्वाम्), वो (वः)	तुम्हे, तुब्भे (युष्मान्)
तृ०	ते, तइ (त्वया)	तुम्हेहि, तुम्हेहिं, तुम्हेहिँ, तुब्भेहि, तुब्भेहिं, तुब्भेहिँ (युष्माभिः)
च०	तुह, तुज्झ, तुव, तुम, ते, तुव, तुहं (तव, ते तुभ्यम्)	तुमाण, तुमाणं (युष्माकम्) तुम्हाण, तुम्हाणं तुज्झाण, तुज्झाणं तुम्हाहँ, वो (वः)
पं०	तुवत्तो, तुवाओ, तुवाउ (त्वत्) तुमत्तो, तुमाओ, तुमाउ तुज्झत्तो तुज्झाओ तुज्झाउ तुहत्तो, तुहाओ, तुहाउ, तुम्हत्तो, तुम्हाओ, तुम्हाउ	तुम्हत्तो, तुम्हाओ, तुम्हाउ, तुम्हाहिंतो, तुम्हेहिंतो, तुम्हासुंतो, तुम्हेसुंतो (युष्मत्)
ष०	चतुर्थी के समान होते हैं।	

१. देखिए हे० प्रा० व्या० ८।३।९० से १०४ तक।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स०	तुवम्मि, तुवंसि, तुवस्सि, तुमम्मि, तुमंसि, तुमस्सि, तुमे, तुम्हम्मि, तुम्हंसि, तुम्हस्सि, तुम्मि, तइ, तए (त्वयि)	तुवेसु, तुवेसुं, तुवसु, तुवसुं, तुमेसु, तुमेसुं, तुमसु, तुमसुं, तुहसु, तुहसुं, तुम्हेसु, तुम्हेसुं, तुम्हसु, तुम्हसुं, तुसु, तुसुं (युष्मासु)

('तुम्ह' के पालि रूपों के लिए दे० पा० प्र० पृ० १५१)

अम्ह (अस्मद्) = मैं (तीनों लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	[1]अहं, अहयं (अहम्) (मागधी-[2]हगे)	मो, अम्ह, अम्हे, अम्हो (वयम्) (मागधी-हगे)
द्वि०	म्मि, अम्मि, अम्ह, मं, (माम्)	,, ,, ,, (अस्मान्), णे (नः)
तृ०	मइ, मए (मया)	अम्हेहि, अम्हाहि, अम्ह, अम्हे, णे (अस्माभिः)
च०	मम, मज्झ, मज्झं, (मह्यम्, मम, मे) ममत्तो, ममाओ, ममाउ	मज्झ, अम्ह, अम्हं अम्हे, अम्हो, अम्हाण, अम्हाणं, णो (नः) (अस्माकम्)
पं०	अम्ह, अम्हं, महं ममाहि, ममा (मत्)	ममत्तो, ममाओ, ममाउ अम्हत्तो, अम्हाओ, अम्हाउ, (अस्मत्)

---

१. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।६९।७२।७३।७४।७५।७७।७८।८१।

२. हे० प्रा० व्या० ८।४।३०१।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ष०	चतुर्थी के समान होते हैं।	
स०	मे, ममाइ, मि, मए, (मयि)	मइ, अम्हेसु, अम्हेसुं, अम्हसु, अम्हसुं★ (अस्मासु)

('अम्ह' के पालि रूपों के लिए दे० पा० प्र० पृ० १५३)

इम (इदम्) = यह (पुंल्लिङ्ग)

	एकव०	बहु०
प्र०	अयं, इमो, इमे, (अयम्)	इमे (इमे)
द्वि०	इमं, इणं, णं (इयम्)	इमे, इमा, णे, णा (इमान्)
तृ०	इमेण, इमेणं, इमिणा णेण, णेणं (अनेन)	इमेहि, इमेहिं, इमेहिँ एहि, एहिं, एहिँ (एभिः) णेहि, णेहिं, णेहिँ
च०	इमस्स, से, अस्स (अस्मै)	सिं, इमेसिं, इमाण, इमाणं (एभ्यः)
पं०	इमत्तो, इमाओ, इमाउ इमाहि, इमाहितो, इमा (अस्मात्)	इमत्तो, इमाओ, इमाउ, इमाहि, इमेहि (एभ्यः) इमाहिंतो, इमेहिंतो, इमासुंतो, इमेसुंतो
ष०	चतुर्थी के समान होंगे।	
स०	इमंसि, इमस्सि, इमम्मि इह, अस्सि (अस्मिन्)	इमेसु, इमेसुं, एसु, एसुं (एषु)

('इम्' के पालि रूपों के लिये दे० पा० प्र० पृ० १४४–१४५)

★ 'अम्ह' के शेष रूप 'सर्व' की भाँति होंगे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'इम' (नपुंसकलिंग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	इमं[1], इणमो, इदं, (इदम्)	इमाणि, इमाइं, इमाइँ (इमानि)
द्वि०	,, ,, ,,	,, ,, ,,

शेष रूप पुल्लिङ्ग की भाँति।

[2]एअ (एतत्) = यह (पुल्लिङ्ग)

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	एस, एसो, एसे (एषः) इणं, इणमो	एए (एते)
द्वि०	एअं (एतम्)	एए, एआ (एतान्)
तृ०	एएण, एएणं (एतेन) एइणा	एएहि, एएहिं, एएहिँ (एतैः)
च०	से, एअस्स (एतस्मै, एतस्य)	सिं, एएसिं (एतेभ्यः एते) एआण, एआणं
पं०	एत्तो, एत्ताहे, एअत्तो, एआओ, एआउ एआहि, एआहिंतो (एतस्मात्)	एअत्तो, एआओ, एआउ, एआहि, एएहिं एआहिंतो, एएहिंतो, (एतेभ्यः) एआसुंतो, एएसुंतो
ष०	चतुर्थी के समान् होते हैं।	
स०	एत्थ, अयम्मि, ईअम्मि, एअंसि, एअस्सि, (एतस्मिन्) एअम्मि	एएसु, एएसुं (एतेषु)

---

१. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।७९।

२. देखिए, हे० प्रा० व्या० ८।३।८१।८२।८३।८४।८५।८६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एअ (नपुंसकलिङ्ग)

प्र० एस, एअं, इणं, इणमो (एतत्) एआणि, एआइं, एआइँ★ (एतानि)
द्वि० ,, ,, ,, ,, ,, ,, ,,
शेष रूप पुंल्लिङ्ग की भाँति होंगे।

सामान्य शब्द

दुम (द्रुम) = द्रुम, वृक्ष।
भमर (भ्रमर) = भ्रमर, भँवरा।
रस (रस) = रस।
जणय (जनक) = जनक, पिता।
साव (शाप) = शाप, श्राप, दुराशीष।
भारहर (भारहर) = भार वहन करने वाला, मजदूर।
लाभ, लाह (लाभ) = लाभ।
अलाभ, अलाह (अलाभ) = अलाभ, लाभ न होना, हानि, घाटा, नुकसान।
कयविक्कय (क्रय-विक्रय) = क्रयविक्रय, खरीदना और बेचना।
जम्म (जन्मन्) = जन्म, उत्पत्ति।
छत्त (छात्र) = छात्र, विद्यार्थी।
वद्धमाण (वर्धमान) = वर्धमान—महावीर का नाम।
पमाद (प्रमाद) = प्रमाद, आलस्य, असावधानता।
संग (संग) = संग, संगति, सोहबत।
असमण (अश्रमण) = अश्रमण, जो श्रमण न हो।
तअ (तेजस्) = तेज।

★ हे० प्रा० व्या० ८।३।८५।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तस (त्रस) = त्रास पाने पर गति करने वाला प्राणी।
थावर (स्थावर) = स्थावर, स्थिर रहनेवाला प्राणी, जो गति न कर सके ऐसा प्राणी, पृथ्वी आदि।
एरावण (एरावण) ऐरावत, एक हाथी विशेष का नाम, बड़ा हाथी।
लोग, लोअ (लोक) = लोग–लोक, जगत्।
मुहुत्त (मुहूर्त) = मुहूर्त, समय, थोड़े समय का नाम।
नह (नभस्) = नभ, आकाश, गगन।
महादोस (महादोष) = महादोष, बड़ा दोष।
नास (नाश) = नाश, अन्त।
नास (न्यास) = न्यास, रखना, स्थापन करना।
सूअर (शूकर) = सूअर।
काल (काल) = काल, समय।
खत्तिअ (क्षत्रिय) = क्षत्रिय (जाति विशेष का नाम)।
नमिराय (नमिराज) = मिथिला का एक राजर्षि।
पव्वय (पर्वत) = पर्वत, पहाड़।
तव (तपस्) = तप, तपश्चर्या।
नह (नख) = नख, नाखून, नह।
अय (अयस्) = लोहा।
जायतेय (जाततेजस्) = अग्नि।
पाय (पाद) = पाद–चौथा (चतुर्थ) भाग।
उट्ट (उष्ट्र) = ऊँट।

नपुंसक शब्द

पाव (पाप) = पाप।
पावग (पापक) = पाप।
फंदण (स्पन्दन) = फरकना, थोड़ा-थोड़ा हिलना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जुज्झ, जुद्ध (युद्ध) = युद्ध ।
कारण (कारण) = कारण ।
पय (पद) = पद, चरण ।
सत्थ (शस्त्र) = शस्त्र, हथियार ।
महाभय, महब्भय (महाभय) = बड़ा भय ।
रय (रजस्) = रज, पाप, धूल ।
अरविंद (अरविन्द) = अरविन्द, कमल विशेष ।
दाण (दान) = दान ।
छत्त (छत्र) = छत्र, छत्री, छाता ।
बम्हचेर, बंभचेर (ब्रह्मचर्य) = ब्रह्मचर्य, सदाचारवृत्ति, ब्रह्म में परायण रहना ।
सच्च (सत्य) = सत्य ।
अभयप्पयाण (अभयप्रदान) = अभयदान, प्राणियों को निर्भय करना ।
असाय, असात (असात) = असाता होना, सुख न होना, दुःख होना ।
रज्ज (राज्य) = राज्य ।
सरण (शरण) = शरण, आश्रय ।
धीरत्त (धीरत्व) = धीरत्व, धैर्य, धीरता ।
पुप्फ (पुष्प) = पुष्प, फूल ।
अत्थ (अस्त्र) = अस्त्र, फेंककर मारने का हथियार ।
सत्थ (शास्त्र) = शास्त्र ।
चेइअ (चैत्य) = चिता ऊपर बनाया हुआ स्मारक चिह्न—छत्री, चरणपादुका, वृक्ष, कुंड, मूर्ति आदि ।
साय, सात (सात) = साता, सुख होना ।
गुरुकुल (गुरुकुल) = सदाचारी गुरुओं का निवासस्थान ।
सुत्त (सूत्र) = सूत्र, छोटा वाक्य ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अव्यय

अलं[1] (अलम्) = बस, पर्याप्त ।
तओ, तत्तो (ततः) = उससे, उसके पश्चात् ।
अवंरिं, उवंरिं (उपरि) = ऊपर ।
मुसं, मुसा, मूसा, मोसा (मृषा) = मिथ्या, झूठ, असत्य ।
हु, खु, खो (खलु) = निश्चय ।
एगया (एकदा) = एकदा, एक समय, एक बार ।
धुवं (ध्रुवम्) = निश्चय ।
अज्झप्पं, अज्झत्थं (अध्यात्म) = आत्मा सम्बन्धि, आंतरिक ।
सततं, सययं (सततम्) = सतत, निरन्तर ।
इइ[2], इअ, त्ति, ति, इति (इति) = इति–इस प्रकार, समाप्ति सूचक अव्यय ।

विशेषण

अवज्ज (अवद्य) = अवद्य, न कहने योग्य काम–पाप, दोष ।
अणवज्ज, अनवज्ज (अनवद्य) = पापरहित निर्दोष ।
दुरणुचर (दुरनुचर) = जिसका आचरण कठिन लगे ।
सुत्त (सुप्त) = सुप्त, सोया हुआ ।
सुत्त (सूक्त) = सुभाषित ।
वद्धमाण (वर्धमान) = बढ़ता हुआ ।
गढिय (गृद्ध) = अतिशय लालची ।

---

१. 'अलं' के योग में तृतीया विभक्ति होती है—'अलं जुद्धेण', 'अलं तवेणं' ।

२. 'इति' अव्यय के उपयोग के लिये देखिए पृ० ९६ नि० १३, १४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अहम (अधम) = अधम, नीच, हलका ।
जिइंदिय (जितेन्द्रिय) = इन्द्रियों को जीतनेवाला ।
निरट्ठय (निरर्थक) = निरर्थक, व्यर्थ ।
धीर (धीर) = धीर, धैर्यधारी ।
अणारिय (अनार्य) = अनार्य, आर्य से विपरीत ।
पिय (प्रिय) = प्रिय, इष्ट, प्यारा ।
दुप्पूरिय (दुष्पूर्य) = दुष्पूर्य—जो कठिनता से पूरा हो सके ।
सयल (सकल) = सकल, सब, सम्पूर्ण ।
कुसल (कुशल) = कुशल, चतुर ।
दुरतिक्कम (दुरतिक्रम) = जिसका अतिक्रमण करना कठिन हो ।
मड, मय (मृत) = मृत, मरा हुआ ।
सेट्ठ (श्रेष्ठ) = श्रेष्ठ, उत्तम ।
दंत (दान्त) = तृष्णा का दमन करने वाला, शान्त ।
कड, कय (कृत) = कृत, किया हुआ ।
विविह (विविध) = विविध, भिन्न-भिन्न प्रकार का ।

धातुएँ

भास् (भाष्) = भाषण करना, बोलना ।
प + मय (प्र + माद्य) = प्रमाद करना, आलस्य करना ।
जुर् (जुर्) = जूरना, वियोग से दुःखित होना ।
तिप्प् = (तिप्) = देना, झरना, रोना ।
पिट्ट (पिट्ट) = पीटना, मारना, पीड़ा देना ।
परि + तप्प (परि + तप्य) = परिताप पाना, दुःखी होना ।
सम् + आ + यर् (सम् + आ + चर) = आचरण करना ।
कप्प् (कल्प) = आवश्यकता होना, उचित होना ।
वज्ज् (वर्ज) = वर्जन करना, रोकना, छोड़ना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चय् (त्यज्) = त्यागना, छोड़ना, तज देना ।
चर् (चर) = चर्वण करना, चबाना, चलना ।
सं + जल् (सं + ज्वल) = जलना, तपना, क्रोध करना ।
अणु + तप्प् (अनु + तप्य्) = अनुताप करना, पश्चात्ताप करना ।
प + यय् (प्र + यत्) = प्रयत्न करना ।
अभि + नि + क्खम् (अभि + निष् + क्रम्) = सदा के लिए घर से निकल जाना, संन्यास लेना ।
परि + हर (परि + हर्) = छोड़ना ।
तच्छ् (तक्ष्) = छीलना, पतला करना ।
अभि + प्प + त्थ
अभिपत्थ } (अभि + प्र + अर्थ) = प्रार्थना करना ।
अभि + जाण् (अभि + ज्ञा) = पहचानना ।
खण् (खन्) = खोदना, कुरेदना ।
परि + च्चय् (परि + त्यज) = परित्याग करना ।

वाक्य

आचार्य कुशलता के लिए सतत प्रयास करते हैं ।
संसार में पाप का बोझ बढ़ता है ।
जैसे-जैसे वासना बढ़ती है वैसे-वैसे लोभ बढ़ता है ।
युद्ध के समय धैर्य दुर्लभ होता है ।
हम निरर्थक नहीं बोलते ।
भँवरे फूलों पर दौड़ते हैं ।
वृक्ष पानी पीते हैं और ताप सहन करते हैं ।
नमिराज युद्ध को छोड़ता है ।
क्षत्रिय शस्त्र और अस्त्रों से निर्दोष मनुष्यों के मस्तक काटते हैं ।
छात्र सदैव गुरुकुल में रहते हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हम, तुम और वे सभी संसार के पाश को काटते हैं ।
श्रमण जल से वस्त्र शुद्ध करते हैं—धोते हैं ।
कुशल पुरुष निर्दोष वचन को उत्तम कहते हैं ।
तपों में ब्रह्मचर्य श्रेष्ठ है ।
क्षत्रियों का लक्षण धैर्य और वीर्य है ।
जितेन्द्रिय पुरुष बुद्ध और महावीर की सेवा करते हैं ।
सभी प्राणी लोभ से पाप के मार्ग पर चलते हैं ।
धीर क्षत्रिय मनुष्य का कुशल-क्षेम चाहते हैं ।
तुम धैर्य से लोभ को जीतते हो ।
वृक्ष बढ़ते और कुम्हलाते हैं इसलिए उनमें जीव है ।
आचार्य जागते हैं और ध्यान करते हैं ।
ब्राह्मण और श्रमण शास्त्रों से लड़ते हैं ।
चैत्य में महावीर और बुद्ध की चरण-पादुकाएँ हैं ।
तप से वृद्धि पाये हुए वर्धमान मनुष्यों के कल्याणार्थ संन्यास लेते हैं ।
दाँत से लोहे को चबाते हो ।
उसके आँगन में सूर्य का तेज दीप्त होता है ।
वह तुम को बार-बार याद करता है ।
हम महल के ऊपर हैं ।
हम में वह एक जितेन्द्रिय पण्डित है ।
तुम इसको बारम्बार वंदना करते हो ।
वे, तुम और हम दूध पीते हैं ।
पापी ब्राह्मण सब से हलका है ।
संसार में कोई किसी का नहीं ।
तुम अन्तर को जानते हो इसलिए प्रमाद नहीं करते ।
मेरा भाई शीत से काँपता है ।
यह ब्राह्मण इन लोगों को शाप देता है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह समुद्र क्षुब्ध होता है ।
वह और मैं लकड़ियाँ छीलता हूँ ।
अधिकतर लोग निरर्थक कोप करते हैं ।
तुम उसको, मुझको और इसको जीतते हो ।
सच्चे ब्राह्मण के बिना दूसरा कौन उत्तम है ?
जन्म से कोई ब्राह्मण नहीं बन सकता ।
संसार में सभी सभी के शरणरूप हैं ।
संसार में सर्वत्र त्रस और स्थावर जीव हैं ।
श्रमण पापमय कर्मों का त्याग करता है।
श्रमणों में वर्धमान श्रेष्ठ है ।
दानों में अभयदान श्रेष्ठ है ।
पाँव से अग्नि को कुचलते हो ।
नखों से तुम पर्वत को खोदते हो ।
पुष्पों में अरविन्द श्रेष्ठ है ।
थोड़ा असत्य भी महाभयंकर है ।
मजदूर चाँदी के लिए पर्वत को खोदते हैं ।
पिता की गोद में पुत्र लोटता है ।

वाक्य (प्राकृत)

एगो हं नत्थि मे को वि नाहमन्नस्स कस्स वि धीरो वा पण्डितो मुहुत्तमपि नो पमायए ।
इमे तसा पाणा, इमे थावरा पाणा न हंतव्वा इति सव्वे आयरिया भासंति ।
अणेगचित्ते खलु अयं पुरिसे विविहेहिं दुक्खेहिं जूरइ ।
तओ से एगया पासेहिं दिव्वइ ।
कोहेण, मोहेण, लोहेण वा चित्तं खुब्भइ तत्तो अलं तव एएहिं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अयं पुरिसे गढिए सोयइ, जूरइ, तिप्पइ, पिट्टइ, परितप्पइ।
जे अज्झत्थ जाणति ते बहिया वि जाणति।
अलं बालस्स संगेणं।
वीराणं भग्गो दुरणुचरो।
एस लोगे संसारंसि गिज्झइ।
तं वयं बूम माहणं जो एगमवि पाणं न हणेज्जा पुरिसा।
तुममेव तुमं मित्तं किं बहिया मित्तमिच्छसि ?
जहा अंतो तहा बाहिं एवं पासंति पण्डिता।
कामा खलु दुरतिक्कमा।
असमणा सया सुत्ता, समणा सया जागरंति।
कडेहि तो कम्मेहितो केसिमवि न मोक्खो अत्थि।
मूढस्स पुरिसस्स संगेण अलं।
बुद्धो कामे जहाइ।
पावगेण कम्मेण पुणो पुणो कलहो जायति।
अलं पमादेण कुसलस्स।
पण्डिओ न हरिसेइ, न कुप्पइ।
पाणाण असातं महब्भयं दुक्खं।
नत्थि जीवस्स नासो त्ति।
मूढाणं अप्पाणे दुप्पूरिए अत्थि
समणाणं कयविक्कयो महादोसो न कप्पइ।
तुमे सच्चं समणं तहा सच्चं माहणं न गरिहह।
'पुत्ता मे', 'धणं मे', 'मोयणं मे' त्ति गढिए पुरिसे मुज्झइ।
ते पुत्ता तव ताणाए नालं तुमं पि तेसिं सरणाए नालं होसि।
लाभो त्ति न मज्जेज्जा, अलाभो त्ति न सोएज्जा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सततं मूढे धम्मं [1]नाभि-जाणति ।
जिणा अलोभेण लोभं जयंति ।
संसारे एगेसिं भाणवाणं अप्पं च खलु आउ[2]
जहा दुमस्स पुप्फेसु भमरो आवियइ रसं ।
खत्तिया धम्मेणं जुज्झं जुज्झंति ।
जहा लाहो, तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढ
समणा सव्वेसिं पाणाणं सुहमिच्छंति[2] ।

●

१. देखिए, सन्धि पृ० ६४, नियम ६, न + अभिजाणति = नाभिजाणति ।
२. देखिए, सन्धि पृ० ६७, नियम १८ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्यारहवाँ पाठ

भूतकालिक प्रत्यय*

स्वरांत धातुओं में लगनेवाले प्रत्यय :—

	एकवचन – बहुवचन			
प्र० पु०	सी[1], ही,	हीअ	(सीत्[1])	
म० पु०	,,	,,	,,	,,
तृ० पु०	,,	,,	,,	,,

* प्राकृत भाषा में भूतकाल के कोई भेद नहीं है। ह्यस्तनी, अद्यतनी और परोक्ष—ये तीनों सामान्य भूतकाल में समाविष्ट हो जाते हैं और इन तीनों के प्रत्यय भी समान ही हैं तथा भूतकाल के तीनों पुरुष तथा सब वचनों के प्रत्यय भी समान हैं। पालि भाषा में तो संस्कृत के समान 'हियतनी', 'अज्जतनी' और 'परोक्ख'—ये तीन भेद भूतकाल के हैं तथा इन तीनों के आत्मनेपद तथा परस्मैपद के तीनों पुरुषों तथा सब वचनों के प्रत्यय भिन्न-भिन्न हैं।

हियतनी (ह्यस्तनी) परस्मैपद के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
१. पु०	अ, अं	म्हा
२. पु०	ओ, अ	त्थ
३. पु०	आ, अ	ऊ, उ, उं

आत्मने पद के प्रत्यय :—

१. पु०	इं	म्हसे
२. पु०	से	व्हं
३. पु	त्थ	त्थुं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'पा' धातु के रूप

सर्व पुरुष सर्व वचन	}	पासी (पा + सी), पाअसी (पा + अ + सी) पाही (पा + ही), पाअही (पा + अ + ही) पाहीअ (पा + हीअ), पाअहीअ (पा + अ + हीअ)

अज्जतनी (अद्यतनी) परस्मैपद के प्रत्यय :—

१. पु०	इं (इसं, इस्सं)	म्हा, म्ह
२. पु०	ओ, इ	त्थ
३. पु०	ई, इ	उं, इंसु, इसुं, अंसु

आत्मने पद के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
१. पु०	अ	म्हे
२. पु०	से	व्हं
३. पु०	आ	ऊ

परोक्ख (परोक्ष) परस्मैपद :—

	एकव०	बहुव०
१. पु०	अ	म्ह
२. पु०	ए	त्थ
३. पु०	अ	उ

आत्मनेपद :—

१. पु०	इ	म्हे
२. पु०	त्थो	व्हो
३. पु०	त्थ	रे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'हो' धातु के रूप

होसी (हो + सी) होअसी (हो + अ + सी)
होही (हो + ही) होअही (हो + अ + ही)
होहीअ (हो + हीअ) होअहीअ (हो + अ + हीअ)

हियतनी—रूपनिदर्शन :—

'भू' धातु

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०
१. पु०	अभव, अभवं	अभम्हा	अभविं	अभवम्हसे
२. पु०	अभवो	अभवत्थ	अभवसे	अभवव्हं
३. पु०	अभवा	अभवू	अभवत्थ	अभवत्थुं

अज्जतनी—रूपनिदर्शन :—

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०
१. पु०	अभविं	अभविम्हा, अभविम्ह	अभव, अभवं	अभविम्हे
२. पु०	अभवो, अभवि	अभवित्थ	अभविसे	अभविव्हे
३. पु०	अभवी, अभवि	अभवुं, अभविंसु	अभवा, अभवित्थ	अभवू

परोक्ख—रूपनिदर्शन :—

	परस्मैपद		आत्मनेपद	
	एकव०	बहुव०	एकव०	बहुव०
१. पु०	बभूव	बभूविम्ह	बभूवि	बभूविम्हे
२. पु०	बभूवे	बभूवित्थ	बभूवित्थो	बभूविव्हो
३. पु०	बभूव	बभूवु	बभूवित्थ	बभूविरे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

व्यञ्जनांत धातुओं में लगनेवाले प्रत्यय :—

	एकवचन – बहुवचन
प्र० पु०	ईअ[२] (ईत्[२])
म० पु०	,,
तृ० पु०	,,

पालि में धातु के आदि में हियतनी, अज्जतनी में भूतकाल सूचक 'अ' का आगम होता है परन्तु प्राकृत में वैसा नहीं होता तथा पालि में परोक्ष भूतकाल में धातु का द्विर्भाव हो जाता है। प्राकृत में वैसा नहीं होता है। पालिरूपों का भूतकाल-संबंधी विशेषताओं के लिए देखिए, पा०प्र० पृ० २०२ तथा २१२ से ११९ तक। यहाँ बताए हुए पालि प्रत्यय तथा प्राकृत प्रत्यय—इन दोनों में विशेष तो नहीं परन्तु साधारण समानता जरूर देखी जाती है।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६२। सूत्र में प्रयुक्त भूतकाल का 'सी' और संस्कृत में प्रयुक्त भूतकाल 'सीत्' प्रत्यय दोनों एक जैसे हैं। 'अधासीत्', 'अघ्रासीत्' आदि संस्कृत रूपों में प्रयुक्त 'सीत्' (तृतीय पु० एकवचन) भूतकाल को बताता है लेकिन प्राकृत में वह व्यापक होकर सर्वपुरुष और सर्ववचन बताता है। 'ही' और 'हीअ' ये दोनों प्रत्यय भी 'सी' के साथ ही समानता रखते हैं।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६३। के अनुसार 'ईअ' और संस्कृत का भूतकाल सूचक 'इत्' दोनों हैं। 'अभाणीत्', 'अवादीत्' आदि संस्कृत क्रियापदों में प्रयुक्त 'ईत्' (तृ० पु० एकवचन) भूतकाल को बताता है परन्तु प्राकृत में वह सर्वपुरुष और सर्ववचनों में व्यापक हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वंद + वंदीअ (वंद् + ईअ)
हस् + हसीअ (हस् + ईअ)
कर् + करीअ (कर् + ईअ)

विशेषतः आर्ष प्राकृत में उपलब्ध प्रत्यय :—

प्रायः तृतीय पुरुष एकवचन	त्था इत्था इत्थ	(इष्ट[1])
प्रायः तृतीय पुरुष बहुवचन	इत्थ इंसु अंसु	(इष्ट) (इषुः[2])

धातु-रूप

हो होत्था (हो + त्था)
री रीइत्था (री + इत्था)
प + हार् = पहारित्था, पहारेत्था (पहार + इत्था)
भुंज्—भुंजित्था (भुंज् + इत्था)
वि + हर् = विहरित्था (विहर् + इत्था)

---

१. यह 'इत्थ' और संस्कृत का 'इष्ट' प्रत्यय दोनों समान हैं। इष्ट—इठुं—इत्थ, त्था, अभविष्ट, अजनिष्ट आदि संस्कृत रूपों में प्रयुक्त 'इष्ट' (तृतीय पु० एकवचन) भूतकाल का सूचक है। प्राकृत में भी प्रायः यह तृतीय पुरुष एकवचन को सूचित करता है।

२. 'इंसु' और 'अंसु' तथा संस्कृत का भूतकाल दर्शक 'इषुः' ये सभी समान हैं। 'अवादिषुः', 'अभ्राजिषुः' आदि संस्कृत क्रियापदों में प्रयुक्त 'इषुः' (तृ० पु० बहुव०) भूतकाल का सूचक है और प्राकृत में भी प्रायः वह उसी काल, पुरुष और वचन को सूचित करता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेव्—सेवित्था (सेव् + इत्था)
गच्छ् + गच्छिसु (गच्छ् + इंसु)
पृच्छ्—पुच्छिसु (पुच्छ् + इंसु)
कर्—करिंसु (कर् + इंसु)
नच्च्—नच्चिसु (नच्च् + इंसु)
आह्—आहंसु (आह् + अंसु)

कुछ अनियमित रूपः—

अस्[1]—होना

अत्थि, अहेसि, आसि (सर्वपुरुष-सर्ववचन)

आसिमो, आसिमु (आस्म) रूप कहीं-कहीं आर्ष प्राकृत में प्रथम पुरुष के बहुवचन में उपलब्ध होते हैं। 'वद्' धातु का 'वदीअ' रूप होना चाहिए तथापि आर्ष प्राकृत में इसके बदले 'वदासी' और 'वयासी' रूप उपलब्ध होते हैं। अर्थात् उक्त 'सी' प्रत्यय स्वरान्त धातु में लगाया जाता है, लेकिन आर्ष प्राकृत में कहीं-कहीं व्यञ्जनान्त धातु में भी लगा हुआ मिलता है। वद + सी = वदासी। आर्ष प्राकृत होने से 'वद' को 'वदा' हुआ है।

कर्—करना

भूतकाल में 'कर' के बदले 'का' भी होता है :—

कर + ईअ = करीअ

---

1. पालि भाषा में अस् धातु के भूतकाल में रूप :—

	एकव०	बहुव०
१.	आसिं	आसिम्ह
२.	आसि	आसित्थ
३.	आसि	आसुं, आसिंसु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'कर' का
'का' होने पर } का + सी = कासी
का + ही = काही
का + हीअ = काहीअ

आर्ष प्राकृत में उपलब्ध अन्य अनियमित रूप :—

कर्—अकरिस्सं (अकार्षम्)	१. पु० एकवच०
कर् = क–अकासी (अकार्षीत्)	३. पु० ,,
ब्रू—अब्बवी (अब्रवीत्)	,, ,, ,,
वच—अवोच (अवोचत्)	,, ,, ,,
अस्—आसी, आसि (आसीत्)	,, ,, ,,
आसिमु (आस्म)	१. पु० बहुव०
ब्रू—आह (आह)	३. पु० एकव०
ब्रू—आहु (आहु)	३. पु० बहुवचन
दृश—अदक्खू (अद्राक्षुः)	,, ,, ,,
भू } अभू हू } अहू (अभूत अथवा अभुवन्)	एकव० तथा बहुव०

उक्त आर्षरूप संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओं की भिन्नता को स्पष्ट रूप से निषेध करते हैं। ये सभी रूप केवल उच्चारणभेद के नमूने हैं तथा इन आर्ष रूपों के साथ पालि रूप बहुत मिलते-जुलते हैं।

पुंलिङ्ग

आरिय (आर्य) = आर्य, सज्जन।

णायसुय, णातसुत (ज्ञातसुत) = ज्ञातवंश का पुत्र–महावीर।

छगलय (छाग) = बकरा।

नायपुत्त, नातपुत्त, णातपुत्त (ज्ञातपुत्र) = ज्ञातवंश का पुत्र-महावीर।

देस (देश) = देश।

मिलिच्छ (म्लेच्छ) = म्लेच्छ (जातिविशेष)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊसव (उत्सव) = उत्सव ।

मअ (मृग) = मृग ।, हिरण, पशु ।

मयंक (मृगाङ्क) = मृगाङ्क, चन्द्र ।

पज्जुण्ण, पज्जुन्न (प्रद्युम्न) = प्रद्युम्न नामक कृष्ण का पुत्र ।

वच्छ (वत्स) = वत्स, पुत्र, बच्चा ।

उच्छाह (उत्साह) = उत्साह ।

रिच्छ (ऋक्ष) = रीछ, भालू ।

गोतम, गोयम (गौतम) = गौतम गोत्र का मुनि ।

पवंच (प्रपञ्च) = प्रपञ्च ।

संख (शंख) = शंख ।

कंटग (कण्टक) = काँटा ।

पंथ (पन्थ) = पथ, मार्ग, रास्ता ।

कलंब (कदम्ब) = कदम्ब का वृक्ष ।

सप्प (सर्प) = सर्प, साँप ।

मंजार (मार्जार) = बिल्ली ।

दुक्काल (दुष्काल) = दुष्काल ।

वम्मह (मन्मथ) = मन को मथनेवाला—कामदेव ।

पण्ह (प्रश्न) = प्रश्न ।

कण्ह (कृष्ण) = कृष्ण भगवान् ।

पण्हुअ (प्रस्नुत) = वात्सल्य से माँ की छाती में दूध भर आना ।

पुव्वण्ह (पूर्वाह्ण) = दिवस का पूर्व भाग ।

हेमन्त (हेमन्त) = हेमन्त ऋतु, अगहन और पूस का महीना ।

मूसअ, मूसय (मूषक) = मूषक, चूहा, मूस (भोजपुरी में) ।

पल्हाअ, पल्हाद (प्रह्लाद) = प्रह्लाद नामक भक्त, राजपुत्र ।

मोहणदास (मोहनदास) = मोहनदास, गांधीजी का नाम ।

रट्ठधम्म (राष्ट्रधर्म) = राष्ट्रधर्म, देश का हित करनेवाली प्रवृत्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गाम (ग्राम) = गाँव ।

देविंद (देवेन्द्र) = देवों का इन्द्र—स्वामी ।

मोर, मयूर (मयूर) = मयूर, मोर ।

हरिएसबल (हरिकेशबल) = चण्डाल कुल में पैदा होनेवाला एक जैन मुनि ।

विछिअ (वृश्चिक) = बिच्छू, बिच्छी ।

नपुंसकलिङ्ग शब्द

गमण (गमन) = गमन करना, जाना ।

पाणीअ, पाणीय (पानीय) = पानी, जल, पीने की वस्तु ।

दुद्ध (दुग्ध) = दूध ।

रायगिह (राजगृह) = राजगृह, मगध देश की राजधानी ।

कुसग्गपुर (कुशाग्रपुर) = राजगृह का दूसरा नाम ।

विण्णाण, विन्नाण (विज्ञान) = विज्ञान ।

भारहवास (भारतवर्ष) = भारतवर्ष, हिन्दुस्तान ।

महाविज्जालय (महाविद्यालय) = महाविद्यालय, कॉलेज ।

पाडलि-पुत्त (पाटलिपुत्र) = पाटलिपुत्र, पटना (शहर) ।

चंडालिय (चाण्डालिक) = चण्डाल का स्वभाव, क्रोध ।

नाण (ज्ञान) = ज्ञान ।

पवहण (प्रवहन) = प्रवहन, बहना ।

अच्छेर (आश्चर्य) = आश्चर्य ।

विशेषण

महिड्ढिय, महड्ढिय (महर्धिक) = ऋद्धिवान् , धनाढ्य ।

वाघायकर (व्याघातकर) = व्याघात करनेवाला, विघ्न करनेवाला ।

महग्घ (महार्घ) = बहुमूल्य, महँगा, किमती, अधिक कीमतवाला ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सग्घ (स्वर्घ) = सस्ती ।

केरिस (कीदृश) = कैसा ।

नवोण, णवोण, (नवीन) = नवीन, नया ।

अज्जतण, अज्जयण (अद्यतन) = आज का, ताजा ।

सरस (सरस) = सरस, अच्छा, रसवाला ।

पच्छ (पथ्य) = पथ्य—मार्गमें हित करनेवाला, पाथेय ।

जुगुच्छ (जुगुप्स) = जुगुप्सा करनेवाला, घृणा करनेवाला ।

सण्ह, सुहुम, सुखुम (सूक्ष्म) = सूक्ष्म, बारीक, छोटा-सा ।

सहल (सफल) = सफल ।

विहल (विफल) = निष्फल ।

विलिअ (व्यलीक) = झूठ, असत्य ।

पुराण, पुराअण (पुराण) = पुराना, पुरातन ।

निण्ण, नेण्ण (निम्न) = निम्न, नीच ।

वीलिअ (व्रीडित) = लज्जित, शर्मिन्दा ।

अव्यय

तेण (तेन) = उस तरफ, उससे ।

जेण (येन) = जिस तरफ, जिससे ।

अवस्सं (अवश्यं) = अवश्य ।

एव, एवं (एवम्) = एवं, इस प्रकार ।

सुट्ठु (सुष्ठु) = शोभन, अच्छा, सुन्दर, अतिशय ।

दुट्ठु (दुष्ठु) = खराब, असुन्दर ।

खिप्पं (क्षिप्रम्) = शीघ्र ।

पच्छा (पश्चात्) = अनन्तर, बाद, पीछे ।

इहेव (इहैव) = यहीं, यहीं पर ।

असइं (असकृत्) = अनेकबार, बारंबार ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गामाणुग्गामं, गामाणुगामं (ग्रामानुग्रामम्)=प्रत्येक गाँव में, गाँव-गाँव में, एक गाँव से दूसरे गाँव में।
नमो, णमो (नमः)=नमस्कार।
पगे (प्रगे)=प्रातःकाल में, सुबह।
मा (मा)=मा, मत, नहीं।

धातु

अच्च (अर्च्)=अर्चना, पूजना।
उव+दिस् (उप+दिश्)=उपदेश करना।
नच्च् (नृत्य)=नृत्य करना, नाचना।
प+हार् (प्र+धार्)=धारना, संकल्प करना।
ने, णे (नी)=ले जाना।
आ+णे (आ+नी)=ले आना।
सेव् (सेव्)=सेवन करना, सेवा करना।
हस् (हस्)=हँसना।
पढ् (पठ्)=पढ़ना।
पुच्छ् (पृच्छ)=पूछना।
भण् (भण्)=पढ़ना, कहना।
रीय् (री)=निकलना, जाना।
वि+हर् (वि+हर्)=विहरना, घूमना, पर्यटन करना, विहार करना।
अणु+भव् (अनु+भव)=अनुभव करना।

वाक्य (हिन्दी)

मैं गाँव में गया और अपने साथ बकरों को ले गया।
आर्यपुरुषों ने महावीर को अनेकबार वंदन किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेघ बरसा और मयूर नाचे ।
ब्राह्मणों ने पूछा, 'महावीर का शील कैसा है ?'
उन्होंने पानी पिया और हमने दूध ।
कौन नहीं जानता कि पानी नीचे जाता है ?
मै ज्ञान से क्रोध को अवश्य मारता हूँ ।
उसने दुष्ट रीति से संकल्प किया ।
हम दोनों ने अच्छी तरह से सेवा की ।
आज का दूध अच्छा था ।
प्रातः और उसके पश्चात् भी बालक आँगन में खेले ।
श्रमण बहुमूल्य वस्त्रों को नहीं छूते ।
लोगों ने ज्ञानार्थ पण्डितों की पूजा की ।
हमने सत्य बोला ।
राजा और इन्द्र विनयपूर्वक बोले ।
मैं और तू महाविद्यालय में गये और राष्ट्रधर्म पढ़ा ।
उसने बहुत अच्छा-अच्छा काम किया और जीवन को सफल किया ।
महावीर हेमन्त ऋतु में निकले ।
जब उसने पूछा तब तुमने झूठ बोला ।
हमने सत्य का जाप किया ।
अनार्यों ने कहा 'सभी प्राणी मारने योग्य हैं' लेकिन आर्यों ने कहा 'कोई भी प्राणी मारने योग्य नहीं ।'
मोहनदास महापुरुष ने प्रत्येक गाँव में घूमकर राष्ट्र-धर्म का उपदेश दिया ।
प्रद्युम्न का शिष्य पाटलिपुत्र गया ।
देश में मनुष्यों ने दुष्काल में दुःख भोगा ।
शरमिन्दे शिष्य हँसते नहीं ।
तुमने शिष्यों से शीघ्र पूछा, झूठ क्यों बोले ?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुराना सब सच्चा है ऐसा भी नहीं और नया सब झूठा है ऐसा भी नहीं ।

आर्यों को नमस्कार ।

पूर्वाह्न के समय सूर्य का पूजन किया ।

हिन्दुस्तानी सस्ता अन्न खाते हैं ।

वाक्य (प्राकृत)

बाला धाविसु ।

मा य चंडालियं कासी[1] ।

तवस्स वाघायकरं वयणं वयासी ।

इमं पण्हं उदाहरित्था ।

गोयमो समणं महावीरं एवं वयासी ।

सोलं कहं नायसुतस्स आसी ?

नमिरायो देविंदमिणमब्बवी ।

अंगणम्मि बाला मोरा य नच्चिसु ।

ते पुत्ता जणयं इणं वयणं कहिंसु ।

वद्धमाणो जिणो अभू ।

सो दुद्धं पासी ।

तुमं छगलयं गामं नेही ।

माणवा हसीअ ।

जिणा एवं कहिंसु ।

आसी अम्हे महिड्ढिया ।

तेणं कालेणं तेणं समयेणं पाडलिपुत्ते नयरे होत्था ।

---

१. संस्कृत का 'मा कार्षीत्' (अद्यतनभूत तृ० एकव०) रूप और यह 'मा कासी' रूप बिल्कुल एक जैसे हैं ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जेणेव समणे महावीरे तेणेव गोयमो गच्छीअ पुच्छिसु णं समणा माहणा य, सो पुरिसो पाडलिपुत्तं नयरं गमणाए पहारेत्थ ।

रायगिहे नयरे होत्था ।

अट्ठ जिणा, अत्थि जिणा सव्वेवि जिणा धमम्मि सच्चमुत्तमं आहंसु ।

ते पाणीयं पाहीअ ।

बालो हसीअ । मिच्छा ते एवमाहंसु ।

तुम्हे तत्थ ठाहीअ ।

आसिमु बंधवा दोवि ।

सो इमं वयणमब्बवो ।

अत्थि इहेव भारहवासे कुसग्गपुरं नाम नयरं ।

सोसे विणयेणं आयरिये सेवित्था ।

तंसि हेमंते नायपुत्ते महावीरे रीइत्था ।

जे आरिया ते एवं वयासी ।

समणे महावीरे गामाणुगामं विहरित्था ।

हरिएसबलो नाम जिइन्दियो समणो आसि[१] ।

किं अम्हे असच्चं भासीअ ?

तंसि देसंसि दुक्कालो होसी ।

---

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६४ । देखिए पृ० २२४ = अस्—होना ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बारहवाँ पाठ

इकारान्त और उकारान्त पुंलिंग शब्द के रूप :—

रिसि*

एकवचन	बहुवचन
प्र० रिसि = रिसी[1] (ऋषिः)	रिसि + अउ[2] = रिसउ
	रिसि + अओ[2] = रिसओ
	रिस + अयो = रिसयो (ऋषयः)

---

* रिसि शब्द के पालिरूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	रिसि	रिसी, रिसयो
द्वि०	रिसिं	रिसी, रिसयो
तृ०	रिसिना	रिसीहि, रिसिहि, रिसीभि, रिसिभि
च०	रिसिनो, रिसिस्स	रिसीनं
पं०	रिसिना, रिसिस्मा, रिसिम्हा	रिसोहि, रिसिहि, रिसीभि, रिसिहि
ष०	रिसिनो, रिसिस्स	रिसीनं
स०	रिसिस्मि, रिसिम्हि	रिसीसु, रिसिसु
सं०	रिसे !, रिसि !	रिसी, रिसयो

पालिभाषा में प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन में प्राकृत के 'णो' प्रत्यय की तरह 'नो' प्रत्यय भी लगता है—सारमतिनो, सम्मादिट्ठिनो, मिच्छादिट्ठिनो, वजिरबुद्धिनो, अधिपतिनो, जानिपतिनो, सेनापतिनो, गहपतिनो (देखिए, पा० प्र० पृ० ८४ से ६१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

	एकव०	बहुव०
		रिसि + णो[3] = रिसिणो रिसि = रिसी
द्वि०	रिसि + म्[४] = रिंसि (ऋषिम्)	रिसि = रिसी (ऋषीन्) रिसि + णो = रिसिणो
तृ०	रिसि + णा = रिसिणा[५] (ऋषिणा)	रिसि + हि = रिसीहि,[६] रिसीहिं, रिसीहिँ (ऋषिभिः)
च०	रिसि + अये = रिसये (ऋषये) रिसि + स्स = रिसिस्स रिसि + णो[७] = रिसिणो	रिसि + ण = रिसीण, रिसीणं (ऋषिभ्यः)

पालिभाषा में पुंल्लिग 'सखि' शब्द के विशेष रूप होते हैं। उन रूपों में सखि को कहीं 'सख', कहीं 'सखि' तथा कहीं 'सखार' और कहीं पर 'सखान' ऐसे आदेश होते हैं। प्रथमा के एकवचन में 'सखा' तथा द्वितीया के एकवचन में 'सखारं' तथा 'सखानं' रूप होते हैं और प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन में 'सखायो' रूप भी होता है (देखिए, पा० प्र० पृ० ८६)।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।१९। इसके अतिरिक्त अन्य वैयाकरण ह्रस्व इकारान्त तथा उकारान्त के अनुस्वारयुक्त रूप भी प्रथमा के एकवचन में मानते हैं—रिसी, रिंसि; भाणू, भाणुं।

२. हे० प्रा० व्या० ८।३।२०।

३. हे० प्रा० व्या० ८।३।२२।

४. हे० प्रा० व्या० ८।३।५; ८।३।१२४।

५. हे० प्रा० व्या० ८।३।२४।

६. हे० प्रा० व्या० ८।३।१६।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पं० रिसि + त्तो = रिसित्तो	रिसि + त्तो = रिसित्तो (ऋषितः)
(ऋषितः)	
रिसि + ओ[7] = रिसीओ	रिसिओ = रिसीओ (ऋषितः)
(ऋषितः)	
रिसि + उ = रिसीउ	रिसि + उ = रिसीउ (ऋषितः)
(ऋषितः)	
रिसि + णो = रिसिणो	रिसि + हिंतो=रिसीहिंतो (ऋषिभ्यः)
(ऋषितः)	
रिसि + हिंतो=रिसीहिंतो	रिसि + सुंतो = रिसीसुंतो
ष० रिसि + स्स = रिसिस्स	रिसि + ण = रिसीण,
(ऋषेः)	
रिसि + णो = रिसिणो	रिसिणं (ऋषीणाम्)
स० रिसि + ंसि = रिसिंसि	रिसि + सु=रिसीसु,रिसीसुं (ऋषिषु)
(ऋषौ)	
रिसि + म्मि = रिसिम्मि	
सं० रिसि = रिसि !	रिसि + अउ = रिसउ ! (ऋषयः)
रिसी = रिसी ! (ऋषे !)	रिसि + अओ = रिसओ ! (ऋषयः)
	रिसि + अयो = रिसयो ! (ऋषयः)
	रिसि + णो = रिसिणो !
	रिसि = रिसी !

७. हे० प्रा० व्या० ८।३।२३ तथा ८।३।१२४।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

*भाणु (भानु = सूर्य)

एकव०	बहुव०
प्र० भाणु, भाणू (भानुः)	भाणु + अवो = भाणवो[1] (भानवः)
	भाणु + अवे = भाणवे[2] (,,)
	भाणु + अओ = भाणओ (,,)
	भाणु + अउ = भाणउ (,,)
	भाणु + णो = भाणुणो
	भाणु = भाणू

---

* भानु शब्द के पालिरूप :—

	एकव०	बहुव०
प्र०	भानु	भानू, भानवो
द्वि०	भानुं	भानू, भानवो
तृ०	भानुना	भानूहि, भानूभि
च०	भानुनो, भानुस्स	भानूनं
पं०	भानुना, भानुस्मा, भानुम्हा	भानूहि, भानूभि
ष०	भानुनो, भानुस्स	भानूनं
स०	भानुस्मि, भानुम्हि	भानूसु
सं०	भानु	भानू, भानवो, भानवे

—देखिए, पा० प्र० पृ० ९१–९३, ९४।

१. हे० प्रा० व्या० ८।३।२१ सूत्र के द्वारा उकारान्त पुंल्लिग रूप भी सिद्ध होते हैं।

२. 'अवे' प्रत्यय का उपयोग आर्ष प्राकृत में पर्याप्त उपलब्ध होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वि० भाणु + म् = भाणुं (भानुम्)   भाणु + णो = भाणुणो,
भाणु = भाणू (भानून्)

तृ० भाणु + णा=भाणुणा (भानुना)   भाणु + हि = भाणूहि,
भाणूहिं, भाणूहिँ
(भानुभिः)

च० भाणु + अवे = भाणवे   भाणु + ण = भाणूण,
भाणु + णो = भाणुणो   भाणूणं (भानुभ्यः)
भाणु + स्स = भाणुस्स (भानवे)

पं० भाणु + त्तो = भाणुत्तो

भाणु + ओ = भाणूओ   भाणूओ (भानुतः)

भाणु + उ = भाणूउ   भाणूउ (,,)

(भानुतः, भानोः)

भाणु + णो = भाणुणो   भाणु + हिंतो = भाणूहिंतो,

भाणु + हिंतो = भाणूहिंतो   भाणूसुंतो (भानुभ्यः)

ष० भाणु + स्स = भाणुस्स   भाणु + ण = भाणूण,

भाणु + णो = भाणुणो (भानोः)   भाणूणं (भानूनाम्)

स० भाणु + ंसि = भाणुंसि   भाणु + सु = भाणूसु,

भाणु + म्मि = भाणुम्मि   भाणूसुं (भानुषु)

(भानौ)

सं० भाणु = भाणु ! (भानो !) भाणु + अवो = भाणवो ! (भानवः)

भाणु = भाणू !   भाणु + अओ = भाणओ (,,)

भाणु + अउ = भाणउ

Jain Education International   For Private & Personal Use Only   www.jainelibrary.org

भाणु + णो = भाणुणो

भाणु + भाणू

अकारान्त शब्द के रूप सिद्ध करने में जो प्रत्यय प्रयुक्त होते हैं, अधिकतर उन्हीं प्रत्ययों का प्रयोग उपर्युक्त रूपसाधना में किया गया है। सर्वथा नये रूप बहुत थोड़े हैं।

१. **प्रथमा और सम्बोधन के एकवचन तथा बहुवचन में और द्वितीया के बहुवचन में इकारान्त और उकारान्त के मूल अंग केवल दीर्घ होकर प्रयुक्त होते हैं।**

यथा :—रिसि = रिसी; भाणु = भाणू।

२. **स्वरादि प्रत्यय परे रहने पर प्रथमा, सम्बोधन और चतुर्थी के अंग के अन्त्य स्वर का याने अंग का अन्त्य 'इ' अथवा 'उ' का लोप हो जाता है।**

जैसे :—रिसि + अओ = रिस् + अओ = रिसओ
भाणु + अवो = भाण् + अवो = भाणवो
रिसि + अये = रिस् + अये = रिसये
भाणु + अवे = भाण् + अवे = भाणवे।

३. **नये रूपों में तृतीया एकवचन, 'णो' प्रत्ययवाले सभी रूप और चतुर्थी का एकवचन है। लेकिन वे सभी उपर्युक्त प्रयोग रूपसाधना से समझे जा सकते हैं।**

संस्कृत में 'इन्' प्रत्ययान्त (दण्डिन्, मालिन्) शब्दों के प्रथमा-द्वितीया-बहुवचन में तथा पञ्चमी-षष्ठी के एकवचनमें 'दण्डिनः मालिनः;' इत्यादि रूप प्रसिद्ध हैं; इन्हीं रूपों का प्राकृत रूपान्तर 'दंडिणो; मालिणो' होता है। ये सब देखते हुए 'रिसिणो', 'भाणुणो' रूपों की घटना सहज में ही समझी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जा सकती है। 'इन्' प्रत्ययान्त शब्दों के सभी रूप लगभग इकारान्त शब्द की भाँति होते हैं।

इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिङ्ग

इकारान्त-उकारान्त नपुंसकलिङ्ग अंग के तृतीया से सप्तमी पर्यन्त सभी रूप, इकारान्त-उकारान्त पुंलिङ्ग रूपसाधना की भाँति हैं और प्रथमा, द्वितीया तथा सम्बोधन की रूपसाधना अकारान्त नपुंसकलिङ्ग की भाँति है। यथा :—

वारि (वारि = जल)

प्र०-द्वि० वारि + म् = वारिं (वारि) वारि + णि = वारीणि
वारि + इं = वारीइं
वार + इँ = वारीइँ } वारीणि

सं० वारि ! (वारि !) ,, ,, ,,

(सूत्रों के लिये देखिये पाठ सातवाँ का प्रारम्भ)

महु (मधु = शहद)

प्र०-द्वि० महु + म् = महुं (मधु) महु + णि = महूणि
महु + इं = महूइं
महु + इँ = महूइँ } (मधूनि)

सं० महु ! (मधु !) ,, ,, ,, (,,)

(सूत्रों के लिए देखिए पाठ सातवाँ का प्रारम्भ)

चतुर्थी के एकवचन में 'वारिणे', 'वारिस्स'; 'महुणे', 'महुस्स' रूप समझना चाहिए। लेकिन 'वारये', 'महवे' नहीं।

इकारान्त और उकारान्त शब्द (पुंल्लिङ्ग)

मुणि (मुनि) = मुनि—मनन करने वाला, मौन धारण करनेवाला सन्त।

सउणि (शकुनि) = शकुनि—पक्षी ।
पइ (पति) = पति—स्वामी, मालिक, रक्षक ।
घरवइ, गहवइ (गृहपति) = गृहपति—गृहस्थ, घरका स्वामी ।
रिसि, इसि (ऋषि) = ऋषि, महात्मा ।
दुक्खदंसि (दुःखदर्शिन्) = दुःख देखनेवाला, दुःखी पुरुष ।
भोगि, भोइ (भोगिन्) = भोगी, भोग भोगनेवाला, संसारी पुरुष ।
उदहि (उदधि) = समुद्र, उदक—जल धारण करनेवाला, समुद्र ।
साहु (साधु) = साधक, साधु पुरुष, सज्जन, साहुकार ।
जन्तु (जन्तु) = जन्तु, प्राणी ।
सिसु (शिशु) = शिशु; छोटा बच्चा, बालक ।
मच्चु, मिच्चु (मृत्यु) = मृत्यु ।
बिंदु (बिन्दु) = बिन्दु ।
भाणु (भानु) = भानु, सूर्य ।
वाउ, वायु (वायु) = वायु, पवन ।
विण्हु (विष्णु) = विष्णु ।
हत्थि (हस्तिन्) = हाथी ।
कुलवइ (कुलपति) = कुलपति—आचार्य ।
नरवइ (नरपति) = नरपति—नरों-पुरुषों का पति = राजा, राजा ।
भूवइ (भूपति) = भूपति—भू—पृथ्वी का पति, राजा ।
गणवइ (गणपति) = गणों का पति—गणपति, गणेश ।
अमुणि (अमुनि) = जो मुनि नहीं हो (बड़-बड़ करने वाला) ।
कोहदंसि (क्रोधदर्शिन्) = क्रोधदर्शी, क्रोधी ।
भूमिवइ (भूमिपति) = भूमि का पति—राजा ।
उवाहि (उपाधि) = उपाधि ।
सेट्ठि (श्रेष्ठिन्) = श्रेष्ठी, सेठ, साहुकार ।
गब्भदंसि (गर्भदर्शिन्) = गर्भ देखने वाला, जन्म लेने वाला ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभोगि, अभोइ (अभोगिन्) = अभोगी (योगी) ।
पक्खि (पक्षिन्) = पक्षी ।
सोमित्ति (सौमित्रि) = सुमित्रा का पुत्र, लक्ष्मण ।
भिक्खु (भिक्षु) = भिक्षु ।
चक्खु (चक्षुष्) = चक्षु, आँख ।
सयंभु (स्वयंभू) = स्वयंभू, ब्रह्मा, समुद्र का नाम ।
संसारहेउ (संसारहेतु) संसार बढ़ने का कारण ।
गुरु (गुरु) = गुरु, माता-पिता आदि गुरुजन ।
तरु (तरु) = तरु, वृक्ष ।
बाहु (बाहु) = बाहु, भुजा ।

इकारान्त और उकारान्त (नपुंसकलिङ्ग) शब्द

अक्खि, अच्छि (अक्षि) = आँख ।
अट्ठि (अस्थि) = हड्डी, अस्थि ।
धणु (धनुष्) = धनुष ।
जाणु (जानु) = घुटना ।
वारि (वारि) = वारि, जल, पानी ।
जउ (जतु) = जतु, लाख, लाह ।
वत्थु (वस्तु) = वस्तु, पदार्थ ।
दहि (दधि) = दही ।
महु (मधु) = मधु, शहद ।
खाणु (स्थाणु) = स्थाणु, अचल, ठूँठ (वृक्ष) ।

अकारान्त (पुँल्लिङ्ग) शब्द

वसह (वृषभ) = वृषभ, बैल ।
कोसिअ (कौशिक) = कौशिक गोत्र वाला इन्द्र, चण्डकौशिक सर्प ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहार (आहार) = आहार, भोजन ।
ण्हाविअ, नाविअ (स्नापयितृ) = नापित, नाई ।
मअ (मृग) = मृग, वन्यपशु, हिरण ।
मार (मार) = मार ।
कुमारवर (कुमारवर) = श्रेष्ठ कुमार ।
आहार (आधार) = आधार ।
गरुल (गरुड़) = गरुड़ ।
रण्णवास (अरण्यवास) = अरण्यवास, जंगल में रहना ।
सव्वसंग (सर्वसङ्ग) = सर्व प्रकार का सङ्ग—सम्बन्ध-आसक्ति ।
महासव (महास्रव) = पाप का बड़ा मार्ग ।
महप्पसाय (महाप्रसाद) = सुप्रसन्न, महाकृपालु ।
मास (मास) = मास, महीना ।
पक्ख (पक्ष) = पक्ष—शुक्ल पक्ष, कृष्णपक्ष ।
वेसाह (वैशाख) = वैशाख मास ।
उवासग (उपासक) = उपासक, उपासना करने वाला ।
कोववर (कोपपर) = कोप करने में तत्पर, क्रोधी ।
सोवाग (श्वपाक) = श्वपाक, चण्डाल ।

अकारान्त (नपुंसकलिङ्ग) शब्द

आभरण (आभरण) = आभरण, आभूषण, गहना ।
घर (गृह) = गृह, घर ।
पंजर (पञ्जर) = पञ्जर–हड्डियों का ढाँचा, पिंजरा ।
उदग, उदय (उदक) = उदक, पानी, जल ।
हुअ (हुत) = होम ।
रूव (रूप) = रूव, आकृति ।
कुल (कुल) = कुल ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घय (घृत) = घी ।
तण (तृण) = तृण, घास ।
मित्तत्तण (मित्रत्व) = मित्रता, दोस्ती, भाई-बन्धुता ।

विशेषण

बुद्ध (बुद्ध) = बोध—ज्ञान पाया हुआ, ज्ञानी ।
हुत (हुत) = हवन किया हुआ ।
सेट्ठ (श्रेष्ठ[1]) = श्रेष्ठ, उत्तम ।
संभूअ (संभूत) = हुआ ।
चउत्थ } (चतुर्थ) = चतुर्थ, चौथा ।
चतुत्थ }
तिण्ण (तीर्ण) = तीर्ण, तिरा हुआ ।
सुत्त (सुप्त) = सुप्त, सोया हुआ ।
अप्पणिय (आत्मीय) = अपना ।
पासग (दर्शक) = द्रष्टा, समझदार, विचारक ।
परिसोसिय, परिसोसिअ (परिशोषित) = परिशोषित ।
विइज्ज (द्वितीय) = द्वितीय, दूसरा ।

अव्यय

ताव, ता (तावत्) = तब तक ।
एगया (एकदा) = एकदा, एकबार ।
सया (सदा) = सदा, हमेशा ।

---

१. उपयोग :—जिसमें श्रेष्ठ कहना हो वह शब्द षष्ठी और सप्तमी विभक्ति में आता है 'पाणीसु सेट्ठे माणवे' अथवा 'पाणीण सेट्ठे माणवे' याने प्राणियों में मनुष्य श्रेष्ठ है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाव, जा (यावत्) = जब तक, जो।
एत्थ (अत्र) = यहाँ।
चिरं = (चिरम्) = चिरकाल तक।

धातुएँ

अव + मन्न् (अप + मन्)—अपमान करना।
अ + क्खा (आ + ख्या)—बोलना, कहना।
जाय् (याच्)—याचना करना, माँगना।
प + वय् (प्र + वद्)—कहना।
पूज, पूअ (पूज्)—पूजना, पूजा करना।
चय् (त्यज्)—त्यागना, छोड़ना।
डस् (दश्)—डसना, दंशना, डंक मारना।
रक्ख् (रक्ष)—रक्षा करना, सम्भालना।
वि + राअ } (वि + राज्) = विराजमान होना, शोभायमान होना।
वि + राज् }
उ + ड्डो (उत् + डी)—उड़ना।
नि + मंत् (नि + मन्त्र)—निमन्त्रण देना, बुलाना।
जागर् (जागर्)—जागना।
ताल्, ताड् (ताड्)—ताड़न करना, मारना।
वि + चर् (वि + चर्)—विचरना, घूमना।

वाक्य (हिन्दी)

एकबार साधु ब्राह्मण के घर गये।
भिक्षु उपाधियों को छोड़ते हैं और स्वयंभू का ध्यान करते हैं।
अनार्य तप से परिशोषित मुनि का उपहास करते हैं।
ब्राह्मणों ने भिक्षुओं का अपमान किया।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हे मुनि ! तू संसार से तिरा हुआ है ।
कर्म से उपाधि होती है ।
सभी प्राणियों के प्रति मेरी मित्रता है किसी के साथ वैर नहीं है ।
अमुनि सदा सोते रहते हैं और मुनि हमेशा जागते रहते हैं ।
चंडकौशिक सर्प ने श्रमण महावीर को डसा ।
जो क्रोधदर्शी है वह गर्भदर्शी है और जो गर्भदर्शी है वह दुःखदर्शी है।
हे पण्डितो ! मैं सब प्रकार से लोभ का त्याग करता हूँ ।
महावीर ने चण्डकौशिक सर्प और देवेन्द्र दोनों में मित्रता रखी ।
वायु से वृक्ष काँपे और जल की बूँदें उड़ीं ।
क्या विचारक को उपाधि होती है ?
कौशिक देवेन्द्र ने श्रमण महावीर को पूजा ।
हाथी ने समुद्र का पानी पिया ।
लोभ संसार का हेतु है ।
कोई भी व्यक्ति कुलपति के बैल तथा मृग को नहीं मारता ।
बैल और मृग घास खाते हैं और मुनि घी पीते हैं ।
महावीर के उपासक सेठ ने वैशाख मास में तप किया ।
सभी आभूषण भाररूप हैं ।
कुलपति ने श्रमण महावीर को कहा—'कुमारवर ! यहाँ ऋषियों का मठ है ।'
सौमित्रि राम को प्रणाम करता है ।
मुनि आहार के लिए सभी कुलों में जाते है ।
महावीर ग्रीष्म के दूसरे महीने चौथे पक्ष में बुद्ध बने ।
सुप्रसन्न मुनि क्रोधदर्शी नहीं होते ।
यह भिक्षु सेठ के कुल का था ।
हे भिक्षु ! मेरे घर में दूध नहीं, घी नहीं लेकिन पानी है ।
इस गृहस्थ के दो बालक थे ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने हाथ से पिंजरा फेंक दिया।
किस को आँखें नहीं हैं ?
पक्षी पिंजरे में काँपा और हिला (सरका)।
सेठ ने राजा को और राजा ने गणपति को नमस्कार किया।
तुम पानी पीना चाहते हो ?
मुनियों का पति महावीर राजगृह में बिहार किया।

वाक्य (प्राकृत)

मुणिणो सया जागरंति, अमुणिणो सया सुत्ता संति।
'घयं पिबामि' त्ति साहुस्स णो भवइ[1]।
पक्खीसु वा उत्तमे गुरुले विराजइ।
मच्चू नरं णेइ हु अंतकाले।
गहवइ मुणिणो बुद्धं दिज्ज।
भूवइ, घरवइ य दोवि गुरुं वंदंति।
महरिसी ! तं पूजयामु।
न मुणो रण्णवासेण किंतु णाणेण मुणी होइ।
नमो भूमिवइ कयावि न चडालियं कासी।
भिक्खू धम्मं आइक्खेज्जा।
लोहेण जंतुणो दुक्खाणि जायंति।
सिसुणो किं किं न छिदिरे ?
जहा सयंभू उदहीण सेट्ठे इसीण सेट्ठे तह वद्धमाणे।
एगे भिक्खुणो उदगेण मोक्खं पवयंति।
सउणी पंजरंसि उड्डेइ।
ते उवासगा भिक्खुं निमंतयंति।

---

१. 'भवइ' अर्थात् योग्य होता है।

बहवे गहवइणो भिक्खुं वंदंते ।
अन्ने मुणिणो हुएण मोक्खं उदाहरंति ।
भिक्खू सव्वसंगे महासवे परिजाणीअ ।
भोगिणो संसारे भमोअ, अभोगी चयइ रयं ।
हत्थीसु एरावणमाहु सेट्ठं ।
एगया पाडलिपुत्तस्स नरवइ ण्हाविओ होत्था ।
महप्पसाया इसिणो हवंति ।
न हु मुणी कोववरा हवंति ।
महासवं संसारहेउ वयंति बुद्धा ।
बुद्धो भयं मच्चुं च तरोअ ।
गणवइ हत्थिस्स सिसुं रक्खोअ ।

●

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेरहवाँ पाठ

भविष्यत्कालिक प्रत्यय*

	एकवचन	बहुवचन
प्र०पु०	स्सामि[1] (ष्यामि)	स्सामो[1] (ष्यामः)
	हामि[2]	हामो[2]
	हिमि[3]	हिमो[3]
	स्सं[4]	

---

*. पालि में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

परस्मैपद

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	स्सामि	स्साम
म०पु०	स्ससि	स्सथ
तृ०पु०	स्सति	स्संति
प्र०पु०	हामि	हाम
म०पु०	हिसि	हित्थ
तृ०पु०	हिति	हिन्ति
प्र०पु०	हिस्सामि	हिस्साम
म०पु०	हिस्ससि	हिस्सथ
तृ०पु०	हिस्सति	हिस्सन्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

म०पु०	स्ससि (ष्यसि)	स्सह	(ष्यथ)
	स्ससे (ष्यसे)	स्सथ	
	हिसि	हित्था	
	हिसे	हिह	(ष्यध्वे)

आत्मनेपद

प्र०पु०	स्सं	स्साम्हे
म०पु०	स्ससे	स्सव्हे
तृ०पु०	स्सते	स्सन्ते

प्राकृत भाषा के भविष्यत्काल के 'हिति' वगैरह हकारादि प्रत्यय व्यापक हैं, परन्तु पालिभाषा में ये हकारादि प्रत्यय व्यापक नहीं हैं।

शौरसेनी तथा मागधी में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	स्सं, स्सिमि	स्सिमो, स्सिमु, स्सिम
म०पु०	स्सिसि, स्सिसे	स्सिह, स्सिध, स्सिइत्था
तृ०पु०	स्सिदि, स्सिदे	स्सिंति, स्सिंते, स्सिइरे

इन्हीं प्रत्ययों में 'स' के स्थान में 'श' करने से मागधी के प्रत्यय हो जाते हैं।

शौरसेनी रूप :—

प्र०पु०	भणिस्सं, भणिस्सिमि	भणिस्सिमो, भणिस्सिमु, भणिस्सिम
म०पु०	भणिस्सिसि, भणिस्सिसे	भणिस्सिह, भणिस्सिध, भणिस्सिइत्था
तृ०पु०	भणिस्सिदि, भणिस्सिदे	भणिस्सिंति, भणिस्सिंते, भणिस्सिइरे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तृ०पु०	स्सइ, स्सति (ष्यति); स्सए, स्सते (ष्यते)	स्संति (ष्यन्ति)	स्संते (ष्यन्ते)
	हिइ	हिंति	
	हिति	हिंते	
	हिए	हिइरे	
	हिते		

मागधी रूप :—

प्र०पु० भणिश्शं, भणिश्शिमि,

म०पु० भणिश्शिशि, भणिश्शिशे

तृ०पु० भणिश्शदि, भणिश्शदे इत्यादि रूप मागधी भाषा के परिवर्तन-नियमानुसार होंगे।

पैशाची रूप बनाने के लिए तृतीय पुरुष के एकवचन में केवल 'एय्य' प्रत्यय लगाना चाहिए। जैसे, हुव्–एय्य=हुवेय्य (भविष्यति); बाकी रूप शौरसेनी की तरह या प्राकृत की तरह होंगे। (देखिये—हे० प्रा० व्या० ८।४।३२० ।)

अपभ्रंश में भविष्यत्काल के प्रत्यय :—

	एकव०	बहुव०
प्र०पु०	सउं, स्सिउं, समि, स्सिमि	सहुं, स्सिहुं
		समो, स्सिमो
		समु, स्सिमु
		सम, स्सिम
म०पु०	सहि, स्सिहि	सहु, स्सिहु, सधु, सिधु
	ससि, स्सिसि	सह, स्सिह
	ससे, स्सिसे	सध, स्सिध
		सइत्था, स्सिइत्था

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्वपुरुष-सर्ववचन:—ज्ज, ज्जा[५]

भविष्यत्काल के प्रत्यय लगाने से पूर्व धातु के अंग के अन्तिम 'अ' को 'ए' और 'इ' होते हैं[६]।

भण्+अ = भण + स्सामि = भणेस्सामि, भणिस्सामि इत्यादि।

तृ०पु०	सदि, सदे	सहिं, संति
	स्सिदि, स्सिदे	संते, सइरे
	सइ, सए	स्सिहिं, स्सिंति
	स्सिइ, स्सिए	स्सिंते, स्सिइरे

अपभ्रंश में 'भण' धातु के रूप :—

एकव०

प्र०पु० भणिसउं, भणेसउं
भणिस्सिउं, भणेस्सिउं
भणिसमि, भणेसमि
भणिस्सिमि, भणेस्सिमि

म०पु० भणिसहि, भणेसहि
भणिस्सिहि, भणेस्सिहि
भणिससि, भणेससि, भणिस्सिसि, भणेस्सिसि
भणिससे, भणेससे, भणिस्सिसे, भणेस्सिसे

तृ०पु० भणिसदि, भणेसदि
भणिसदे, भणेसदे
भणिस्सिदि, भणेस्सिदि
भणिस्सिदे, भणेस्सिदे
भणिसइ, भणेसइ, भणिसए, भणेसए
भणिस्सिइ, भणेस्सिए
भणेस्सिइ, भणेस्सिए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

